राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

गौरवशाली भारत

वर्ष : 11
अंक : 249
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 22 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

नई दिल्ली से प्रकाशित

मुख्य अपडेट | पेज 3 रोहिणी कोर्ट ब्लास्ट केस : वैज्ञानिक ने जानबूझकर अदालत में मौजूद और लोगों का जीवन खतरे में डाला, 1040 पेज की चार्जशीट में पुलिस | पेज 5 कानपुर : पुलिस पर हमले में 27 नामजद समेत 150 पर केस दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार | पेज 7 खिलाड़ियों की उपलब्धता बढ़ा सकती है दिल्ली कैपिटल्स के लिए सिर दर्द, हैदराबाद ने पहले झटके में जीता हीरो आईएसएल

चीन विमान हादसे में सभी 132 पैसेंजर्स की मौत

563 किमी/घंटे की रफ्तार से पहाड़ों से टकराकर क्रैश हुआ

बीजिंग। चीन के गुआंग्शी में सोमवार दोपहर बड़ा विमान हादसा हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी 132 लोगों की मौत हो गई। चाइना ईस्टर्न पैसेंजर एयरलाइंस का यह विमान गुआंग्शी की पहाड़ियों में क्रैश हो गया था। इनमें 123 यात्री और 9 क्रू मेम्बर्स सवार थे। जिस पहाड़ी पर यह विमान क्रैश हुआ है, वहां की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इनमें दिखाई दे रहा है कि विमान क्रैश होने के बाद वहां के जंगल में आग लग गई।

लैंडिंग से 43 मिनट पहले टूटा विमान का संपर्क

चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, फ्लाइट रू5735 ने दोपहर सवा एक बजे कुनमिंग चांगशुई एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। ये फ्लाइट 3 बजे गुआंगझोऊ तक पहुंचनी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन दो मिनट से भी कम समय में 30,000 फीट नीचे गिर गया। 563 किमी/घंटे की रफ्तार से पहाड़ों से टकराकर क्रैश हुआ।

उड़ान भरने के 71 मिनट बाद ये प्लेन हादसे का शिकार हो गया। लैंड करने से 43 मिनट पहले विमान का संपर्क क्षष्ट से टूट गया था। यात्रियों को ले जा रहा विमान बोइंग 737 है। बोइंग साढ़े छह साल से एयरलाइंस में ऑपरेट हो रहा था। हादसे के बारे में चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस का बयान नहीं आया है। हालांकि इसकी वेबसाइट को हादसे का शिकार हुए लोगों के प्रति सम्मान में ब्लैक एंड व्हाइट कर दिया गया।

इस मॉडल के विमान पहले भी कई बार हादसे का शिकार हो चुके हैं। हालांकि जो विमान हादसे का शिकार हुआ है वह बोइंग ने 2015 में ही डिलिवर किया था।

पिछले साल दुनिया में हुए 15 बड़े प्लेन हादसे

साल 2021 में दुनिया भर में 15 जानलेवा विमान हादसे हुए। जिसमें कुल 134 मौतें हुईं। सबसे बड़ी दुर्घटना थी श्रीविजय एयर बोइंग 737-500 की, जो इंडोनेशिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 9 जनवरी 2021 को हुए हादसे में बोर्ड पर सवार सभी 61 लोगों की मौत हो गई।

चीन में सबसे बड़ी विमान दुर्घटना 2010 में हुई थी, जिसमें हेनान एयरलाइंस का एम्ब्रेयर ई-190 क्रैश हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार 96 यात्रियों में से 44 मारे गए थे।

भारत में बढ़ाई गई बोइंग के विमानों की निगरानी

चीन में हुए विमान हादसे के बाद भारत में डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने बोइंग विमानों के बेड़े की निगरानी बढ़ा दी है। अक्टूबग 2018 और मार्च 2019 के बीच दो बोइंग के दो विमान हादसे का शिकार हुए थे।

इसमें 346 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद भारत में मार्च 2019 में बोइंग 737 मैक्स विमानों की उड़ान पर बैन लगा दिया गया था। बाद में बोइंग ने विमानों के सॉफ्टवेयर में जरूरी अपडेशन किया। इस पर 27 महीने बाद पिछले साल अगस्त में भारत ने बैन हटा लिया था।

पीएम मोदी ने जताया शोक

भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने चीन में हुए विमान हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने ट्वीट में कहा कि चीन के विमान हादसे की खबर सुनकर धक्का लगा और गहरा दुख पहुंचा है। इस पर भारत में चीन के राजदूत सुन वेइडोंग ने धन्यवाद जताते हुए ट्वीट किया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने खोज और बचाव के लिए आदेश दे दिए हैं।

दाऊद इब्राहिम मनी लॉन्ड्रिंग केस

कोर्ट ने नवाब मलिक की हिरासत 4 अप्रैल तक बढ़ाई

मुंबई। दाऊद इब्राहिम मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट ने महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक की न्यायिक हिरासत 4 अप्रैल तक बढ़ा दी है। हालांकि कोर्ट ने नवाब मलिक को न्यायिक हिरासत के दौरान बिस्तर, गद्दा और कुर्सी मुहैया कराने की इजाजत दी है। दरअसल, मलिक के वकील ने अदालत में दलील दी थी कि उनकी पीठ में दर्द है। लिहाजा उन्हें बेड पर सोने की इजाजत दी जाए। इसके साथ ही मलिक ने घर का खाना खाने की भी इजाजत मांगी है, जिस पर आज सुनवाई नहीं हो पाई।

नवाब मलिक को ईडी ने इस साल 23 फरवरी को धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के तहत भगोड़े अपराधी दाऊद इब्राहिम के सहयोगियों से कथित रूप से जुड़े एक संपत्ति सौदे को लेकर गिरफ्तार किया था। मलिक इस समय न्यायिक हिरासत में हैं और मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं।

मलिक की रिहाई के लिए 2 करोड़ की मांग पर केस दर्ज

वहीं, बीते बुधवार को नवाब मलिक के बेटे ने उनके पिता को जमानत पर छुड़ाने के लिए एक व्यक्ति की ओर से तीन करोड़ रुपये की मांग करने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मंत्री के बेटे आमिर मलिक की शिकायत के बाद वी बी नगर पुलिस ने बुधवार देर रात अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

देश लौटीं 29 ऐतिहासिक कलाकृतियां

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने शिव, शक्ति और विष्णु समेत दूसरी मूर्तियां वापस की



नई दिल्ली। भारत ने एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया से 29 बहुमूल्य मूर्तियां लौटाई हैं। पुरावशेष छह कैटेगरी में हैं - शिव और उनके शिष्य, शक्ति की पूजा, भगवान विष्णु और उनके रूप, जैन परंपरा, चित्र और सजावटी वस्तुएं। ये पुरावशेष अलग-अलग टाइम पीरियड से आते हैं, जो 9वीं-10वीं शताब्दी के हैं।

ये मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार की सामग्री - बलुआ पत्थर, संगमरमर, कांस्य, पीतल, कागज से बनी मूर्तियां और पेंटिंग हैं। भारत में बड़े हिस्से को कवर करते हुए ये प्राचीन वस्तुएं राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल से हैं। ऑस्ट्रेलिया से लौटे इन पुरावशेषों का पीएम मोदी ने निरीक्षण किया।

7 साल में लौटीं 200 मूर्तियां

पिछले महीने मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बताया था कि उनके सत्ता में आने के बाद सात साल में 200 से ज्यादा बहुमूल्य प्रतिमाओं को भारत लाया गया। मूर्तियों को वापस लाना हमारा दायित्व है। फरवरी में भारत इटली से अपनी एक बहुमूल्य लीगेसी को लाने में सफल रहा। ये धरोहर अवलोकितेश्वर पद्मपाणि की हजारों साल पुरानी मूर्तियां हैं। ऐसे ही कुछ वर्ष पहले तमिलनाडु के वेल्लूर से भगवान आंजनेय्यर, हनुमान जी की प्रतिमा चोरी हो गई थी। हनुमान जी की ये मूर्ति भी 600-700 साल पुरानी थी।

कृषि कानूनों पर बड़ा खुलासा : सुप्रीम कोर्ट की कमेटी की रिपोर्ट में दावा

रद्द किए गए कृषि कानून से 86 प्रतिशत किसान संगठन खुश थे

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की तीन कृषि कानूनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट की पैनल ने एक बड़ा दावा किया है। पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि 86 प्रतिशत किसान संगठन सरकार के कृषि कानून से खुश थे। ये किसान संगठन करीब 3 करोड़ किसानों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। 2015-16 कृषि जनगणना के मुताबिक देश में कुल 14.5 करोड़ किसान हैं।

इसके बावजूद इन कानूनों के विरोध में कुछ किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल गुरु नानक देव की जयंती 19 नवंबर को इन कानूनों को रद्द करने का ऐलान किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए जनवरी 2021 में तीनों कृषि कानूनों की जमीनी सच्चाई जानने के लिए एक कमेटी बनाई थी। इस कमेटी में कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी, शेतकारी संगठनों से जुड़े अनिल धनवत और प्रमोद कुमार जोशी को शामिल किया था। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक कमेटी ने मार्च 2021 में अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपी थी। रिपोर्ट में सरकार को कृषि कानून से जुड़े सुझाव भी दिए गए हैं।

कमेटी की रिपोर्ट में और क्या-क्या है?

सुप्रीम कोट की कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है फसल खरीदी और अन्य विवाद सुलझाने के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था की जरूरत है। कमेटी ने सुझाव दिया कि इसके लिए किसान अदालत जैसा निकाय बनाया जा सकता है। कमेटी ने यह भी कहा है कि कृषि के बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए एक बॉडी बनाने की जरूरत है। कमेटी की रिपोर्ट जल्द ही सार्वजनिक होने का अनुमान है।

एमएसपी सहित इन मुद्दों पर बनी थी सहमति

प्रधानमंत्री के कृषि कानून रद्द करने की घोषणा के बाद दिसंबर 2021 में किसान संगठनों और सरकार के बीच अंतिम दौर की बातचीत में कई मुद्दों पर सहमति बनी थी।

इनमें एमएसपी तय करने पर कमेटी बनाने, मृत किसानों को मुआवजा देने और किसानों पर आंदोलन के दौरान लगे मुकदमे हटाने पर सहमति बनी थी।

मणिपुर : 5 कैबिनेट मंत्रियों संग बीरेन सिंह ने ली सीएम पद की शपथ

मेरी सरकार का पहला कदम इसे भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाना होगा

नई दिल्ली। मणिपुर में एक बार फिर एन बीरेन सिंह मुख्यमंत्री बन गए हैं। एन बीरेन सिंह ने सोमवार को इंफाल में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बीरेन सिंह के साथ ही पांच कैबिनेट मंत्रियों ने भी शपथ ली है। इनमें नेमचा किपजेन, वाई. खेमचंद सिंह, बिस्वजीत सिंह, अवंगबौ न्यूमाई और गोविंदास कोंथौजम शामिल हैं। बीरेन सिंह ने जेपी नड्डा और अन्य भाजपा नेताओं की उपस्थिति में दूसरी बार मणिपुर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। एक दिन पहले ही एन बीरेन सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया था। शपथ लेने के बाद बीरेन सिंह ने कहा कि मेरी सरकार का पहला कदम इसे भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाना होगा। उन्होंने कहा कि मैं राज्य से भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए दिन-रात काम करूंगा। अगला कदम यह होगा कि राज्य से किसी भी तरह के मादक पदार्थ संबंधी मामले को खत्म किया जाए। तीसरा मैं यह देखने की कोशिश करूंगा कि राज्य में सक्रिय सभी विद्रोहियों को बातचीत की मेज पर लाया जाए और संवाद हों। ये तीनों मेरे प्राथमिक कर्तव्य होंगे। इससे पहले रविवार को मणिपुर के राज्यपाल एल गणेशन ने भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता और कार्यवाहक मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को अगली सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया था। केंद्रीय मंत्रियों निर्मला सीतारमण और किरेन रिजिजू ने पार्टी की ओर से राज्यपाल को एक पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया कि एन बीरेन सिंह को सर्वसम्मति से 32 विधायकों के साथ भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है।

मणिपुर में भाजपा ने की है वापसी

मणिपुर में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 60 सदस्यीय सदन में 32 सीट जीतकर सत्ता में वापसी की है। भाजपा ने 2017 के चुनाव में केवल 21 सीट हासिल की थी, लेकिन वह कांग्रेस के विधायकों को अपने पाले में करने में सफल रही, जिससे पार्टी के सदस्यों की संख्या 28 हो गई और बीरेन सिंह ने मणिपुर में पहली बार भाजपा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

खिलाड़ी से पत्रकार और फिर राजनेता

अगर एन बीरेन सिंह के करियर पर नजर डालें तो उन्होंने फुटबॉल खिलाड़ी के तौर पर अपना सफर शुरू किया और फिर सीमा सुरक्षा बल में उन्हें नौकरी मिल गई। इसके बाद उन्होंने पत्रकारिता की दुनिया में कदम रखा और स्थानीय भाषा के अखबार के संपादक बने। इसके बाद वे राजनीति के मैदान में कूद गए और पहली बार 2002 में डेमोक्रेटिक रेवोल्यूशनरी पीपुल्स पार्टी के टिकट पर विधानसभा के सदस्य बने।

सिंह ने 2002 में पहला चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस का दामन थाम लिया और 2003 में राज्य की तत्कालीन ओकराम इबोबी सिंह सरकार में सतर्कता राज्य मंत्री बने और वन तथा पर्यावरण मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार संभाला।

कोरोना की नई लहर का बढ़ा खतरा : देश में हर वयस्क को लगेगा कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज

नई दिल्ली। दुनिया के कई देशों में इन दिनों कोरोना के नए मामले बढ़ रहे हैं। इस पर केंद्र सरकार की भी नजर है। सरकार हर स्तर पर इससे निपटने की तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में देश के सभी वयस्कों को कोरोना का बूस्टर डोज लगाने की भी योजना बनाई जा रही है। हालांकि अब तक इस पर फैसला नहीं हो सका है कि यह बूस्टर डोज पहली दो खुराकों की तरह ही फ्री होगा या फिर इसका चार्ज वसूल किया जाएगा।

फिलहाल देश में 60 साल से अधिक आयु के सभी लोगों, फ्रंटलाइन वर्कर्स को ही बूस्टर डोज दिया जा रहा है। इसके अलावा 12 साल से अधिक आयु के बच्चों को भी कोरोना वैक्सीन लगाई जाने लगी है। कई राज्यों में स्कूल खोले जा रहे हैं। ऐसे में बच्चों का वैक्सीनेशन भी जरूरी हो चुका था। हालांकि देश में फिलहाल कोरोना के केसों में तेजी से कमी देखने को मिल रही है। सोमवार को एक दिन में कुल 1,549 ही नए केस मिले हैं। इसके अलावा कुल ऐक्टिव केसों की संख्या भी 25 हजार के करीब ही रह गई है। माना जा रहा है कि अब आने वाली लहर पहले के मुकाबले कमजोर ही होगी। इसकी एक वजह बड़े पैमाने पर लोगों का टीकाकरण होना है।

हालांकि चीन, दक्षिण कोरिया और यूरोप के कई देशों में कोरोना लगातार बढ़ रहा है।

देश में वैक्सीनेशन का मौजूदा हाल

देश में 20 मार्च तक 181 करोड़ कोरोना वैक्सीन लग चुकी है। 16 मार्च से 12-14 साल के बच्चों का वैक्सीनेशन शुरू हुआ है। भारत में वैक्सीनेशन की शुरुआत 16 जनवरी 2021 से हुई थी। भारत में महामारी के दौरान अब तक 4 करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। जबकि 5 लाख से ज्यादा मौतें हुई हैं।

सिक्किम के मुख्यमंत्री की अयोग्यता अवधि विवाद

चुनाव आयोग के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की अयोग्यता अवधि कम करने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को नोटिस जारी किया।

मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के उपाध्यक्ष जे. बी. डरनाल द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद नोटिस जारी किया।

याचिका में श्री तमांग के मुख्यमंत्री की नियुक्ति और उनकी अयोग्यता की अवधि को छह साल से घटाकर एक साल करने के फैसले को चुनौती दी गई है।

याचिकाकर्ता जे. बी. डरनाल चुनाव आयोग के 29 सितंबर 2019 के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में सवाल उठाए गए हैं कि क्या न्यायिक आदेश ऊपर चुनाव आयोग कोई फैसला दे सकता है?

याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग के इस फैसले को कानून की अनदेखी तथा अपने अधिकार का दुरुपयोग बताते हुए इसे रद्द करने का आदेश देने की गुहार उच्चतम न्यायालय से लगाई है।

पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस याचिका से कुछ कानूनी सवाल जुड़े हुए हैं। इस मामले में वह छह सप्ताह बाद अगली सुनवाई करेगी।

न्यायमूर्ति रमना ने कहा, हम नोटिस केवल इसलिए जारी कर रहे हैं, क्योंकि इसमें कानून का सवाल शामिल है।

शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता से भी यह स्पष्टीकरण देने को कहा है कि आखिर वह एक ही मुद्दे पर अलग-अलग जगहों पर क्यों याचिकाएं दायर की हैं।

कोविड-19 | देशभर में अब तक कोविड-19 महामारी के कारण 5.16 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है

कोविड मौत के नाम पर फर्जीवाड़ा, तय समय पर पूरी हो जांच

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह कोरोना वायरस (कोविड-19) पीड़ित परिवारों को मुआवजे की राशि देने में कथित फर्जीवाड़े की जांच का निर्देश देने की केंद्र को अनुमति दे सकता है। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने जांच का संकेत देने के साथ ही कहा कि मुआवजा दावा करने के संबंध में केंद्र सरकार का चार सप्ताह का समय तय करने का सुझाव 'बहुत कम' था। इस सुझाव पर शीर्ष अदालत ने गौर किया और दावा दायर करने के लिए समय बढ़ाने के अनुमति का संकेत दिया। पीठ ने कहा कि जिनकी पहले ही मृत्यु हो चुकी है, उनसे संबंधित दावे दायर करने के लिए वह 60 दिनों की अनुमति दे सकती है।

शीर्ष अदालत ने मुआवजे की राशि के दावे के लिये मौत के फर्जी या जाली मेडिकल प्रमाण पत्र के कथित रूप से फल फूल-धंधे के मामले की जांच के लिए केंद्र को अनुमति देने की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और कहा कि वह बुधवार तक आदेश पारित करेगी।

केंद्र सरकार ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के नमूनों की जांच करने की अनुमति देने की गुहार लगाई थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अपने (केंद्र सरकार के) निवेदन में कहा कि वह आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और केरल राज्यों में किए गए दावों की जांच करना चाहता है। पीठ ने कहा, दावों की जांच होनी चाहिए। जांच के लिए कुछ वैधानिक शक्ति होनी चाहिए। जैसा कि अधिवक्ता ने कहा था कि आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 52 के तहत जांच की जा सकती है।

सर्वोच्च अदालत अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर पारित आदेश के अमल के मामले में पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा राशि के वितरण के लिए 30 जून 2021 के अपने फैसले के अनुपालन की जांच कर रही है। देशभर में अब तक कोविड-19 महामारी के कारण 5.16 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

शार्ट न्यूज

हिजाब विवाद में परीक्षा का बहिष्कार करने वाले छात्रों के लिए नहीं होगी दोबारा परीक्षा

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने कहा है कि जो छात्र हिजाब के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए प्री यूनिवर्सिटी के प्रायोगिक परीक्षा में शामिल नहीं हुए थे, अब उनके लिए दोबारा परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। इससे पहले सरकार ने संकेत दिया था कि वे छात्र पुनः परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि रविवार को यह साफ हो गया कि जो छात्र परीक्षा में अनुपस्थित थे उनके लिए दोबारा परीक्षा आयोजित नहीं होगी। शिक्षा मंत्री बी सी नागेश ने कहा कि सरकार उन छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित नहीं कर सकती है, जो पुनः परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षा में अनुपस्थित हुए थे। उन्होंने कहा, अगर इसे स्वीकार कर लिया जाता है तो आगे से अन्य छात्र भी किसी अन्य चीजों का हवाला देकर दोबारा परीक्षा में शामिल होने के लिए मांग करेंगे राज्य में प्रायोगिक परीक्षा बोर्ड परीक्षा में 100 में से 30 अंक की होती है। उल्लेखनीय है कि राज्य में फरवरी माह में हिजाब का मुद्दा काफी गरमा गया था, जब कुछ मुस्लिम छात्राओं ने क्लासरूम में पढ़ने के दौरान हिजाब पहनने पर जोर दिया था।

पुडुचेरी में नैक टीम विधि महाविद्यालय का करेगी निरीक्षण

पुडुचेरी। केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की तीन सदस्यीय टीम सोमवार को डॉ. अंबेडकर राजकीय विधि महाविद्यालय में दो दिवसीय निरीक्षण करेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय न्यायिक विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति निर्मणि कांति चक्रवर्ती की अध्यक्षता में सहकर्मी टीम, भौतिक बुनियादी ढांचे का आकलन करेगी। जो जो रविवार रात यहां पहुंची थी। नैक को एक रिपोर्ट जमा करने से पहले उनके प्रवास के दौरान शिक्षकों और छात्रों के साथ बातचीत करेगी। टीम के अन्य सदस्यों में तमिलनाडु राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के एबेनेजर जोसेफ और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मोहम्मद तारिक भी शामिल हैं। महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग और मानव संसाधन विकास मंत्रालय जैसे राष्ट्रीय निकायों से धन प्राप्त करने से वंचित था लेकिन अब मान्यता मिलने से धन के साथ-साथ शैक्षणिक परियोजनाएं को भी मदद मिलेगी। हाल ही में एक कार्यक्रम के लिए वित्त पोषण के लिए एक आवेदन एनएचआरसी द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था। इसलिए हमने पहली बार नैक मान्यता के लिए आवेदन करना उचित समझा। यह संस्थान के लिए एक उपहार होगा जोकि अपना स्वर्ण जयंती समारोह मना रहा है। सूत्रों ने कहा मान्यता से हमें अधिक प्रतिभाओं को आकर्षित करने में मदद मिलेगी, साथ ही शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए अधिक अनुदान और परियोजनाएं प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

नवीन के अंतिम संस्कार में हजारों लोग हुए शामिल

चलागेरी। कर्नाटक के मेडिकल विद्यार्थी नवीन शेखारप्पा ज्ञानगौदर का सोमवार को वीरशैव लिंगायत परंपरा से अंतिम संस्कार किया गया जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। नवीन की यूक्रेन में एक मार्च को गोलीबारी में मौत हो गयी थी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शोकाकुल परिजनों से मिलने के लिए बेंगलुरु हवाई अड्डे से उड़ान भरी। श्री बोम्मई तथा अन्य लोगों ने पीड़ित नवीन के माता-पिता को सांत्वना दी। नवीन का शव आज चलागेरी पहुंचा तथा वीरशैव लिंगायत परंपरा के अनुसार उसका अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री ने आज को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों की वजह से यूक्रेन से नवीन का पार्थिव शरीर स्वदेश लाना संभव हो पाया है। नवीन का पार्थिव शरीर विशेष उड़ान के जरिए लाया गया। श्री बोम्मई ने कहा कि हालांकि इस तरह नवीन का वापस आना बहुत दुखद है। दुर्भाग्यवश नवीन की यूक्रेन में हो रही गोलीबारी में मौत हो गई थी। गौरतलब है कि नवीन खारकीव के राष्ट्रीय चिकित्सा विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। वह खारकीव मेट्रो रेलवे स्टेशन के बाहर किराना का समान खरीदने गया था जहां उसकी हत्या कर दी गयी। उल्लेखनीय है कि उसकी हत्या के एक घंटा पहले उसने माता पिता से फोन पर बात की थी जिसमें उसने भारत लौटने के लिए इंतजार करने को कहा था। उसके बाद अगले एक घंटे में यह त्रासदी हो गयी। सरकार ने नवीन के परिवार को 25 लाख रुपए का चेक दिया तथा उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का वादा भी किया।

यूक्रेन से लौटे मेडिकल विद्यार्थियों की शिक्षा पर केंद्र गंभीर : बोम्मई

दावणगेरे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन से लौटने वाले मेडिकल छात्रों की शिक्षा को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है। बोम्मई यूक्रेन में हुई गोलीबारी में मारे गए कर्नाटक के छात्र नवीन के अंतिम संस्कार में शामिल होने जाते समय मीडियाकर्मी से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार महंगी चिकित्सा शिक्षा को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन से वापस लौटने वाले मेडिकल छात्रों की शिक्षा अधूरी है और केंद्र गंभीरता से वैकल्पिक उपायों पर विचार कर रही है। यूक्रेन में पाठ्यक्रम अलग है और सरकार इसको लेकर गंभीर है।

उत्तराखण्ड विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली पद गोपनीयता की शपथ

देहरादून। उत्तराखंड की पांचवी विधानसभा के नवनिर्वाचित 70 सदस्यों में से 69 सदस्यों ने सोमवार को प्रोटेम स्पीकर बंशीधर भगत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इससे पूर्व, राज्यपाल ने वरिष्ठ विधायक वंशीधर भगत को प्रोटेम स्पीकर पद की शपथ दिलाई। आज पूर्वाह्न 11 बजे कुल 70 सदस्यों वाली विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर और सातवीं बार विधायक बने बंशीधर भगत ने शपथ ग्रहण किया। कांग्रेस के टिकट पर विजयी तिलकराज बेहड़ के उपस्थित न होने के कारण कुल 69 सदस्यों ने शपथ ली। विधानसभा भवन में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले महिला विधायकों ने शपथ ली। पंचम विधानसभा के नव निर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान, छह विधायकों द्वारा संस्कृत भाषा में शपथ ली गई। जिनमें ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद अग्रवाल, चौबट्टाखाल से विधायक सतपाल महाराज, कोटद्वार विधायक ऋतु खंडूरी भूषण, रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल एवं थराली विधानसभा क्षेत्र से विधायक भोपाल राम टम्टा ने संस्कृत में शपथ ली। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होकर पार्टी टिकट पर टिहरी से विधायक चुने गये किशोर उपाध्याय ने पहले गढ़वाली और फिर हिन्दी भाषा में शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद, प्रोटेम स्पीकर बंशीधर भगत ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सभी निर्वाचित विधायकों द्वारा सदन में सद्भावना के साथ शपथ ली गई है। उन्होंने सभी विधायकों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समाज एवं प्रदेश हित में कार्य करने की बात कही।

सरकार ने नहीं दिया जवाब, मिली मोहलत

नैनीताल। फर्जी दस्तावेजों के आरोपी चार चीनी नागरिकों की वतन वापसी के मामले में उत्तराखंड सरकार अभी भी रोड़ा बनी हुई है। राज्य सरकार की ओर से इस मामले में अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। मामले की सुनवाई को न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। अदालत की ओर से इस मामले में सरकार को अंतिम मोहलत देते हुए सरकार को स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था लेकिन सोमवार को भी सरकार की ओर से अदालत में कोई पेश नहीं हुआ। जिससे इस मामले में सुनवाई नहीं हो पायी। इसके बाद अदालत ने सरकार को जवाब देने के लिए एक और मौका देते हुए मंगलवार तक का समय दे दिया है। मामले की अनुसार 2018 में चीन से भारत घूमने आये चार चीनी नागरिक वांग गुवांग केन, शू जेन, निहपेंग और लियो जिनकांग को मुम्बई पुलिस की ओर से सोने की तस्करी के आरोप में बंदी बनाया गया था। बाद में महाराष्ट्र उच्च न्यायालय ने चारों को राहत देते हुए जमानत पर रिहा कर दिया। वर्ष 2019 में भारत-नेपाल सीमा में प्रवेश करने से पहले ही बनबसा में पुलिस ने चारों को फर्जी दस्तावेज के आरोप में पकड़ लिया। आरोप है कि इनके पास फर्जी मतदाता पहचान पत्र पाया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 120बी व 467 में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया।

प्रमोद सावंत ही होंगे गोवा के अगले मुख्यमंत्री, विधायक दल के नेता चुने गए

पणजी। उत्तराखंड के बाद अब गोवा में भी भाजपा ने अपने पिछले सीएम को ही बरकरार रखा है। सोमवार को हुई गोवा भाजपा विधायक दल की बैठक में प्रमोद सावंत को विधायक दल का नेता चुना गया। इससे पहले भाजपा ने उत्तराखंड में भी पिछले सीएम पुष्कर सिंह धामी को ही अपना विधायक दल का नेता चुना।

केंद्रीय मंत्री और गोवा के लिए भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक नरेंद्र सिंह तोमर ने सावंत के नाम की घोषणा करते हुए कहा, विश्वजीत राणे ने विधायक दल के नेता के रूप में प्रमोद सावंत के नाम का प्रस्ताव रखा। सभी ने सर्वसम्मति से सावंत को नेता चुना। वह अगले 5 वर्षों के लिए विधायक दल के नेता होंगे।

गोवा के मनोनीत सीएम प्रमोद सावंत ने कहा, मैं पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे अगले 5 वर्षों तक गोवा के सीएम के

रूप में काम करने का मौका दिया। मुझे खुशी है कि गोवा के लोगों ने मुझे स्वीकार किया है। मैं राज्य के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

गोवा का नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार शाम को पणजी में हुई थी जिसमें प्रमोद सावंत के नाम पर मुहर लगी। हाल ही में हुए गोवा विधानसभा चुनावों में भाजपा के 20 सीटें जीतकर सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में उभरने के 11 दिन बाद सीएम के नाम पर फैसला लिया है।

भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक नरेंद्र सिंह तोमर और एल मुरुगन भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव की प्रक्रिया की निगरानी के लिए आज दोपहर यहां पहुंचे थे। भाजपा ने राज्य विधानसभा चुनाव में 20 सीटें जीती हैं जो बहुमत के लिए जरूरी संख्या से केवल एक सीट कम है।

भाजपा ने एमजीपी के दो विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन हासिल कर लिया है।

इससे भाजपा नयी विधानसभा में संख्या के लिहाज से आरामदायक स्थिति में है।

पंजाब की आप सरकार में 64 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले, 11 में 9 करोड़पति

लुधियाना। राजनीति में बदलाव लाने की बात करने वाली आम आदमी पार्टी ने जिन 11 लोगों को पंजाब में मंत्री बनाया है उनमें से 7 पर आपराधिक मामले चल रहे है। यही नहीं, इनमें से चार मंत्री ऐसे हैं जिनपर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. इसके अलावा 11 में से 9 विधायक करोड़पति भी हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्मस ने मान सरकार में बनाए गए सभी मंत्रियों का हलफनामा निकाला है। हलफनामे के मुताबिक 11 में से 7 मंत्रियो ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामें में बताया है कि उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं चार ऐसे मंत्री हैं जिन्होंने हलफनामे में गंभीर आपराधिक आरोप

की बात स्वीकार की है. इन मंत्रियों में सीएम भगवंत मान भी शामिल हैं।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक पंजाब की आप सरकार में बनाए गए मंत्रियों में से 64 प्रतिशत मंत्रियों पर आपराधिक मामले चल रही हैं। वहीं 36 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा 11 में से 9 विधायक करोड़पति हैं जिनकी औसतन संपत्ति 2.87 करोड़ रुपये है। मान सरकार में सबसे अमीर मंत्री ब्रम्ह शंकर हैं. होशियारपुर के जिंपा सीट से जीतकर आए ब्रम्ह शंकर के पास 8.56 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वहीं भोआ सीट से जीतने वाले लाल चंद्र के पास सबसे कम 6.19 रुपये की संपत्ति है. ज्यादातर विधायकों ने अपने हलफनामें में देनदारियां दिखाई हैं.सबसे ज्यादा 1.08 करोड़ की देनदारी ब्रम्ह शंकर की है।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक भगवंत मान सरकार में 45 फीसदी मंत्री 10वीं या 12वीं पास हैं और बाकी सारे मंत्री ग्रेजुएट या उससे ज्यादा पढ़े लिखे हैं। भगवंत मान सरकार में जिन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया है उनमें शामिल हैं हरपाल सिंह चीमा, हरभजन सिंह, डॉ. विजय सिंघला, लाल चंद्र, गुरमीत सिंह मीत हयेर, कुलदीप सिंह धालीवाल, ललित सिंह भुल्लर, ब्रम्ह शंकर जिंपा, हरजोत सिंह बैंस और डॉ. बलजीत कौर।

हरियाणा को मिलेगा जल्द खेल विश्वविद्यालय : संदीप

चण्डीगढ़। हरियाणा के खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा है कि प्रदेश को जल्द ही खेल विश्वविद्यालय मिलेगा। उन्होंने आज विधानसभा में एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस खेल विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विधेयक इसी बजट सत्र के दौरान पारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस विधेयक में संशोधन कर खेल संस्थानों (महाविद्यालय/ संस्था) को मान्यता देने का भी प्रावधान किया गया है। कोई भी खेल संस्थान (महाविद्यालय / संस्था) जो पुनर्वासन तथा भौतिक चिकित्सा, शारीरिक विद्या एवं खेल विज्ञान, खेलकूद प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में कलात्मक शैक्षणिक प्रशिक्षण और अनुसंधान, खेल चिकित्सा व

प्रौद्योगिकी, खेलकूद अवसंरचना अभियान्त्रिकी, गाइनकोलोजी, नैदानिक जैव यान्त्रिकी, खेलकूद मनोविज्ञान, खेलकूद पोषण, खेलकूद पत्रकारिता, खेलकूद मार्किटिंग तथा खेल कोचिंग भी शामिल हैं, के क्षेत्र में पाठयक्रम चला रहे हैं, वे इस विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त कर सकेंगे।

हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में होगी विशेष गिरदावरी : चौटाला

चंडीगढ़। हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि पूरे प्रदेश के सभी 22 जिलों में स्पेशल गिरदावरी करवाई जाएगी।

चौटाला ने सोमवार को कहा कि जिन विधायकों को यह लगता है कि उनके क्षेत्र के गांवों में पिछले दिनों हुई बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है और पटवारी द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट से वे संतुष्ट नहीं हैं तो वे अपने लेटर-हेड पर उन गांवों का नाम लिख कर एक प्रति जिला उपायुक्त को तथा दूसरी प्रति उनको दे दें तो जांच करवा दी जाएगी।

श्री चौटाला विधानसभा में कुछ सदस्यों द्वारा स्पेशल गिरदावरी करवाये जाने के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि एक फरवरी से एक मार्च तक करवाई गई जनरल गिरदावरी की प्राथमिक रिपोर्ट आई है, स्पेशल गिरदावरी करवाने के आदेश दिए जा चुके हैं। दोनों की फाइनल रिपोर्ट आगामी विधानसभा सत्र से पहले ही बना दी जाएगी और तत्पश्चात प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसल का बीमा करवा रखा था और उनकी पैदावार कम हुई है तो ऐसे किसानों को भी प्रतिपूति की जाएगी।

पुष्कर सिंह धामी फिर होंगे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष मदन कौशिक ने सोमवार शाम विधानमंडल दल के नवनिर्वाचित नेता पुष्कर सिंह धामी के साथ राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से भेंट कर उन्हें अवगत कराया कि श्री धामी को विधानमंडल दल का नया नेता चुना गया है।

कौशिक ने श्री धामी के नेतृत्व में नई सरकार मंत्रिमंडल के गठन का अनुरोध पत्र राज्यपाल को सौंपा।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, श्री अजय भट्ट, सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, अस्थायी अध्यक्ष बंशीधर भगत, नवनिर्वाचित विधायक

सतपाल महाराज, श्री प्रेमचंद अग्रवाल, श्रीमती रेखा आर्य, श्री अरविंद पांडे और अन्य नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित थे 7

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अनुरोध पत्र को स्वीकारते हुए राज्यपाल ने मनोनीत मुख्यमंत्री श्री धामी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने की सहमति दी।

गौरतलब है कि श्री धामी को आज प्रदेश भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। विधानसभा चुनाव में अपनी सीट से पराजित होने के बावजूद विधायक दल ने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें फिर राज्य की बागडोर सौंपने का फैसला किया है। श्री धामी खटीमा विधानसभा सीट से कांग्रेस नेता भुवन कापड़ी से पराजित हो गये थे।

इससे पहले रक्षा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि श्री धामी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है। श्री सिंह को विधायक दल के नेता की चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक बनाकर उत्तराखंड भेजा गया था।

इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह ने श्री धामी, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, राज्य पार्टी प्रमुख मदन कौशिक सहित और अन्य पार्टी नेताओं के साथ बैठक की।

कई विधायकों ने श्री धामी से फिर से चुनाव लड़ने का आग्रह किया है और अपनी सीटों से इस्तीफा देने की भी पेशकश की है।

भाजपा ने उत्तराखंड की 70 सीटों में से 47 सीटों पर विजय हासिल की है और करीब 44 फीसदी वोट शेयर हासिल किया था। कांग्रेस के पक्ष में 37 फीसदी वोट पड़े और पार्टी 19 सीटों पर विजयी हुई।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 11 सीटें जीती थीं और उसे लगभग 33 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि भाजपा का वोट शेयर लगभग 46 प्रतिशत था।

हिमाचल में दो ही पार्टियों में मुकाबला, तीसरी की कोई पहचान नहीं: जयराम ठाकुर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में हमेशा ही दो पार्टियों के बीच ही मुकाबला होता रहा है और कोई तीसरी पार्टी अभी यहां अपनी पहचान नहीं बना सकी है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) प्रयास कर रही है और वह मंडी आ रही है, इसमें कोई हर्ज नहीं है। मंडी में आप के रोड शो को लेकर श्री ठाकुर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल मंडी आना चाहते हैं, तो वह आ सकते हैं। उन्हें भी मन की पूरी करने का पूरा हक है।

उन्होंने कहा कि चार प्रदेशों में भाजपा की दोबारा वापसी ने यह साबित किया है कि कहने वाले कहते रहें, लेकिन

लोगों ने भाजपा को जीत दिलाकर सभी को जवाब दे दिया है। श्री केजरीवाल मंडी आना चाहते हैं तो वह आ सकते हैं। उन्हें भी मन की पूरी करने का पूरा हक है।

श्री ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी ऐसा ही होगा और भाजपा की ही सरकार बनेगी।

भाजपा अपना मिशन रिपीट करेगी और हिमाचल प्रदेश में भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। आप का भी हिमाचल में कोई अस्तित्व नहीं है। पंजाब में हालांकि जीत के बाद आप ने हिमाचल प्रदेश में संगठन को बढ़ाने का काम शुरू किया है और दावा किया जा रहा है कि 25 हजार नये कार्यकर्ता बनाये जा चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि पंजाब में बड़े मार्जिन के साथ जीत दर्ज करने वाली आप ने अब हिमाचल प्रदेश में झाड़ू चलाने की पूरी तैयारी शुरू कर दी है। श्री केजरीवाल का मंडी रोड शो लोगों में कितना असर करता है, यह देखने वाली बात होगी। मंडी में इस रोड शो का आयोजन अप्रैल में किया जाएगा। इस रोड शो में श्री केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल होंगे।

जल जीवन मिशन परियोजना के कार्यों में तेजी लाई जाएगी : जोशी

जयपुर। राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने आज विधानसभा में आश्वस्त करते हुए कहा कि अभी वर्तमान कलस्टर पैकेज इंदिरा गांधी नहर आधारित बाड़मेर लिफ्ट कैनाल परियोजना-भाग अ, ब और स का काम चल रहा है और इसके पूरा होने पर जल की उपलब्धता के आधार पर जल जीवन मिशन के कनेक्शन दे दिए जाएंगे और परियोजना के कार्यों में तेजी लाई जाएगी।

डॉ. जोशी ने प्रश्नकाल में विधायकों के पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र के गांवों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत पेयजल मोहनगढ़ लिफ्ट परियोजना से उपलब्ध कराया जा रहा है।

इससे पहले डॉ. जोशी ने विधायक मेवाराम जैन के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि जल जीवन मिशन के तहत घर-घर क्रियाशील जल संबंधों द्वारा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र में कुल सम्मिलित 296 आबाद राजस्व ग्रामों में से 286 ग्राम 3 वृहद् पेयजल परियोजनाओं एवं 10 ग्राम इन परियोजनाओं के अतिरिक्त अन्य जल योजनाओं में सम्मिलित किये गये हैं।

उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना आधारित बाड़मेर लिफ्ट कैनाल परियोजना-भाग अ में उक्त विधान सभा क्षेत्र के 46 ग्राम सम्मिलित किये जाकर, कुल 183 ग्रामों की परियोजना के लिए राशि रूपये 212.83 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति 27 अगस्त 2021 को जारी की गई तथा कार्यादेश उपरान्त परियोजना का कार्य प्रगति पर है। कार्यादेश अनुसार परियोजना चार दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करनी प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी नहर आधारित बाड़मेर लिफ्ट कैनाल परियोजना भाग ब में उक्त विधान सभा क्षेत्र के 84 ग्राम सम्मिलित किये जाकर, कुल 98 ग्रामों की परियोजना हेतु राशि रूपये 155.17 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति 27 अगस्त 2021 को जारी की गई।

राजस्थान में रोडवेज भी चलाएगा स्लीपर बसें

झुंझुनू। राजस्थान में रोडवेज बसों को घाटे से उभारने एवं यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए अब रोडवेज भी निजी बसों की तर्ज पर लंबी दूरी पर स्लीपर बसों का संचालन करेगा। प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री बृजेंद्र ओला ने आज यहां एक कार्यक्रम बताया कि रोडवेज द्वारा ट्रायल के तौर पर आठ बसें चलाई गई हैं। यात्री भार बढ़ने पर इसे लंबे रूटों पर बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर से अहमदाबाद, सूरत, उदयपुर, कोटा, झालावाड़ जैसे लंबे रूट लिए गए हैं। दूसरे चरण में शेखावाटी के झुंझुनू से सीकर होकर अहमदाबाद, सूरत, बांसवाड़ा, झालावाड़, उदयपुर समेत लंबे रुटों पर चलाने की योजना है। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो प्रदेश के सभी लंबे रूटों पर इसे आगे बढाया जाएगा। इनमें किराया भी निजी स्लीपर बसों से कम रखा गया है। रोडवेज की बसों के अंदर स्पेस भी अधिक है। शिघ्र ही 50 सीएनजी तथा 50 इलेक्ट्रिक बसों को रोडवेज के बेड़े में शामिल किया जाएगा।

नयी सरकार लोगों की आशाओं पर खरा उतरने के लिये काम करेगी : पुरोहित

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने कहा है कि प्रदेश के लोगों ने बदलाव के लिये ऐतिहासिक जनादेश दिया और नयी सरकार लोगों की आशाओं-अपेक्षाओं पर खरा उतरने और अग्रणी पंजाब बनाने के लिये पूरी क्षमता और निष्ठा से काम करेगी।

श्री पुरोहित ने सोमवार अपराह्न विधानसभा में अपने अभिभाषण में कहा कि लोकतंत्र में जनता राजा होती है तथा हमारी सरकार इसी सिद्धांत का पालन कर शहीद भगत सिंह तथा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने के लिये पूरी निष्ठा से काम करेगी। नयी सरकार ने गंभीर आर्थिक संकट के समय में कामकाज संभाला, ऐसे में सरकार के सामने चुनौती है। सरकार पिछली सरकारों के दृष्टिकोण में रहीं गंभीर विकृतियों को देखते हुये तुरंत प्रक्रिया शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में आय-व्यय के बीच बेमेल होने से राजकोषीय घाटे के बने रहने से कर्ज ज्यों का त्यों खड़ा है जो अब साढ़े तीन लाख करोड़ तक पहुंच गया।

उन्होंने कहा कि बढ़ता कर्ज का बोझ चिंता का विषय होने के बावजूद सरकार इस हालात को सुधारने का प्रयास करेगी। प्रदेश को प्रगति, समृद्धि और शांति के रास्ते पर ले जाने के लिये सरकार प्रतिबद्ध है और ऐसे हालात में सभी के सहयोग तथा मदद की अपेक्षा करती है। अतीत की कड़वाहट को दफना कर ही राज्य का विकास संभव है। अपने नागरिकों के सहयोग से सरकार नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करेगी ताकि पंजाब का अतीत का गौरव वापस लौटाया जा सके।

राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार कानून-व्यवस्था को दुरुस्त बनाते हुये कानून का राज स्थापित करेगी। राज्य में गैंगस्टरों की ओर से बेअदबी मामले, बम विस्फोट, धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी के सभी मामलों की गहराई से जांच कराकर उनके मास्टरमाइंड सहित सभी दोषियों पर कार्रवाई करवायेगी।

सीमावर्ती राज्य होने के बारे में उन्होंने कहा कि सीमाओं की सुरक्षा में



कोई कसर नहीं रखी जायेगी ताकि कोई आतंकवादी राज्य में प्रवेश न कर सके। सीमापार से नशा और हथियारों की तस्करी के लिये इस्तेमाल किये जा रहे ड्रोन सहित किसी खतरे को टालने और रोकने के लिये पुलिस बल को आधुनिक हथियारों से लैस करेगी।

श्री पुरोहित ने आप की सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार पर लगाम कसने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुये कहा कि पुलिस अधिकारियों की भर्ती निष्पक्षता से होगी और तैनाती योग्यता तथा ईमानदारी के आधार पर सुनिश्चित की जायेगी। युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिये सरकार ने प्रयास शुरू कर दिये हैं ताकि वे विदेश न जाएं। नशे की लत और रोजगार की कमी ने युवाओं को निराश किया है। कांग्रेस ने 2017 के चुनाव में घर घर रोजगार देने का वादा तो किया लेकिन पांच साल किया कुछ नहीं। इसलिये ब्रेन ड्रेन भी हुआ और नौजवान विदेश जाने को मजबूर हुये।

उनके अनुसार अब हमारी सरकार व्यापार तथा कारोबार को बढ़ावा देने के लिये अनुकूल माहौल तैयार करेगी। इसके लिये न तो अगले पांच साल कोई नया कर लगाया जायेगा और न ही मौजूदा कर को बढ़ाया जायेगा, जिससे कारोबार का पलायन न हो। राज्य के विकास में व्यापारियों तथा उद्योगपतियों की भागेदारी सुनिश्चित की जायेगी। इसके लिये सरकार एक विशेष आयोग का गठन करेगी। यदि कोई निर्वाचित प्रतिनिधि व्यवसायियों से हिस्सा मांगता है तो सरकार तुरंत कार्रवाई करेगी। इसके अलावा सरकार जालंधर में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने के लिये वचनबद्ध है।

उनके अनुसार सरकार महिला सशक्तीकरण के लिये योजना तैयार करेगी। हर महिला को एक हजार रुपये प्रति माह दिये जायेंगे। इसके अलावा पंजाब में बिजली की खराब स्थिति को सुधारने तथा जनता तथा राजकोष को सत्ता में रहने वालों तथा निजी बिजली संयंत्रों की साठगांठ से मुक्ति दिलाने के प्रयास किये जायेंगे। हमारी सरकार हर घर को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने के लिये प्रतिबद्ध है, जिससे अस्सी प्रतिशत घरों को बिजली का बिल शून्य हो जायेगा। लोगों को रात- दिन बिजली दी जायेगी। इसे लागू होने में कुछ समय लगेगा।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार सहन नहीं करेगी और पारदर्शी तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देगी। हर तरह के रेत माफिया, शराब, परिवहन माफिया को खत्म करेगी। असामाजिक तत्वों ने पिछली सरकारों के समय पंजाब को लूटा और राजकोष को हजारों करोड़ रुपये का चूना लगाया जिसका इस्तेमाल जनहित में किया जा सकता था।

शार्ट न्यूज

थाना फेस टु पुलिस ने एक महिला गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

नोयडा। थाना फेस टु पुलिस ने रविवार को एक महिला गांजा तस्कर मनीषा पत्नी राजवीर उर्फ राजू निवासी कस्बा व थाना बिन्द जिला नालन्दा बिहार वर्तमान निवासी सलारपुर थाना सेक्टर-39 गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के सेक्टर-81 मैट्रो स्टेशन रोड शिव शक्ति एन्कलेव नोएडा के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने दो किलो ग्राम गांजा बरामद किया है।अभियुक्ता शातिर किस्म की गांजा तस्कर है। जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

थाना बीटा टु पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत पेचकस गैंग के 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा टु पुलिस ने रविवार को मुठभेड़ के उपरांत पेचकस गैंग के 20 हजार रूपये के इनामी अभियुक्त हेमन्त पुत्र धाराकृष्ण निवासी तालाब के सामने कस्बा जट्टारी जिला अलीगढ को यमुना एक्सप्रेस-वे पर जीरो पाइंट से करीब दो किलोमीटर आगे से गिरफ्तार कर लिया।जबकि अभियुक्त का एक अन्य साथी टिंकल मौके से फरार हो गया। पुलिस मुठभेड़ में उपरोक्त अभियुक्त हेमन्त पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। जिसे उपचार के पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक चोरी की मोटरसाइकिल और एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा व एक कारतूस खोका बरामद किया है।अभियुक्त शातिर किस्म का लुटेरा है जो कि नोएडा एनसीआर क्षेत्र में सवारियों को लिफ्ट देकर कम किराये में ले जाने की बात कहकर धोखाधड़ी करके उनको पेचकस आदि असलाह से पीटकर एटीएम के पिन की जानकारी करके लूट की घटनाओं को कारित कर अवैध धन अर्जित करता है। इसके चार साथियों को पूर्व में ही थाना बीटा टु पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

दंपति ने जहरीला पदार्थ खाया, महिला ने दम तोड़ा

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के मलकपुर गांव दंपति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे पत्नी की मौत हो गई और पति की हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस को कमरे से जहरीले पदार्थ की शीशी मिली है। सूरजपुर पुलिस ने बताया कि मलकपुर गांव में रोहित के मकान में रितिक मिश्रा अपनी पत्नी स्वीटी के साथ रहते हैं। दोनों मूलरूप से फर्रखाबाद के धर्रा शादीनगर के रहने वाले हैं। मकान मालिक ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी कि उनके यहां रहने वाले दंपति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। दोनों की हालत खराब है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने स्वीटी को मृत घोषित कर दिया जबकि रितिक का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि दंपति के कमरे से जहरीले पदार्थ की शीशी मिली है। इससे पता चलता है कि दंपति ने जहरीला पदार्थ खाया है। सूरजपुर पुलिस मकान मालिक और आसपास के लोगों से दंपति के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही, पुलिस रितिक मिश्रा के परिजनों ने संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

अवैध संबंध की बलि चढ़ गया प्रिंस, प्रेमिका ने पति के साथ मिलकर ली थी जान, पति-पत्नी सहित 5 लोग गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के टीलामोड़ की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी से करीब तीन माह से लापता चल रहे युवक की हत्या होने की बात सामने आई है। युवक की हत्या अवैध संबंधों को लेकर गला दबाकर की गई थी और फिर शव को लिंक रोड के नाले में फेंक दिया गया था। टीलामोड़ थाना पुलिस व स्वाट टीम ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए पति-पत्नी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर प्रिंस की बाइक और मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं, जबकि 31 दिसंबर को लिंक रोड थाना पुलिस को सड़ी-गली अवस्था में मिले उसके शव की शिनाख्त नहीं होने पर अज्ञात में अंतिम संस्कार कर दिया गया था। इसको लेकर टीलामोड पुलिस डीएनए टेस्ट भी कराएगी। टीलामोड़ थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि ग्राम सरूरपुर जिला बागपत निवासी 23 वर्षीय प्रिंस इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में किराये के मकान में रहता था। वह गांव जावली स्थित क्रिकेट एकेडमी में कोचिंग लेता था। वह 19 दिसंबर 2021 को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। प्रिंस की मां राजरानी ने टीलामोड़ थाने में बेटे की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दौरान 31 दिसंबर 2021 को थाना लिंक रोड पुलिस को सड़ी-गली हालत में एक युवक का शव मिला था। शव की पहचान नहीं होने के चलते अज्ञात में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं, टीलामोड़ पुलिस को सर्विलांस टीम की मदद से महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी थी। प्रिंस की कुछ नंबरों पर लगातार बात होती थी। इन नंबरों की मदद से अहम सुराग मिले। पुलिस के मुताबिक, मृतक प्रिंस के जिला गौतमबुद्धनगर निवासी सुरेंद्र की पत्नी से अवैध संबंध होने की बात सामने आई। इसकी भनक सुरेंद्र को लग गई थी। सुरेंद्र ने पत्नी को अपने झांसे में लेकर प्रिंस को घर बुला लिया। इसके बाद दोनों ने नीरज, राहुल और विकास निवासी पंचशील कॉलोनी के साथ मिलकर प्रिंस की गला दबाकर हत्या कर दी थी। वहीं, शव की तस्वीर देखकर परिजन ने प्रिंस होने से इनकार किया है। टीलामोड़ थाना प्रभारी महावीर चौहान ने बताया कि पुलिस जल्द ही डीएनए टेस्ट कराएगी।

100 करोड़ की ठगी में दो बिल्डर गिरफ्तार, विभिन्न थानों में 70 से अधिक मुकदमे दर्ज

गाजियाबाद। रेड एप्पल सोसाइटी में फ्लैट देने का झांसा देकर 100 करोड़ से अधिक की ठगी करने के आरोप में गाजियाबाद की नंदग्राम पुलिस ने आईडिया बिल्डर्स के दो मालिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने कई कंपनियां बनाकर लोगों के साथ ठगी की थी। आरोपियों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 70 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। नंदग्राम थाना एसएचओ अमित काकरना ने बताया कि फ्लैट देने के नाम पर ठगी करने के आरोप में फरार चल रहे मंजू जे इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, एप्पल सोसाइटी, आईडिया बिल्डर्स और मंजू जे होम्स इंडिया लिमिटेड के मालिकों सी-10 थर्ड फ्लोर रामप्रस्थ थाना लिंक रोड निवासी प्रतीक जैन तथा अक्षय जैन को गिरफ्तार किया गया है। एसएचओ ने बताया कि आरोपी संयुक्त रूप से फर्जी कंपनियां खोलकर उनमें खुद को डायरेक्टर दर्शाकर ठगी को अंजाम देते थे। एक ही फ्लैट कई-कई लोगों को बेच दिया = आरोपियों ने फर्जी नक्शा में दस्तावेज तैयार करके एक फ्लैट कई-कई लोगों को बेचा। साथ ही जीडीए द्वारा स्वीकृत 11 मंजिला सोसाइटी में 17 फ्लोर तक फ्लैट बुक किए। फ्लैट पर कब्जा दिए बिना बैंक से लोन करा लिया गया या बेचे गए फ्लैट को बैंक में बंधक बना दिया गया। आईडिया बिल्डर्स की धोखाधड़ी के शिकार लोग बड़ी संख्या में पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। नंदग्राम एसएचओ अमित काकरान का कहना है कि आईडिया बिल्डर्स के निदेशक राजकुमार जैन, विजयंत जैन, इंद्र जैन, अनुशा जैन, अक्षय जैन, प्रतीक जैन, रिषभ जैन, नमन जैन, मुकेश गोस्वामी के अलावा फर्जी तरीके से लोन देने वाले बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। एसएचओ ने बताया कि आरोपियों ने दुबई में भागकर वहां की नागरिकता लेने की योजना बना रखी थी। इसके लिए अक्षय जैन ने देवेन गर्ग और प्रदीप जैन ने राहुल गर्ग के नाम से अपनी फर्जी आईडी, आधार कार्ड, पेन कार्ड और पासपोर्ट भी बनवा लिए थे। आरोपी फर्जी रूप से यूनाइटेड अरब अमीरात की शोहल अल दफा सॉफ्टवेयर ट्रेडिंग कंपनी में एंपलॉयर का फेटरल अथॉरिटी फॉर आईडेंटिटी व सिटीजनशिप रेजिडेंट आईडी कार्ड बनवाकर हमेशा के लिए भारत छोड़ने की फिराक में थे। आरोपियों के फर्जी दस्तावेज पूर्व में ही बरामद किए जा चुके हैं।

मनोज तिवारी ने अपना नया म्यूजिक एल्बम 'दिलदार' लॉन्च किया

नई दिल्ली। भोजपुरी जगत के जाने माने सितारा व भाजपा के लोकप्रिय सांसद मनोज तिवारी ने आज अपना नया म्यूजिक एल्बम 'दिलदार' लॉन्च किया। म्यूजिक एल्बम का संगीत विशाल मिश्रा ने किया है जिसके बोल 'क्या करूँ अगर तोसे प्यार हो गइल' है जो कि भोजपुरी भाषा में है।

इस म्यूजिक एल्बम को लांच करते हुए तिवारी ने कहा कि यह एल्बम उनका 5000 वां एल्बम है। जो उनके लिए बहुत खास है क्योंकि उन्होंने अपनी ज़िंदगी का पहला म्यूजिक एल्बम भी मार्च महीने में ही लांच किया था। उन्होंने कहा कि ये म्यूजिक एल्बम लगभग एक महीने पहले ही तैयार हो गया था लेकिन वे चाहते थे उनके जीवन का 5000 वां गाना विशाल मिश्रा के म्यूजिक बैनर तले ही तैयार हो,जो आज संभव हो गया।

तिवारी ने कहा की मैं किसी भी भोजपुरी कलाकार या फिर लेखक को दोष नहीं देना चाहता हूं । उन्हें यह न लगे की इस म्यूजिक लांच के जरिए उन्हें छोटा दिखाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर भोजपुरी सिंगर या राइटर की अपनी एक अलग दुनिया है।। जो आज इस क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं ।जिसके लिए अपनी ओर से तिवारी ने सभी भोजपुरी

कलाकरों को बधाई भी दी। तिवारी ने कहा कि जब भी भोजपुरी भाषा की बात होती है तो मुझे ऐसा महसूस होता है कि लोग इस भाषा को लेकर अलग तरह की बातें क्यों करते हैं। उन्होंने कहा भोजपुरी भाषा में फिल्म बनाने को लेकर देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कई लोगों से इस भाषा मे फ़िल्म बनाने की गुजारिश की तब जाकर हे गंगा मैया तोहरी पियरी चढ़इबो नाम से भोजपुरी भाषा मे फ़िल्म बनीं। तिवारी ने कहा कि भोजपुरी एक ऐसी भाषा है जिसमें बने गीत 12 देशों में गाए जाते हैं। गीत के बोल कुछ इस तरह संजोये हैं जो हर क्षेत्र को लोगों को जोड़ रहे हैं। लॉन्च में इनके साथ मंच पर सांसद निशिकांत दुबे , प्रोडूसर मयूर हसीजा और नीलकांत बक्शी थे ये गाने की शूटिंग वहा की गयी है ,जहा के सांसद खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी है और शूटिंग में साफ़ सुधरे घाट , सड़के , और पक्षी दिखाकर स्वछता का भी संदेश दिया गया है। स्वर भी स्वच्छ और नए होने के कारण भोजपुरी में नया संदेश दे रहे है। मनोज तिवारी ने अपना गाने का करियर 25 मार्च 1996 को पहला गाना हिट हुआ था , जो एक धार्मिक भजन था और आज 21 मार्च 2022 को 5000 वा गाना दिलदार विथ विडिओ दिलदार नाम से यूट्यूब पर क्लिक रिकार्ड्स पर रिलीज़ हुआ है। समाज के काफी गन मान्य व्यक्ति मौजूद थे , भोजपुरी वर्ल्ड के समाज के अध्यक्ष अजित दुबे , फॉर्मर जैन कमिशनर ऑफ़ पुलिस श्री ब्रिजेश कुमार बरमान ,फेमस सिंगर कुमार शंकर साहनी , रू॥ 1 के ओनर नितिन बाठला , टीम फिल्म के ओनर संजय अग्रवाल , भाजपा दिल्ली के कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल इत्यादि शामिल थे , और प्रेस के मित्रों के साथ।

एमएलसी चुनाव : यशवंत सिंह के बेटे ने भी किया निर्दलीय नामांकन

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अरूणकांत यादव को प्रत्याशी घोषित करने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी यशवंत सिंह के बेटे ने भी किया निर्दलीय नामांकन। इससे आजमगढ़-मऊ एमएलसी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के एक धड़े ने खुलकर बगावती बिगुल फूंक दिया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा एमएलसी प्रत्याशी के रूप में पूर्व विधायक अरूणकांत यादव के नाम की घोषणा की गयी है, इसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी यशवंत सिंह के पुत्र विक्रांत सिंह ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है । अरूणकांत यादव सपा विधायक एवं बाहुबली नेता रमाकांत यादव के पुत्र हैं। जो 2017 के चुनाव में जनपद में फूलपुर-पवई सीट से भारतीय जनता पार्टी के एकमात्र विधायक चुने गये थे। 2022 के चुनाव में समाजवादी पार्टी द्वारा रमाकांत यादव को फूलपुर-पवई से प्रत्याशी बनाये जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा अरूणकांत यादव को टिकट नहीं दिया गया। जनपद की दसो सीटों पर इस बार समाजवादी पार्टी ने भारी मतों के अंतर से कब्जा जमा लिया। हालांकि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी दुबारा सत्ता में बहुमत से वापस आने में कामयाब हो गयी। इसके बाद जनपद में भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गयी कि एमएलसी के चुनाव में किसी प्रमुख चेहरे को टिकट देकर जनपद का नेतृत्व सौंपा जायेगा। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा छिपे तौर पर यह चर्चा करते हुए सुना गया कि फूलपुर-पवई सीट से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में भाजपा के पूर्व विधायक अरूणकांत यादव द्वारा प्रचार प्रसार नहीं किया गया। अरूणकांत यादव पर अपने पिता रमाकांत यादव का समर्थन करने का आरोप भी भाजपा नेताओं द्वारा लगाया जा रहा था। इस बावत सपा विधायक रमाकांत यादव द्वारा जब पूछा गया कि एमएलसी चुनाव में उनकी क्या भूमिका होगी तो उन्होंने साफ शब्दों में बताया कि इसका फैसला जनता करेगी, हमारे लिए दोनों बच्चे बराबर हैं। बता दें कि मऊ-आजमगढ़ स्थानीय प्राधिकरण के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता सहजानन्द राय द्वारा भी टिकट के लिए प्रयास किया जा रहा था। अरूणकांत यादव को टिकट दिये जाने के भारतीय जनता पार्टी के हाईकमान के फैसले से जनपद के नेताओं में कहीं न कहीं निराशा झलक रही है। वहीं समाजवादी पार्टी द्वारा फिर से राकेश यादव गुड्डू को एमएलसी का प्रत्याशी बनाया गया है।

सीज खाते से भी ठगों ने उड़ा ली रकम

नोएडा। नोएडा सेक्टर 29 निवासी सेवानिवृत्त कर्नल ए.के राजपाल के बैंक खाते से साइबर ठगों ने छह लाख रुपये निकाल लिए थे। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को दिसंबर में गिरफ्तार कर दावा किया था कि सेवानिवृत्त कर्नल से ठगी गई रकम फ्रीज करा दी है और यह पैसा तीन दिन में उन्हें वापस मिल जाएगा। मगर तीन माह से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी यह पैसा अभी तक उन्हें नहीं मिल सका है। पुलिस का दावा है कि ठगों के एक साथी ने पेटीएम के माध्यम से सीज खाते से ही रकम निकाल ली। इसमें बैंककर्मियों की भी मिलीभगत है।

सेवानिवृत्त कर्नल ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए इस मामले की शिकायत कमिश्नर से की है। उनका कहना है कि पुलिस का दावा किया था कि पैसा बैंक खाते में फ्रीज करा दिया गया तो पैसा अभी तक उन्हें क्यों नहीं मिला है। उन्होंने पुलिस के कहने पर जनवरी में कोर्ट से पैसा उनके खाते में ट्रांसफर करने के आदेश करा दिए थे, लेकिन उसके बाद भी यह पैसा उन्हें नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंककर्मियों, पुलिस और आरोपियों की साठगांठ से उनका पैसा गायब कर दिया गया है। कोई भी पुलिस अधिकारी स्पष्ट रूप से कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।

पेटीएम के जरिए खाते से निकाल ली रकम

इस मामले में एडीसीपी रणविजय सिंह का कहना है कि आरोपी को पकड़ने के बाद उन्होंने बैंक खाता सीज करा दिया था, लेकिन इसके बाद आरोपियों के साथी ने पेटीएम से इस पैसे को अन्य जगह ट्रांसफर कर दिया। इस मामले में बैंक अधिकारी भी दोषी हैं और पुलिस उन्हें भी अपनी जांच में आरोपी बना रही है।

यह है मामला

नोएडा सेक्टर 29 निवासी सेवानिवृत्त कर्नल ए.के राजपाल के साथ अगस्त 2021 में साइबर ठगी हुई थी। 11 अगस्त की रात करीब 10.30 बजे उनके पास एक मैसेज आया, जिसमें उनकी एसएमएस सेवा बंद होने की सूचना दी गई। इसके कुछ देर बाद ही टेलीकॉम कंपनी का कर्मचारी बनकर आरोपी ने फोन कर कहा कि सेवा को फिर से शुरू कराने के लिए 11 रुपये का रिचार्ज कराना होगा। आरोपी ने दो एप डाउनलोड कराए। इसके बाद मोबाइल पर लिंक भेजा। लिंक खोलते ही आरोपी ने उनका मोबाइल हैक कर लिया और छह लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। पैसे ट्रांसफर होने का मैसेज आने पर उन्हें ठगी का पता चला। उन्होंने तुरंत पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने 24 दिसंबर को आरोपी चेतन प्रकाश उपाध्याय निवासी बीकानेर, राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा था कि आरोपियों के बैंक खाते को फ्रीज कर दिया गया है और तीन दिन में सेवानिवृत्त कर्नल से ठगे गए लाख रुपये वापस करा दिए जाएंगे।

कर्मचारी पर 68 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

गुरुग्राम। निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी पर कंपनी के खाते से 68.56 लाख रुपये निकालकर का आरोप लगा है। पुलिस ने कंपनी के निदेशक की शिकायत पर सेक्टर-50 थाने में रविवार को कर्मचारी और उसकी पत्नी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैनिक सर्विलांस सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जसवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी में अक्षय विरमानी साल 2014 से काम कर रहा था। कोविड में काम कम होने पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा था। इस दौरान कर्मचारी अक्षय विरमानी को अकाउंट, फाइनेंस सहित अन्य काम दिए गए। अप्रैल 2021 में अक्षय को सभी जरूरी दस्तावेज दे दिए। जनवरी 2022 में कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों का वेतन नहीं मिला। जब अक्षय से बात की गई, तो बैंकिग में दिक्कत की बात कहकर टाल दिया। उसके बाद उन्होंने खुद बैंक में पता किया तो सामने आया कि कंपनी के खातों में फंड नहीं है। जांच करने पर पता चला कि अक्षय ने कुछ महीनों में कंपनी के खाते से 49.56 लाख रुपये खातों में ट्रांसफर किए गए और 19 लाख रुपये कैश निकाले गए।

फ्लोरियन्स ने ओवरऑल चैंपियनशिप में जीता एक और खिताब

स्कूल प्रमुख ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और अभ्यास को दिया श्रेय

दिल्ली। लिटिल फ्लावर्स ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स ने जोनल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल प्राइज़ डिस्ट्रीब्यूशन समारोह में एक और शानदार जीत हासिल की। स्कूल ने ओवरऑल चैंपियनशिप (2021-22) में जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। लिटिल फ्लोरियन्स ने राष्ट्रीय के साथ अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी में भी अपनी छाप छोड़ी और कुल मिलाकर चार चैंपियनशिप ट्राफियां हासिल कीं। लिटिल फ्लॉवर ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रमुख रोहित दुआ ने कहा कि हमारे

अनुकरणीय कलाकारों ने समग्र उपलब्धि श्रेणी में अधिकांश पुरस्कार प्राप्त किए। इस प्रकार विविध गतिविधियों में अपनी योग्यता साबित की। वॉलीबॉल में उनका प्रदर्शन विशेष रूप से चर्चा का विषय बन गया क्योंकि खिलाड़ियों ने दर्शकों और जूरी को उनकी क्षमता और प्रतिक्रिया की गति से समान रूप से आश्चर्यचकित किया। उनकी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि भी अविश्वसनीय है। रंगसाल स्टेडियम, पोखरा, नेपाल के मैदान पर सीनियर बॉयज वॉलीबॉल टीम ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय वर्ग में रजत पदक जीतकर स्कूल को गौरवान्वित किया।

मंदिर में असामाजिक तत्वों ने तोड़ीं मूर्तियां, ग्रामीणों ने किया हंगामा

नोएडा। नोएडा के बहलोलपुर गांव में असामाजिक तत्वों ने मंदिर में लगी मूर्तियों को तोड़ दिया। सोमवार सुबह पूजा करने पहुंचे ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही गांव में फोर्स भी तैनात कर दी गई है। अधिकारियों ने जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के एक मंदिर में असामाजिक तत्वों ने रविवार देर रात भगवान की मूर्तियां तोड़ दीं। बहलोलपुर गांव स्थित इस मंदिर में सोमवार सुबह लोग जब पूजा करने पहुंचे तब उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई।

इसके बाद मंदिर परिसर में भीड़ इकट्ठा हो गई और जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। साथ ही लोगों में व्याप्त रोष को देखते हुए पुलिस के सीनियर अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार, बड़ी संख्या में लोग बहलोलपुर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए जाते हैं। सोमवार सुबह मंदिर परिसर में लोग पूजा करने पहुंचे तो सन्न रह गए।

असामाजिक तत्वों ने मंदिर में लगीं मूर्तियों को तोड़ दिया था। इसके बाद आस-पास के लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर सेक्टर-63 थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बढ़ते हंगामे को देखते हुए फेस-2 और फेस-3 थाने की पुलिस भी बुला ली गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

गांव वालों ने की जल्द गिरफ्तारी की मांग

बहलोलपुर सेक्टर-63 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष परवीर यादव ने बताया कि गांव के आस-पास मीट की दुकानें चल रही हैं जिन्हें हटाने के लिए 20 मार्च को ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को शिकायत देकर हटवाने की मांग की गई थी। ग्रामीण अब उसी मुद्दे को जोड़कर पूरे घटनाक्रम की जांच की मांग कर रहे हैं। किसान नेता सुखबीर खलीफा ने बताया कि असामाजिक तत्वों की तरफ से जो घटना को अंजाम दिया गया है, वह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल्द से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। सेक्टर-63 थाना प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

दुकान के बेसमेंट में उतरते ही मर गए मालिक का बेटा और नौकर, जानिए मौत की वजह

नई दिल्ली । दिल्ली के गांधी नगर में रविवार को दुकान के बेसमेंट में दम घुटने से दो लोगों की मौत हो गई। दुकान के मालिक का 22 वर्षीय इकलौता बेटा वैभव कथूरिया और नौकर 40 वर्षीय जाकिर बेसमेंट में लकड़ी लेने के लिए गए थे। कुछ समय पहले ही बेसमेंट में दीमक से बचाव के लिए केमिकल का छिड़काव किया गया था। माना जा रहा है कि केमिकल की जहरीली दुर्गंध से उनका दम घुट गया। बेहोशी की हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक 22 वर्षीय वैभव कथूरिया परिवार के साथ गीता कॉलोनी में रहता था। परिवार में पिता राकेश कथूरिया समेत अन्य सदस्य हैं। राकेश कथूरिया आरके ट्रेडिंग कंपनी के नाम से गांधी नगर में दुकान चलाते हैं। दुकान में साइकिल रिक्शा और ठेला रिक्शा बनाने का काम किया जाता है। वैभव दुकान पर पिता का हाथ बंटाता था। वहीं, मृतक जाकिर दुकान पर काम करता था। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और न्यू उस्मानपुर में किराये पर रहता था। दुकान के कर्मचारी अबरार ने बताया कि रविवार सुबह 10=30 बजे दुकान खुली थी। वैभव व जाकिर भी मौजूद थे। वह खुद रिम लेने चला गया था, जबकि वैभव व जाकिर बेसमेंट से लकड़ी लेने गए थे। पुलिस को दी सूचना = अबरार ने बताया कि पांच मिनट बाद जब वह लौटा तो वैभव व जाकिर बेसमेंट में बेहोश पड़े थे। बेसमेंट की लकड़ी की सीढ़ी टूटी हुई थी। उसने पुलिस को सूचना दी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

उमर खालिद की जमानत याचिका पर फैसला फिर टला

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए साम्प्रदायिक दंगों के सिलसिले में बड़ी साजिश के एक मामले में जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर फैसला 23 मार्च तक के लिए टाल दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत पहले सोमवार को आदेश सुनाने वाले थे, लेकिन आज उन्होंने इस मामले को बुधवार के लिए यह कहते हुए टाल दिया कि फैसला तैयार नहीं है।

अदालत ने 3 मार्च को खालिद और अभियोजन पक्ष की ओर से पेश वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

जमानत याचिका पर बहस के दौरान, आरोपी उमर खालिद ने अदालत को बताया कि अभियोजन पक्ष के पास उसके खिलाफ अपना मामला साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है। खालिद और कई अन्य पर फरवरी 2020 के साम्प्रदायिक दंगों के मास्टरमाइंड होने के मामले में आतंकवाद विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरवरी 2020 में सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हिंसा भड़क गई थी। इन दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हो गए थे। उमर खालिद के अलावा एक्टिविस्ट खालिद सैफी, जेएनयू छात्रा नताशा नरवाल और देवांगना कलिता, जामिया समन्वय समिति की सदस्य सफूरा जरगर, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और कई अन्य लोगों पर मामले में कड़े कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

रोहिणी कोर्ट ब्लास्ट केस : वैज्ञानिक ने जानबूझकर अदालत में मौजूद और लोगों का जीवन खतरे में डाला, 1040 पेज की चार्जशीट में पुलिस का खुलासा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रोहिणी कोर्ट कॉम्प्लेक्स में आईईडी विस्फोट के मामले में आरोपी डीआरडीओ के वैज्ञानिक भारत भूषण कटारिया के खिलाफ पटियाला हाउस कोर्ट स्थित मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में आरोप पत्र दायर कर दिया है।

यह घटना 9 दिसंबर 2021 को रोहिणी अदालत में घटित हुई थी। अदालत के कोर्ट नम्बर 102 में उस समय विस्फोट हुआ था जब मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रीतु राज नियमित सुनवाई कर रहे थे। मामले की संवेदनशीलता, प्रकृति और महत्व को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल उत्तरी रेंज और एसटीएफ को घटना की जांच करने का काम सौंपा गया था।

एक हजार 40 पन्नों के आरोपपत्र

में कहा गया है कि जांच के दौरान 150 से अधिक कैमरों के सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद घटना के दिन अदालत परिसर में प्रवेश करने वाले एक हजार से अधिक वाहनों का सत्यापन, वकीलों / वादियों / पुलिस कर्मियों / पिछले आपराधिक इतिहास वाले व्यक्तियों सहित सैकड़ों व्यक्तियों से पूछताछ के बाद जांच टीम घटना के पीछे आरोपी की पहचान करने में सफल रही थी। इस मामले में घटना आठ दिन बाद 17 दिसंबर को आरोपी भारत भूषण कटारिया को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस के मुताबिक, जांच से पता चला कि आरोपी भारत भूषण कटारिया ने अदालत में 9 दिसंबर को जान-बूझकर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखा और एक रिमोट का उपयोग करके बाहर से ट्रिगर दबाकर धमाका किया। आरोपपत्र में कहा गया है कि आरोपी ने अपने प्रतिद्वंदी अमित वशिष्ठ को मारने के इरादे से इस कृत्य को अंजाम दिया। ऐसा करके आरोपी ने अपने जघन्य कृत्य से न्यायाधीश, अदालत के कर्मचारियों, वकीलों और अन्य वादियों सहित अदालत में मौजूद अन्य व्यक्तियों के जीवन को भी खतरे में डाला।

पुलिस का दावा है कि उसके पास आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं और इस मामले की जांच पूरी तरह अत्यधिक पेशेवर व वैज्ञानिक तरीके से की गई है। पुलिस ने यह भी कहा है कि मामले में जांच अभी जारी है, आवश्यक समझे जाने पर पूरक आरोपपत्र भी दायर किया जा सकता है।

संपादकीय

कांग्रेस नेता आपस में ही उठापटक करते रहे तो पूरी तरह बिखर जायेगी कांग्रेस

हालिया विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद जी-23 समूह की बढ़ी हुई सक्रियता के बीच समूह सदस्य कपिल सिब्बल ने पिछले दिनों एक साक्षात्कार में कहा था कि गांधी परिवार को कांग्रेस का नेतृत्व छोड़ देना चाहिए और किसी अन्य नेता को मौका देना चाहिए।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बुरी तरह पराजित होने के बाद कांग्रेस में जिस तरह की उठापटक देखने को मिल रही है वह पार्टी के भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। कांग्रेस में इस समय गांधी परिवार के प्रति वफादारी साबित करने की होड़ उन आवाजों पर भारी पड़ रही है जो पार्टी का भला चाहते हुए संगठनात्मक सुधारों की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता ही यदि एक दूसरे का मखौल उड़ाएंगे तो जनता तो इस पार्टी से और दूरी बनायेगी ही।

वैसे पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के परिणामों के बाद कांग्रेस के अंसतुष्ट गुट जी-23में एक बार फिर सक्रियता देखने को मिल रही है लेकिन यह कब तक बरकरार रहेगी यह देखने वाली बात होगी। कांग्रेस के पूर्णकालिक अध्यक्ष और पार्टी में बड़े सुधारों की लंबे समय से वकालत कर रहा यह गुट क्या इस बार आलाकमान से अपनी मांगें मनवा पायेगा यह देखने वाली बात होगी। हार के नये-नये रिकॉर्ड बना रही कांग्रेस का अपने इतिहास में शायद यह भी एक रिकॉर्ड होगा कि उसका अध्यक्ष पद तीन साल से खाली है। हालिया विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद जी-23 समूह की बढ़ी हुई सक्रियता के बीच समूह सदस्य कपिल सिब्बल ने पिछले दिनों एक साक्षात्कार में कहा था कि गांधी परिवार को कांग्रेस का नेतृत्व छोड़ देना चाहिए और किसी अन्य नेता को मौका देना चाहिए। इसके बाद गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले कुछ नेताओं ने सिब्बल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो यहां तक कह दिया था कि हाल में हुए विधानसभा चुनावों में हार के लिए गांधी परिवार नहीं, बल्कि पार्टी के सांसद और राज्यों के नेता जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा गांधी परिवार पर हमला करते हैं और जो भी गांधी परिवार के साथ खड़ा नहीं होगा वह विश्वासघात करेगा। खड़गे ने कहा, सोनिया गांधी जी ने पार्टी के लिए कई त्याग किए हैं। लंबे समय से गांधी परिवार के किसी व्यक्ति ने सरकार में पद नहीं लिया।

बहरहाल, कांग्रेस ने अब ऐलान किया है कि अगस्त में पार्टी के नये अध्यक्ष का चुनाव होगा। देखने वाली बात यह है कि क्या यह चुनाव अगस्त में हो पाता है या नयी तारीख सामने आती है। फिलहाल तो बिखरी नजर आ रही कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भी तैयार नजर नहीं आ रही है। यदि हार का यह सिलसिला बरकरार रहा तो उसके नेतृत्व वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन भी बिखर सकता है।

हर हार के बाद पार्टी में और मजबूत हो जाता है गांधी परिवार, आइए कांग्रेस के ट्राई, टेस्टेड और सुपरहिट हारने वाले फॉर्मूले को जानते हैं

अभिनय आकाश

जीत के जोश में जरूरी आवाजें दब जाया करती हैं और हार वो आईना है जो ऐसी बातों को खाद-पानी मुहैया कराता है। लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी के भीतर हर हार इसको चलाने वाले परिवार की स्थिति को और मजबूत करता जाता है। हम बात कर रहे हैं कांग्रेस की और गांधी परिवार की। उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से विजय हासिल की। लेकिन इसके ठीक विपरीत कांग्रेस पार्टी ने पंजाब राज्य को भी गंवा दिया और इसके साथ ही उसके विपक्षी दल के तमगे को भी अब खतरा महसूस हो रहा है। कांग्रेस की हार पर बीजेपी तंज कसते हुए कहती है कि चुनाव कैसे हारते हैं ये कांग्रेस से सीखा जा सकता है। बिहार हो बंगाल, असम हो या पंजाब कांग्रेस लगातार हर हार के साथ अपने ही खराब प्रदर्शन के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। लेकिन आलम ये है कि फिर भी वो गांधी परिवार से आगे सोच ही नहीं पा रही है। उन्हीं के नेतृत्व में भविष्य के होने वाले चुनाव हारने की तैयारियां भी हो रही है।

एक एक म्युनिसिपल का इलेक्शन भी कांग्रेस जीतने में कामयाब हो जाती है तो इसका श्रेय रणदीप सुरजेवाला राहुल गांधी के कुशल क्षमता और सोनिया जी के मार्गदर्शन को देने से नहीं चूकते। लेकिन अगर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के 97 प्रतिशत उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। फिर भी कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत के लिए 209 रैलियां और रोड शो करने वाली प्रभारी प्रियंका गांधी की बजाय अजय कुमार लल्लू की कुर्बानी दी जाती है।

पार्टी के नियम गांधी परिवार पर लागू नहीं

चुनाव हारने के बाद सोनिया गांधी ने अपने पांच प्रदेश अध्यक्षों के इस्तीफे ले लिए। वो पांचों राज्य जहां पर चुनाव हुए और कांग्रेस पार्टी हार गई। इनमें नवजोत सिंह सिद्धू का नाम भी शामिल है जिन्हें बड़े जोर-शोर के साथ गांधी परिवार ने ही पीसीसी अध्यक्ष बनाया था। एक समय सिद्धू के मन में वो गलतफहमी भी गांधी परिवार ने ही डाली थी कि वो अगले मुख्यमंत्री भी हो सकते हैं। जिन पांच राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों से इस्तीफा लिया गया है उनमें से 3 को तो अपने अध्यक्ष होने का पता ही तब चला जब उनसे इस्तीफा मांगा गया! लेकिन न तो अपने बेटे पर सोनिया गांधी ने कोई कार्रवाई की और न ही अपनी बेटी से इस्तीफा लिया है। गांधी परिवार का मानना है कि पार्टी को इन राज्यों में जो हार मिली है उसके लिए ये नेता जिम्मेदार हैं।

पुनर्जीवित करने की योजना

यदि कांग्रेस अपने पुनरुद्धार के लिए एक यथार्थवादी योजना को लागू करने के बारे में गंभीर है, तो ऐसे चार महत्वपूर्ण कारक हैं जिन्हें पार्टी को ध्यान में रखना होगा। पहला, कोई भी कोर्स करेक्शन तब तक संभव नहीं होगी जब तक कि पार्टी नेतृत्व के मुद्दे पर स्पष्टता जैसी बात ठोस तरह से हो। पिछले तीन वर्षों से जब से राहुल गांधी ने पार्टी अध्यक्ष के रूप में इस्तीफा दिया है, तब से आगे की राह में स्पष्टता की कमी साफ दिखती है। राहुल गांधी

नेहरू-गांधी परिवार से आगे बढ़कर नेतृत्व की जरूरत का संकेत देते नजर आए। अगर वह इसे लेकर गंभीर होते तो नए नेता को चुनने की प्रक्रिया को उसके तार्किक अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए था। अंतिम चरण में, नेतृत्व समाधान तलाशने की बजाए मेरो मन अनत कहां सुख पावै जैसे उड़ि जहाज कौ पंछी पुनि जहाज पै आवै की माफिक घूम फिर कर पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सोनिया गांधी के पास वापस चला गया। आलोचक अच्छी तरह से तर्क दे सकते हैं कि एक नए नेता की तलाश से जुड़ी पूरी कवायद एक राजनीतिक नाटक थी, जिसकी परिणति गांधी परिवार के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास के रूप में हुई! तथ्य यह है कि कांग्रेस नेतृत्व लगातार दो लोकसभा चुनावों में पार्टी को एक विश्वसनीय प्रदर्शन दिलाने में बुरी तरह असफल रहा है, यह दर्शाता है कि ग्रैंड ओल्ड पार्टी वर्तमान दौर में भाजपा को चुनौती देने में असमर्थ दिख रही है।

कांग्रेस और जी23 में असहमति

पार्टी के भीतर प्रमुख विद्रोहियों द्वारा असंतोष की अभिव्यक्ति खुले में थी। तत्काल प्रतिक्रिया के रूप में, पार्टी के प्रवक्ताओं ने विद्रोह की बढ़ती आवाजों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया। एक उम्मीद है कि यह एक औपचारिक प्रतिक्रिया के रूप में अधिक है और उठाए गए गंभीर मुद्दों पर पार्टी के आंतरिक मंचों पर चर्चा की जाती है। प्रमुख विद्रोही आवाजों के औपचारिक समूह के रूप में उभरे जी-23 ने कई बैठकें की हैं। पार्टी नेतृत्व ने जी-23 समूह के प्रमुख सदस्यों तक पहुंचने का प्रयास किया है। जी-23 उन लोगों से भी कुछ समर्थन हासिल करने में सक्षम रहा है जो परंपरागत रूप से उनसे जुड़े नहीं थे और पार्टी नेतृत्व के करीबी माने जाते थे। प्रवाह की इस अवधि के दौरान एक प्रमुख खतरा गैर-जवाबदेही का वातावरण है। जब तक समीक्षा और चिंतन प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक कैलिब्रेट नहीं किया जाता है, तब तक पार्टी का अनुशासन अच्छी तरह से प्रभावित हो सकता है।

ये कहां आ गए

2004 का लोकसभा चुनाव अटल बिहारी वाजपेयी के सामने सोनिया गांधी की राजनीतिक हैसियत बहुत छोटी थी। अटल जी ने देश को इंडिया शाइनिंग का नारा दिया यानी की उनके कार्यकाल की वजह से देश चमक रहा है।

ये पॉजिटिव कैंपेन था लेकिन इसका असर नेगेटिव हो गया और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे कद्दावर नेता के लिए एनडीए की सरकार हार गई। किसी ने सोचा भी नहीं था कि सोनिया गांधी अटल बिहारी वाजपेयी के सामने कांग्रेस को जीत दिलाईंगी। उन्हीं के फॉर्मूले पर एनडीए की जगह यूपीए बनेगी। इसके साथ ही उसके अंतर्गत एक गठबंधन की सरकार देश में बनेगी। ये सोनिया गांधी के युग की शुरुआत थी और गांधी परिवार के शीर्ष पर आने की वापसी। लेकिन इस मामले में राहुल गांधी का ट्रैक रिकॉर्ड तो श्रीलंका के मशहूर बल्लेबाज मार्वन अटापट्टू से भी खराब है। जिनके नाम टेस्ट मैच में शतक से ज्यादा 0 पर आउट होने का रिकॉर्ड है। राहुल गांधी 17 दिसंबर 2017 से लेकर 3 जुलाई 2019 तक पार्टी अध्यक्ष रहे। 2019 में वो अपने गढ़ अमेठी से भी चुनाव हार गए। 10 अगस्त 2019 को सोनिया गांधी को वापस कांग्रेस की कमान संभालनी पड़ी। लेकिन कांग्रेस की राजनीतिक तस्वीर में कोई बड़ा फर्क नहीं आया। 2022 में यूपी में पूरी तरह से कमान प्रियंका गांधी वाड्रा के हाथों में दी गई और फिर कांग्रेस की हालत नहीं सुधरी।

विपक्ष के रूप में राज्य-आधारित दलों का उदय

इसे कांग्रेस के असमर्थ होने का प्रमाण ही कहा जाएगा कि राज्य आधारित दल भाजपा के प्रमुख चुनौती के रूप में तेजी से उभर रहे हैं।

ऐसा लगता है कि अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के विपरीत, कांग्रेस चुनाव लड़ने और जीतने की भूख खो चुकी है! भाजपा नेतृत्व के लिए चुनाव और राजनीति चौबीसों घंटे चलने वाली गतिविधि है। जबकि इसके ठीक उलट कांग्रेस नेतृत्व के लिए ये शुरू होती है, थोड़े समय के चलती है और उसके बाद एक लंबे विराम की अवस्था में चली जाती है। अगर कांग्रेस का मानना ??है कि पार्टी की एकता बनाए रखने के लिए गांधी परिवार के किसी व्यक्ति की जरूरत है, तो उन्हें इस तथ्य को भी स्वीकार करना चाहिए कि लगातार चुनावों ने साबित कर दिया है कि उनके पास वोटरों को आकर्षित करने की क्षमता नहीं है। स्पष्ट रूप से नेतृत्व की दूसरी पंक्ति को विकसित करने और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इस दूसरी पंक्ति के भी दो महत्वपूर्ण बिंदु हैं। पहला- उन्हें वास्तव में जन आधारित नेता होने की जरूरत है, जिनके पास चुनाव जीतने और अभियान का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने का ट्रैक रिकॉर्ड हो। दूसरा- इस दूसरी पंक्ति की राज्य स्तर पर उपस्थिति होनी चाहिए, जहां कांग्रेस को अपने आधार का निर्माण करने की आवश्यकता होगी। कांग्रेस के लिए यह महसूस करना भी महत्वपूर्ण है कि वो महज एक राजनीतिक मंच नहीं है जो केवल भाजपा के एजेंडे पर प्रतिक्रिया दे।

इस तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर दिखाई देने वाले नीतिगत विकल्पों और एक विस्तृत कार्य योजना पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी। क्या कांग्रेस और उसके नेतृत्व को परिणामों को स्वीकार करने और उचित कार्रवाई करने का साहस है? आत्म-चिंतन के इस महत्वपूर्ण चरण में केवल कुछ विंडो ड्रेसिंग और कॉस्मेटिक परिवर्तन प्रदान करने के बजाय वास्तविक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

'द कश्मीर फाइल्स' पर जो लोग सवाल उठा रहे हैं वह जरा इन तथ्यों पर गौर करें

राकेश सैन

कश्मीर घाटी में तीन दशक पहले पलायन को मजबूर हुए हिन्दुओं पर हुए अमानवीय व्यवहार तथा सत्ताधारियों की तुष्टिकरण की राजनीति को दर्शाने वाली फिल्म है 'द कश्मीर फाइल्स।' कश्मीरी हिन्दुओं से अमानवीय व्यवहार तो 7-8 शताब्दियों से पहले तब शुरू हो गया था जब वहां पर इस्लाम ने कदम रखा। तलवार के दम पर धर्मांतरण और लूट का सिलसिला आजादी से पहले तक चला यह बात कुछ समझ में आती है, लेकिन आजादी के बाद भी उन पर अत्याचार जारी रहा। सत्ताधारियों ने तुष्टिकरण की राह पर चलते हुए उन पर हुए भेदभाव और अत्याचार को लेकर अपनी आंखें और कान बन्द रखे। अपने जानमाल और इज्जत को बचाने के लिए हिन्दुओं को घाटी से पलायन करना पड़ा। मुगल बादशाहों ने धर्मांतरण न करने वालों के सर कलम किए और हिन्दुओं को आरे से चिरवाया लेकिन स्वतंत्र भारत के अभिन्न अंग घाटी में एक महिला को आरे से चीर दिया गया और सरकार की कार्रवाई करने की हिम्मत तक नहीं हुई। 'द कश्मीर फाइल्स' में मर्यादित ढंग से कश्मीरी हिन्दुओं के दुःख, दर्द को दर्शाया गया है। सत्य तो यह है कि पीड़ितों के साथ अमानवीय व्यवहार के इतने किस्से हैं कि उनको सुनकर आत्मा कांप जाती है। हिन्दुओं के साथ हुए अत्याचारों का वर्णन करने में मानो हर कलम निश्शब्द हो जाती व शब्दकोश छोटे पड़ जाते हैं परन्तु दुर्भाग्य की बात है कि देश में कुछ लोग आज भी इन वीभत्स अत्याचारों का बचाव करते हुए दिख रहे हैं। इन घटनाओं को एकतरफा व अतिशयोक्तिपूर्ण बताया जा रहा है परन्तु उस समय के सरकारी रिकार्ड साक्षी हैं कि फिल्म में जो दिखाया गया है वह गीताज्ञान की भान्ति सत्य है।

'राज्य सरकार की प्रभावहीनता घाटी में लूटपाट और मासूम हत्याएं रोकने में असफल रही है। घाटी में आजकल सरकार की बजाय, आतंकवादियों का शासन है। सत्तारुढ़ राजनैतिक दलों को अलगाववादियों के क्रोध से बचकर सिर्फ स्वयं को जस का तस बनाये रखने से मतलब है। अनन्तनाग, सोपोर, बारामुर्रन, पुलवामा, विचारनाग, शोपियां और घाटी के दूसरे क्षेत्रों में हुई घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि हिन्दुओं पर हमला करना कट्टरपन्थियों का पूर्व नियोजित षड्यन्त्र है। शोपियां में 15 दिसम्बर, 1989 को हिन्दू आदमियों, औरतों और बच्चों पर निर्दयतापूर्वक हमले व महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। महन्त केशवनाथ, टिक्का लाल टपलू, एनके गञ्जू, प्रेमनाथ भट, अजय कपूर और अन्यों की हत्या इस उद्देश्य से की गई कि हिन्दुओं में भय और आतंक पैदा हो और वे घाटी छोड़ने पर विवश हो जाएं।

अब तक पुलिस द्वारा हिन्दुओं पर हमला करने वालों में से एक को भी न तो पहचाना गया न ही गिरफ्तार किया गया। पूरी तरह से भूमिगत पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित तत्त्वों का आधुनिक हथियारों से लैस होकर सुरक्षा बलों से खुलेआम जूझना, इस बात को बिल्कुल साफ-साफ जाहिर करता है कि राज्य सरकार कार्यकुशल नहीं है और इसके ही कुछ उच्चाधिकारी इस पूरे षड्यन्त्र में शामिल हैं।'

'आतंक और विघटन, हत्याओं और अपहरणों, बम विस्फोट और लूटमार की घटनाओं के कारण जिन लोगों को अपने पैतृक घर छोड़कर भागना पड़ा और उष्ण कटिबन्धीय गर्मी में किसी शरणार्थी कैम्प में करुणास्पद जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ा, उन लोगों के लिए इससे ज्यादा क्रूरता और अपमान क्या हो सकता था? क्या ये मानवाधिकारों के हिमायती लोग समझदार और पढ़े-लिखे कश्मीरी हिन्दुओं को इतना बेवकूफ समझते हैं कि वे अपने घर, सम्पत्ति, नौकरी सिर्फ अफवाहों की वजह से छोड़ कर आए होंगे?

या उन्हें यह लगता है कि ये कश्मीरी पण्डित जम्मू, दिल्ली या अन्य स्थानों पर पिकनिक मनाने गये हैं?'

बड़े ही उत्साह के साथ 'क्राइम एंड करप्शन कंट्रोल असोसिएशन' के 153 शाखा का उद्घाटन सम्पन्न

कल्याण (महाराष्ट्र)। प्रथमेश प्रशांत पुण्यार्थी के नए जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन क्राइम एंड करप्शन कंट्रोल असोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय दिनेश गुप्ता द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। यह ऐसा मौका था जंहा दो-दो दिनेश गुप्ता एक ही मंच पर लोगो को उत्साहित, प्रोत्साहित और प्रेरणा भरने का कार्य कर रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गुप्ता जी को सुनने के लिए पूरा जान सैलाब उमड़ पड़ा था। वही आनंदश्री दिनेश गुप्ता द्वारा मंच का संचालन किया जा रहा था। नवनिर्वाचित कल्याण डोम्बिवली अध्यक्ष -प्रथमेश पुण्यार्थी के इस जनसंपर्क कार्यलय के उद्घाटन पर उन्होंने अपने वक्तव्य में सभी का आभार प्रकट किया और क्राइम एंड करप्शन कंट्रोल असोसिएशन के इस कार्यालय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिनेश गुप्ता ने क्राइम एंड करप्शन

कंट्रोल असोसिएशन के कार्यप्रणाली और इस असोसिएशन का मकसद, मिशन और विजन को प्रस्तुत किया। अपने छः वर्ष के अनुभव और 1 लाख 22 हज़ार परिवार को साथ ले जाने की बात कही। एक साफ सुथरा समाज का निर्माण करना ही मुख्य उद्देश्य इस असोसिएशन का है। इस मौके पर श्री ए एस सदाफुले साहेब मुख्य कारागृह अधिक्षक, श्री दर्शन मिरकुटे वनविभाग अधिकारी, श्री नितिन घोसालकर महाराष्ट्र प्रमुख), श्री अरुण गुप्ता (राष्ट्रीय महासचिव), श्री संजय पडवल (जनसंपर्क प्रमुख), श्री महेश गुप्ता (मीडिया प्रभारी), श्री जगन्नाथ म्हात्रे, श्री प्रशान्त पुण्यार्थी तथा अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

प्रतिष्ठा बनाए रखें।

एक बार की बात है, दूर एक रेगिस्तान में, एक गुलाब था जिसे अपने सुंदरता पर बहुत अभिमान था। उसकी एकमात्र शिकायत थी की एक बदसूरत कैक्टस उसके बगल में बढ़ रही थी। हर दिन, सुंदर गुलाब कैक्टस का अपमान करता था और उसके अच्छे ना दिखने पर उसका मजाक उड़ाता था, जबकि कैक्टस चुप रहता था। आस-पास के अन्य सभी पौधों ने गुलाब को समझाने की कोशिश की! एक दिन चिलचिलाती गर्मी में रेगिस्तान सूख गया, और पौधों के लिए पानी नहीं बचा। गुलाब जल्दी मुरझाने लगा। उसकी सुंदर पंखुड़ियाँ सूख गईं, अपना सुंदर सा आकर्षण अब गुलाब खोने लगा ।

कैक्टस की ओर देखते हुए, उसने देखा कि एक गौरैया पानी पीने के लिए अपनी चोंच को कैक्टस में डुबा रही है। अपने पिछले किए गए अपमान पर गुलाब ने कैक्टस से शर्मिंदगी से पूछा और मदद मांगी कि क्या उसे कुछ पानी मिल सकता है। दयालु कैक्टस आसानी से सहमत हो गया, उन दोनों को अत्यंत गर्मी में, दोस्तों के रूप में मदद करने लगा! जीवन में समय और स्थिति, किसी की भी बदल सकती है, अत: कभी किसी का अपमान ना करें एवं किसी को तुच्छ ना समझे! जीवन में, सब कुछ खूबसूरत होना नहीं होता, हमें हर प्रकार से खूबसूरत होना चाहिए, हमारे तन के साथ-साथ मन भी आकर्षित होना चाहिए और मन का आकर्षित होना अत्यंत आवश्यक है! जीवन में हर एक की अपनी खूबसूरती है, अगर हम किसी की खूबसूरती को पहचान ना सके तो कम से कम उसका अपमान ना कीजिए!

जहां काम आवे सुई, कहा करे तरवारि।।

रहीम ने इस दोहे में बताया है कि हमें कभी भी बड़ी वस्तु की चाहत में छोटी वस्तु को फेंकना नहीं चाहिए, क्योंकि जो काम एक सुई कर सकती है वही काम एक तलवार नहीं कर सकती। अत-हर वस्तु का अपना अलग महत्व है। ठीक इसी प्रकार हमें किसी भी इंसान को छोटा नहीं समझना चाहिए!

हर एक का अपना महत्व है, उस महत्व को पहचानिए, सभी का आदर सम्मान कीजिए, अगर ऐसा नहीं कर सकते तो कम से कम अपमान ना कीजिए! इस धरती पे ईश्वर ने सभी को किसी ना किसी कार्य के लिए भेजा है, कहीं ना कहीं सभी जरूरी है, अपने कार्यों से सभी की मदद करें और सभी का सम्मान करें, जिससे हमें कभी किसी की मदद की जरूरत पड़ी, तो हमें इस कहानी के, गुलाब की तरह शर्मिंदा ना होना पड़े!

कहते हैं सोच खूबसूरत हो, तो सब खूबसूरत नजर आता है और देखने वालों की आंखों में सुंदरता होती है, तो वह सुंदरता को हमें हमारे अंतर्मन में लाना अत्यंत आवश्यक है! हम किसी का एक क्षण में अपमान कर देते हैं, पर जिसका करते हैं उसे तब तक चैन नहीं मिलता, जब तक वह उस अपमान का कर्ज ना चुका दें! जीवन में हर एक इंसान, इस कहानी के कैक्टस पौधे की तरह दयालु नहीं होता है, याद रखिए कि जिस समय हम किसी का अपमान कर रहे होते तो साथ ही साथ हम अपना भी सम्मान खो रहे होते हैं! कुछ लोग जरूर सही समय का इंतजार करते हैं, कि कब अपने अपमान का बदला ले सके, क्योंकि यह इंसान को अंदर तक ठेस पहुंचाती है! अपमान करना इंसान के स्वभाव में होता है परंतु सम्मान करना हमारे संस्कार में, जी संस्कारों की सही भाषा हमें जानने की आवश्यकता है और सम्मान करना उन संस्कारों में से एक!

करो प्रशंसा जी भर के,
करो अपमान सोच समझ के,
अपमान वह ऋण है,
ब्याज समित चुकता है,
गरज - बरस के!

डॉ. माध्वी बोरसे!
क्रांतिकारी लेखिका !
राजस्थान! (रावतभाटा)

लोकतांत्रिक दृष्टि से नेतृत्व का अर्थ

नेतृत्व का उद्देश्य लोगों को सही रास्ता बताना है हुकूमत करना नहीं

वर्तमान परिपेक्ष में नेतृत्व का नाम आते ही राजनीति का पर्याय माना जाता है - सृष्टि में नेतृत्व का मतलब सही राह दिखाना है- एड किशन भावनानी

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर सृष्टि में मानवीय जीव का मस्तिष्क सोच विचार, अविष्कार, आइडिया का एक ऐसा केंद्र है जिसकी बदौलत वर्तमान डिजिटल युग का उदय हुआ है इस केंद्र में सकारात्मक, नकारात्मक सोच में कैसे शब्दों, स्थितियों, परिस्थितियों के मायने बदल जाते हैं ऐसा हमने अनेक शब्दों में उसका व्यवहारिक अर्थ निकालने में पता चल जाता है कि वह कार्य किस संदर्भ में हो रहा हैं!!! ठीक ऐसे ही कुछ दशकों से नेतृत्व शब्द के उद्देश्य में भी वर्तमान परिपेक्ष में यह नाम आते ही राजनीति का पर्याय माना जाने लगा है जबकि सदियों से हमारे बड़े बुजुर्गों ने इसका मतलब बताया है कि लोगों को सही रास्ता बताना है उनपर हुकूमत करना नहीं!!!

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष की करें तो, अक्सर हम देखते हैं कि कोई सामाजिक संस्था हो या कोई संगठन या कोई कोई राजनीतिक पद, इन सब पर जो भी व्यक्ति मनोनयन, चयन या निर्वाचन द्वारा जब काबिज़ होता हैं तो उसके बाद उसका रुतबा ही बदल जाता हैं उसको ऐसा लगता हैं कि मै तो राजा हूँ और बाकि सब प्रजा। अक्सर पद पाकर व्यक्ति अपने मद में इतना मगरूर हो जाता हैं और अपने नैतिक कर्तव्यों का समुचित निर्वहन करने में असफल रहता हैं। नतीजन आवाम को फिर से बदलाव की आवश्यक्ता को महसूस करती हैं।

साथियों बात अगर हम नेतृत्व की करें तो इसका मतलब शासन करना, निर्णय लेना, निर्देशन करना आज्ञा देना आदि सब एक कला है, एक कठिन तकनीक है। परन्तु अन्य कलाओं की तरह यह भी एक नैसर्गिक गुण है। प्रत्येक व्यक्ति में यह गुण या कला समान नहीं होती है। उद्योग में व्यक्ति के समायोजन के लिए पर्यवेक्षण, प्रबंध तथा शासन का बहुत महत्व होता है। उद्योग में असंतुलन बहुधा कर्मचारियों के स्वभाव दोष से ही नहीं होता बल्कि गलत और बुद्धिहीन नेतृत्व के कारण भी होता है। प्रबंधक अपने नीचे काम करने वाले कर्मचारियों से अपने निर्देशानुसार ही कार्य करवाता है। जैसा प्रबंधक का व्यवहार होता है, जैसे उसके आदर्श होते हो, कर्मचारी भी वैसा ही व्यवहार निर्धारित करते हैं। इसलिए प्रबंधक का नेतृत्व जैसा होगा, कर्मचारी भी उसी के अनुरूप कार्य करेंगे।

साथियों बात अगर हम नेतृत्व करने किसी पद की गरिमा की करें तो, अगर हमें समाज , संगठन या विधि द्वारा स्थापित कोई भी प्रावधान के अंतर्गत कोई भी पद मिलता हैं तो निश्चय ही यह हमारी खुशनसीबी हैं। मेरे विचार से हमे पद ग्रहण करके अपने स्वभाव में विनम्रता लानी चाहिये, उग्रता नही।हमे किसी भी तरीके से अगर नेतृत्व करने का मौका मिला हैं तो उस सुअवसर का बेहतरीन प्रयोग करते हुए हमें कर्मठ बनकर अपने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर अपनी योग्यता को सेवा के माध्यम से परिलक्षित करना चाहिये ताकि अन्य सभी हमारे अच्छे कार्यो का अनुसरण करें। हमे यह स्वीकार करना पड़ेगा कि नेतृत्व का अर्थ लोगो को सही रास्ता बताना हैं न की हुकूमत करना। समय सब को मौका देता हैं, हर बार इतिहास अपने आप को दोहराता हैं जब तक हमे इस सच्चाई का अनुभव होता हैं तब तक वो सुनहरा मौका हमारे हाथ से कोसों दूर निकल चुका होता हैं।

साथियों बात अगर हम प्रबंध जगत में नेतृत्व की करें तो प्रबंध जगत में नेतृत्व का अपना एक विशिष्ट स्थान है एक संस्था की सफलता या असफलता हेतु काफी हद तक नेतृत्व जिम्मेदार होता है कुशल नेतृत्व के अभाव में कोई भी संस्था सफलता के सोपान ओ को पार नहीं कर सकती है यहां तक भी माना जाता है कि कोई भी संस्था तभी सफल हो सकती है जब उसका प्रबंधन ने नेतृत्व भूमिका का सही निर्वहन करता है फिटर एक ट्रकर के शब्दों में प्रबंधक किसी व्यवसायिक उपक्रम का प्रमुख एवं दुर्लभ प्रसाधन है अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सफल होने का प्रमुख कारण कुशल नेतृत्व ही है।

साथियों बात अगर हम नेतृत्व के महत्व की करें तो, प्रत्येक समूह के लिए नेतृत्व की आवश्यकता होती है। चाहे वह राजनैतिक हो या सामाजिक, धार्मिक हो या औद्योगिक। कोई भी समूह बिना नेतृत्व के आस्तित्वहीन होता है। परंतु वर्तमान परिपेक्ष में हम अगर राजनीतिक क्षेत्र की बात करें तो अनेकों बार प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में गंभीरता से रेखांकित करते हुए बताया जाता है कि फलाने लोकसभा में, राज्यसभा में, विधानसभा में इतने नेताओं पर इतने केस दर्ज हैं या कोई कारागार में बंद है फिर भी वह नेतृत्व कर रहे हैं। हम अगर अपने आसपास गांव, सिटी, मेट्रो सिटी में नजर दौड़एं तो हमारे आसपास भी हमें कई नामी जीवो नें नेतृत्व का अर्थ ही बदल कर रख दिया है!!! शायद जनता के पास भी कोई मजबूरी ही होगी जो इस बदले हुए नेतृत्व परिभाषा को संयमित होकर स्वीकार कर रहे हैं!!!

साथियों बात अगर हम नेतृत्व के बदलते परिपेक्ष की करें तो आज सिर्फ राजनीति में ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में नेतृत्व की परिभाषा हम बदलते हुए देख रहे हैं क्योंकि आदि अनादि काल से नेतृत्व की कुछ अलग मायना हुआ करती थी जो बुजुर्गों के मुख से हम सुनते आ रहे हैं परंतु वर्तमान में आध्यात्मिक, धार्मिक जैसे क्षेत्रों में भी नेतृत्व की बदलती छवि हमें कुछ सालों में दिख रही है हालांकि नेतृत्व की सदियों पुरानी परंपरा को वापस लौटाने का कार्य हम कुछ वर्षों से देख रहे हैं क्योंकि आज के युग के 56 इंची वाले, बुलडोजर वाले बाबाओं के डर से नेतृत्व की नई परिभाषा से वापस पुरानी परिभाषा में ले जाने की परिस्थितियां पैदा की जा रही है ताकि सभी के बात समझ में आ जाए कि नेतृत्व का उद्देश्य क्यों सेवा करना, सही रास्ता दिखाना है नकि माया का आडंबर अंबार खड़ा करना!!!

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका सटीक विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि लोकतांत्रिक दृष्टि से नेतृत्व का अर्थ क्या है,नेतृत्व का उद्देश्य लोगों को सही रास्ता बताना है हुकूमत करना नहीं वर्तमान परिपेक्ष में नेतृत्व का नाम आते ही राजनीति का पर्याय माना जाता है, सृष्टि में नेतृत्व का मतलब सही राह दिखाना है।

ना हो भेदभाव !

ना बांटो समाज को ।
ना हो भेदभाव ।।
होतीं जब ये बातें ।
लगता रहता घाव ।।
जानबूझकर है शायद ।
ना बनो अनजान ।।
आपस में लड़ाकर ।
बनते हो महान ।।
गर्त में ले जा रहे ।
आज ये विचार ।।
सच है ये बातें ।
आपकी आहार ।।
है बदलाव जरूरी ।
होगा रखना ध्यान ।।
मिली यदि सफलता ।
है इसमें फिर शान ।।

कृष्णेन्द्र राय

शार्ट न्यूज

उप्र विधान परिषद चुनाव : भाजपा ने छह उम्मीदवारों की सूची जारी की

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के मतदान वाली विधान परिषद की 36 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने छह उम्मीदवारों की सोमवार को सूची जारी कर दी। आगामी नौ अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। भाजपा ने जिन छह सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किये हैं, उनमें सुल्तानपुर सीट पर विधान परिषद के पूर्व सदस्य (एमएलसी) शैलेंद्र सिंह भी शामिल हैं। वह हाल ही में समाजवादी पार्टी (सपा) छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं। इसके अलावा भाजपा ने कानपुर फतेहपुर सीट से अविनाश सिंह चौहान, बस्ती सिद्धार्थनगर क्षेत्र से सुभाष यदुवंश, वाराणसी सीट से डा सुदामा पटेल, जौनपुर सीट पर बृजेश सिंह प्रिंशु और मिर्जापुर सोनभद्र से विनीत सिंह को एमएलसी का टिकट दिया गया है। इसके साथ ही भाजपा, विधान परिषद के चुनाव वाली सभी 36 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इस चुनाव के लिए आज नामांकन की समय सीमा समाप्त होने के बाद कल, 22 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके बाद 24 मार्च को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है, जबकि नौ अप्रैल को मतदान होगा और 12 अप्रैल को मतगणना होगी।

मनरेगा कार्ड धारकों को रोजगार देने की तैयारी पूरी : उपायुक्त मनरेगा

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में नयी सरकार के गठन के साथ ही ग्रामीण इलाकों में श्रमिकों को मनरेगा के तहत रोजगार देने की जिला स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गयी है। जौनपुर जिले के उपायुक्त (मनरेगा) भूपेंद्र सिंह ने सोमवार को बताया कि मनरेगा के तहत लंबित कार्यों को पूरा कराने की कार्ययोजना बना ली गयी है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 21 विकासखंडों में स्वीकृत कार्यों को मनरेगा मजदूरों के माध्यम से पूरा कराया जायेगा। सिंह ने बताया कि अधिकांश गांवों में कार्य सीमित होने की वजह से कार्डधारकों को रोजगार नहीं मिल पा रहा था। इसके लिए ब्लॉकवार रिपोर्ट मांगी है। सिंह ने कहा कि मनरेगा में जॉब कार्डधारकों की संख्या बढ़ कर लगभग पांच लाख तक पहुंच गई है, हालांकि इनमें सक्रिय जॉब कार्डधारकों की संख्या महज तीन लाख हैं। उन्होंने कहा कि जिले के 1740 गांवों में मनरेगा कामों की शुरुआत से बड़ी संख्या में श्रमिकों को रोजगार मिल सकेगा। सिंह ने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को गांवों में कच्चे व पक्के कार्यों का आंकलन कर इसकी जानकारी मुहैया कराने का निर्देश दिया है, जिससे कार्डधारकों को रोजगार मुहैया कराया जा सके।

दो लाख का इनामी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

वाराणसी। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सोमवार को यहां एक संक्षिप्त मुठभेड़ में दो लाख रूपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि लोहटा-जनसा बार्डर पर अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ टीम ने मनीष सिंह उर्फ सोनू की घेराबंदी कर उसे आत्मसमर्पण के लिये कहा मगर उसने पुलिस पर गोली चलाते हुये भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से बदमाश घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस उसे नजदीकी अस्पताल में ले गयी जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बदमाश के कब्जे से 38 बोर की पिस्टल, नौ एमएम की कारबाईन समेत बड़ी मात्रा में गोली बारूद बरामद किया गया है। उन्होने बताया कि मारा गया बदमाश मिर्जापुर जिले में एक कंपनी के महाप्रबंधक की हत्या के अलावा वाराणसी में एक पत्रकार एनडी तिवारी की हत्या में वांछित था। पुलिस को उसकी हत्या और लूट के कई मामलों में अरसे से तलाश थी। गौरतलब है कि सोनू गैंग के रोहित सिंह सनी, रोहित गुप्ता उर्फ किट्टू और दीपक वर्मा पहले ही पुलिस मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं।

गोण्डा में हिन्दू संगठनो ने फूंका गहलोत सरकार का पुतला

गोण्डा। राजस्थान प्रांत के सालासर चुरु में रामदरबार अंकित स्वागत द्वार को ढहाये जाने के विरोध में सोमवार को यहां नगर क्षेत्र में हिन्दू संगठनों ने गहलोत सरकार का पुतला फूंका। हनुमान गढ़ी मंदिर गेट पर हनुमान चालीसा का पाठ कर हिंदू संगठनो ने गहलोत सरकार का पुतला फूंका। विहिप के धर्मयात्रा प्रमुख राकेशवर्मा उर्फ गुड्डू वर्मा ने बताया कि सालासर मंदिर परिसर के पास सड़क पर बने रामदरबार गेट को कांग्रेस की गहलोत सरकार के इशारे पर पीडब्लूडी ने जानबूझ कर बुल्डोजर से गेट को गिराकर हिन्दू संगठनों की आस्था से खिलवाड़ किया है। उन्होंने कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुये कहा कि राजस्थान में कांग्रेस रियासत के गहलोत आखिरी सुल्तान है। प्रभु राम उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे और राजस्थान की रामभक्त जनता अपने बुल्डोजर से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

कौशांबी में युवक की पीट पीट कर हत्या

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के पिपरी क्षेत्र में सोमवार को दो पक्षों में हुयी हिंसक झड़प में एक युवक की पीट पीट कर हत्या कर दी गयी जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि असरौली गांव निवासी जफर आलम अपने बहनोई के साथ बाइक से हरीरामपुर गांव आया था जहां किसी बात को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया। इस बीच जफर ने कट्टा से फायर कर दिया जिस पर उत्तेजित ग्रामीणों ने घेर कर लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी। इस हमले में युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर जफर आलम का भाई नूर आलम भी हरीरामपुर गांव आकर फायरिंग किया तो ग्रामीणों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। हमलावर मौके से भाग निकले। पुलिस घायल नूर आलम को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चायल में इलाज के लिए भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर नूर आलम को उपचार के लिए प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

बुलन्दशहर में मानसिक विक्षिप्त के हमले से दो मरे, पांच घायल

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के खानपुर क्षेत्र में मानसिक विक्षिप्त ने फावड़े से हमला कर दो लोगों की हत्या कर दी जबकि पांच अन्य को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस उपमहानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि माजरा गांव में मानसिक रुप से विक्षिप्त एक व्यक्ति ने फावड़े से हमला कर सात व्यक्तियों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया जिनमें से दो की मृत्यु हो गई है। पुलिस ने आरोपी बलबीर को गिरफ्तार कर घटनास्थल से बलकटी और फ़ावड़ा भी बरामद कर लिया है। आक्रोशित ग्रामीण आरोपी को फांसी की मांग लेकर थाने पर प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गये हैं। उन्होने बताया कि घायलों का राजकीय अस्पताल बुलंदशहर में इलाज चल रहा है। मानसिक रूप से विक्षिप्त इस व्यक्ति ने घर से निकल कर गांव के ही एक किसान का फावड़ा व बलकटी उठा लिया था तथा रास्ते में जो भी व्यक्ति मिला उस पर गम्भीर प्रहार किए।

बदायूं में बैंक मैनेजर ने की आत्महत्या

बदायूँ। उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक नगर क्षेत्र प्रवीण सिंह चौहान ने सोमवार को बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर सैयद यूसुफ अली (40) ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जालंधर सराय स्थित अपने आवास पर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। ब्रांच मैनेजर का स्थानांतरण रीजनल ऑफिस बरेली हो गया था मगर उन्होंने अभी तक बदायूं से चार्ज नहीं छोड़ा था। ब्रांच मैनेजर पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। उन्होने बताया कि आत्महत्या के कारण का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

यूपी के 4000 मेगावाट बिजली देने की तैयारी

22 विद्युत सब स्टेशनों पर जल्द शुरू होगी तैयारी

लखनऊ। यूपी पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि. बुंदेलखंड में ग्रीन इनर्जी कारीडोर के तहत ट्रांसमिशन लाइन बनाने का काम जल्द शुरू करेगा। ट्रांसमिशन लाइन के तहत प्रस्तावित 24 में से 22 विद्युत सब स्टेशनों के लिए स्थल चिन्हित कर लिए गए हैं। इन्हें बनाने का काम जल्द शुरू होगा। इससे प्रदेश को 4000 मेगावाट सौर ऊर्जा के जरिये बिजली मिल सकेगी।

कारीडोर के तहत 4000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन होगा

ग्रीन इनर्जी कारीडोर-द्वितीय के तहत बुंदेलखंड क्षेत्र में 4000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य है। जिसके तहत यूपीनेडा द्वारा बनाए गए संयुक्त बेंचर टिस्को लि. को झांसी में 600 मेगावाट, ललितपुर में 600 मेगावाट तथा चित्रकूट में 800 मेगावाट का सोलर पार्क विकसित करने की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा बुंदेलखंड सौर ऊर्जा प्रा. लि. 1200 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र विकसित करेगा। शेष 800 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का काम किसे दिया जाए इस पर भी मंथन चल रहा है।

ट्रांसमिशन के लिए बनेगी सेपरेट लाइन

इन सौर ऊर्जा पार्कों से उत्पादित बिजली को ग्रिड पर डालने के लिए सेपरेट ट्रांसमिशन लाइन बिछाने की जिम्मेदारी उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि. को दी गई है। कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पी. गुरु प्रसाद के मुताबिक ट्रासमिशन के तहत 24 सब स्टेशन बनाए जाने हैं, जिसमें से 22 के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। 765 मेगावाट के जो बड़े सब स्टेशन बनेंगे उसके लिए सौर ऊर्जा पार्कों में भूमि मिल रही है। कुछ सब स्टेशनों के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध हो रही है। जहां पर किसानों की भूमि सब स्टेशन के लिए ली जानी है वहां संबंधित डीएम से इसके लिए बात की गई है। कारपोरेशन किसानों से जरूरी भूमि की खरीद जल्द करेगा। एमडी के मुताबिक ट्रांसमिशन लाइन के एप्रुवल व टेंडर की प्रक्रिया अगले तीन-चार महीने में पूरी कर काम शुरू करने की तैयारी है।

एक करोड़ की रिश्वत मामले में जीएसटी इंस्पेक्टर के घर सीबीआई का छापा, टीम ने एक घंटे तक की तलाशी

एजेंसी

खुर्जा (बुलंदशहर)। बुलंदशहर जिले की कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के मोहल्ला न्यू शिवपुरी में सीबीआई टीम ने रविवार रात जीएसटी के इंटेलीजेंस विभाग में इंस्पेक्टर के घर छापेमारी की। टीम ने करीब एक घंटे तक इंस्पेक्टर के माता-पिता की मौजूदगी में घर की तलाशी ली। वर्तमान में गाजियाबाद में तैनात इंस्पेक्टर ऐश्वर्य अत्री पर एक करोड़ की रिश्वत मांगने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार गाजियाबाद में जीएसटी इंटेलीजेंस महानिदेशालय के कार्यालय में कार्यरत एक वरिष्ठ खुफिया अधिकारी और एक निजी व्यक्ति को एक करोड़ रुपये की रिश्वत पीड़ित से मांगने के मामले में गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों ने अन्य कुछ लोगों का रिश्वत मांगने में शामिल होना बताया, जिसके बाद सीबीआई की टीम ने खुर्जा पहुंचकर ऐश्वर्य अत्री के घर तलाशी ली।

पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब 12 बजे सीबीआई की टीम मोहल्ला न्यू शिवपुरी पहुंची। जहां उन्होंने जीएसटी के इंटेलीजेंस विभाग के इंस्पेक्टर ऐश्वर्य अत्री के घर की तलाशी ली। घर पर ऐश्वर्य के माता-पिता मिले, जिनसे टीम ने पूछताछ की। करीब तीन घंटे तक चली तलाशी के बाद सीबीआई की टीम वापस चली गई। खुर्जा कोतवाली नगर प्रभारी नीरज कुमार का कहना है कि सीबीआई की टीम के पास सर्च वारंट था, उन्होंने ऐश्वर्य अत्री के घर छापामारी कर जांच-पड़ताल की है।

जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर का भाई गिरफ्तार

आगरा। फतेहगढ़ जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर सुधीर सिंह भदौरिया को महिला डॉक्टर से रंगदारी मांगना महंगा पड़ गया। रविवार को पुलिस ने साजिश में शामिल उसके भाई महेश भदौरिया को जेल भेज दिया। महिला डॉक्टर को एक गनर दिया गया है। जेल में कुख्यात की बैरक की तलाशी लेने के लिए बोला है। मुकदमे में कुख्यात का भी वारंट बनेगा। शाहगंज क्षेत्र निवासी महिला डॉक्टर ने शाहगंज थाने में 16 मार्च को एक मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे में ऋषि मार्ग निवासी महेश उसकी पत्नी गौरी, बहन ममता सिंह, मां, साली सुमन व रेनू सिंह व सुधीर भदौरिया को नामजद किया था। आरोप लगाया था कि उनसे पांच लाख की रंगदारी मांगी जा रही है। सुधीर ने फतेहगढ़ जेल से उन्हें कई बार फोन करके धमकी दी। महेश उसका सगा भाई है। बेहोश करके महेश के साथ उनके अश्लील फोटो लिए गए। उन्हें वायरल किया। शनिवार को महिला डॉक्टर ने इंसाफ के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। फेसबुक पर अपना वीडियो वायरल किया। जिसमें बोला कि इंसाफ नहीं मिला तो वह खुदकुशी कर लेंगी। दहशत में उनके परिवार पलायन कर गया है। वीडियो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए बनाया गया था।

कानपुर : पुलिस पर हमले में 27 नामजद समेत 150 पर केस दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

कानपुर देहात। कानपुर में रूरा थाना क्षेत्र के भौंरा गांव में पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में एक आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही 27 नामजद समेत 150 लोगों के खिलाफ पुलिस ने बलवा, हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा डालने आदि की धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया है। एसपी ने रात में ही सीएचसी रूरा पहुंचकर घायल जवानों का हाल जाना। सोमवार दोपहर के वक्त आईजी प्रशांत कुमार ने भी थाने पहुंच घटना की जानकारी ली।

भौंरा गांव के बंजारन डेरा तथा मुरलीपुर अपौना गांव के कुछ युवकों के बीच दो

दिन पहले किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी। इस खुन्नस में रविवार शाम को दोनों गांवों के युवकों के बीच फिर संघर्ष हो गया। इसकी सूचना पर डायल-112 के साथ रूरा थाने के एसआई कुलदीप सिंह फोर्स के साथ गांव पहुंचे। पुलिस टीम के पहुंचते ही ग्रामीणों ने पथराव के साथ ही लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में पवन मोबाइल के सिपाही मोहित तिवारी व ईसास खां घायल हो गए। दोनों को सीएचसी रूरा में भर्ती कराया गया।

बवाल की जानकारी पर एसपी स्वप्निल ममगाई ने रात में ही सीएचसी पहुंचकर घायल जवानों से पूछताछ के बाद एसओ रूरा को मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया।

एसआई कुलदीप सिंह की ओर से पुलिस ने जिलेदार, रहीम पाल, संतोष, रवी सिंह, राम सिंह, राकेश सहित 27 नामजद व 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, हत्या के प्रयास, सरकारी काम में बाधा डालने, पुलिस पर हमला करने व 7 क्रिमिनल एक्ट आदि धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। एएसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि मामले में एक आरोपित बलवीर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

शेष की तलाश की जा रही है। गांव में तनाव के मद्देनजर पुलिस बल तैनात है। सोमवार दोपहर आईजी प्रशांत कुमार भी थाने पहुंच जानकारी ली, साथ ही दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को भी कहा है।

झांसी : पोषण पखवाड़े का धूमधाम से हुआ शुभारंभ

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी जनपद में पोषण पखवाड़े का सोमवार को धूमधाम के साथ शुभारंभ किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में विकासखंड बड़ागांव के आंगनवाडी केंद्र दिगारा में पोषण पखवाड़ा का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने पोषण के प्रति लोगों को जागरूक किया। यह आयोजन जनपद के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा।

डीपीओ ने बताया कि जब एक युवती गर्भ धारण करती है, उसी समय से ही उसे उचित पोषण मिलना चाहिए। जब यहाँ से शुरुआत होगी तो पूरा जीवन चक्र सुपोषित हो जाएगा। उन्होंने उपस्थित आंगनवाड़ी और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि जनसम्पर्क की पहली कड़ी होने के नाते न सिर्फ़ पोषण बल्कि सरकार की

अन्य योजनाओं की जानकारी भी जन जन तक पहुंचाए। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं से संबन्धित योजनाओं के बारे में भी बताया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पोषण पखवाड़ा में सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही और आंगनवाड़ियों को खुद भी बहुत जागरूक होने के लिए प्रेरित किया, साथ ही एक बेहतर पोषण में सहायक स्तनपान, पौष्टिक आहार और नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए कहा।

पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सीडीपीओ श्रीमती स्नेहा गुप्ता ने कहा कि पोषण एक जन समस्या है, और जन आंदोलन के माध्यम से इससे पार पाया जा सकता है। इसके माध्यम से जन जन तक यह संदेश देने का प्रयास है कि वह इस जन समस्या को समझकर इसके निराकरण के लिए बेहतर प्रयास करे।

उन्होंने पोषण अभियान के अंतर्गत 21 मार्च 2022 से 04 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े के आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि 21 मार्च से 27 मार्च तक बच्चों का वजन/लंबाई लेना, नए लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन, 28 मार्च से 04 अप्रैल तक संवेदनशीलता, एनीमिया की पहचान, जल प्रबंधन, पारंपरिक भोजन को बढ़ावा इत्यादि के कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे। इसी क्रम में आज पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें बच्चों को माला पहनाकर फल वितरित किए गए, इसके साथ ही पोषण धागे के माध्यम से लाभार्थियों को पोषण के बारे में जानकारी दी गई।

पोषण पखवाड़ा में आगनवाड़ी की कार्यकर्ताओं ने स्वागत और पोषण गीतों का प्रस्तुतीकरण किया। पखवाड़ा कार्यक्रम के शुभारंभ पर बच्चों ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी।

मां का सिर धड़ से अलग किया, घर में ही शव जलाते समय गिरफ्तार

एजेंसी

हमीरपुर। हमीरपुर में गृहकलह से क्षुब्ध बेटे ने रौंगटे खड़ी करने वाली वारदात को अंजाम दे डाला। 80 वर्षीय मां की गर्दन कुल्हाड़ी से काटकर धड़ से अलग कर दी और फिर शव को घर के अंदर ही जलाने लगा। धुएं और दुर्गंध पर पड़ोसियों ने घर में झांका तो उनके होश उड़ गए। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह धड़ को जला रहा था जबकि सिर उसने कमरे में छिपा दिया था।

ललपुरा थाने के कलौलीजार गांव के लालाराम उर्फ लल्लू विश्वकर्मा (45) ने सोमवार सुबह साढ़े दस बजे मां सजनवती की गर्दन काटकर नृशंस हत्या कर दी। हाथ की उंगलियां भी काट डालीं। हत्या के बाद शव को घर में ही जला रहा था।

धुआं देख ग्रामीणों को शक हुआ तो वे सब घर पहुंच गए। कमरे का दृश्य देख ग्रामीणों के रोंगटे खड़े हो गए। गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले लालाराम मां का अधजला शव कमरे से निकालकर आंगन में ले आया और खुद भी वहीं बैठ गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

कुछ देर बाद एसपी केके दीक्षित भी घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि गृहकलह के चलते लालाराम ने वारदात को अंजाम दिया है।

कुछ ग्रामीणों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है। मृतका के भतीजे लालबहादुर ने लालाराम के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अयोध्या राम मंदिर निर्माण : 42 दिनों मे तीन करोड़ रुपए से अधिक का दान, अभी गिनती बाकी

अयोध्या। रामजन्मभूमि में विराजमान रामलला पर देवी लक्ष्मी की स्नेह वर्षा अनवरत हो रही है। हो भी क्यों न अखिल ब्रह्मांड नायक परात्पर ब्रह्म प्रभु श्रीराम तो भगवान विष्णु के ही अवतार है और देवी लक्ष्मी उनकी अर्धांगिनी है। यही कारण है कि रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से मात्र 42 दिनों का धन समर्पण अभियान चलाया गया तो इस अवधि में ही तीन हजार करोड़ से अधिक की राशि एकत्र हो गयी। फिलहाल अभी अंतिम गणना शेष है। इस बीच रामलला के दानपात्र की इस पखवारे की गिनती पूरी हो गयी। इस अवधि में दानपात्र से 21 लाख रूपए की धनराशि प्राप्त हुई।

इस चढ़ावे की गिनती के लिए यहां भारतीय स्टेट बैंक की शाखा अयोध्या के कर्मचारी आते हैं और ट्रस्ट के कर्मचारी गिनती में सहयोग करते हैं। हर पखवारे की तिथि महीने की पांचवीं व 15 वीं को यह गिनती की जाती है लेकिन गिनती एक दिन में नहीं हो पाती बल्कि दो से चार दिन लग जाते है। रामजन्मभूमि ट्रस्ट के कार्यलय के प्रभारी प्रकाश कुमार गुप्त का कहना है कि इस पखवारे की गिनती पूरी हो चुकी है और करीब 21 लाख की राशि दानपात्र से मिली है जिसे बैंक कर्मियों ने रामलला के खाते में जमा करा दिया है।

एक मुश्त दो करोड़ रुपए की धनराशि का मिला चेक

रामलला के खाते में सात जनवरी 1993 से धन जमा कराया जा रहा है। इस खाते में रामजन्मभूमि ट्रस्ट गठन के पहले से ही 11 करोड़ से अधिक जमा है। ट्रस्ट कार्यालय के प्रभारी गुप्त ने बताया कि इसी पखवारे रसीदों के जरिए भी औसतन दस लाख की राशि प्राप्त हुई है।

उन्होंने बताया कि पोस्ट आफिस के माध्यम से एक लाख से अधिक के चेक बराबर आते रहते हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक उद्योग समूह की ओर से दो करोड़ का चेक यहां आकर दिया गया। उन्होंने बताया कि यह चेक ट्रस्ट महासचिव चंपत राय को सौंपा गया था। इस मौके पर ट्रस्टी व अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी व ट्रस्ट के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

एसीएस के दौरे के बाद तेज हुआ सुग्रीव किला सम्पर्क का काम

रामनवमी पर्व दस अप्रैल को मनाया जाएगा। इससे पूर्व नवसंवत्सर तदनुसार दो अप्रैल से रामनवमी मेला का भी श्रीगणेश होगा। बीते दो वर्षों में कोरोना की वैश्विक महामारी के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ नहीं आ सकी। इस बार संभावना है कि अब तक के सभी रिकार्ड भीड़ की दृष्टि से टूट जाएंगे। इसके लिए अतिरिक्त सम्पर्क के निर्माण की कोशिश की गयी थी लेकिन यह संभव नहीं हो सका। फिर भी अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी के दौरे के बाद सुग्रीव किला सम्पर्क मार्ग का काम तेज हो गया है। इस रास्ते को पूरी तरह से समतल बनाकर अस्थायी वैकल्पिक मार्ग के रुप में तैयार कर लिया गया। ऐसे में भीड़ बढ़ने के दौरान इमरजेंसी उपयोग किया जा सकेगा।

यूपी एमएलसी चुनाव : नामांकन करने पहुंचे सपा प्रत्याशी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर पीटा, कपड़े फाड़े

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में होने वाले विधान परिषद चुनाव की 30 सीटों पर नामांकन करने का आज अंतिम दिन है। ऐसे में सभी पार्टियों के उम्मीदवार अपना-अपना नामांकन करने पहुंच रहे हैं। लेकिन इस बीच फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में एमएलसी चुनाव के नामांकन के दौरान जमकर हुआ बवाल। नामांकन करने पहुंचे सपा प्रत्याशी हरीश यादव से भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर की मारपीट। इसी दौरान उन लोगों ने सपा प्रत्याशी के कपड़े भी फाड़ दिए। हालात बिगड़ते देख हरीश यादव मौके से

भागकर नामांकन कक्ष पहुंचे। जानकारी के अनुसार, आज नामांकन का आखिरी दिन मोहम्मदाबाद नगर पंचायत से सपा प्रत्याशी हरीश यादव सोमवार दोपहर अपना नामांकन करने कलक्ट्रेट पहुंचे। वहां भाजपा कार्यकर्ताओं से उनका विवाद हो गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, उन लोगों ने हरीश के कपड़े तक फाड़ दिए। पुलिस कर्मियों ने उन्हें किसी तरह से बचाया। तब वह बिना चप्पल के ही नामांकन कक्ष में पहुंचे।

बताया जा रहा है कि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त भी विधान परिषद के भाजपा से उम्मीदवार हैं और वह भी अपना पर्चा भरने कलेक्ट्रेट आये थे। इसी दौरान सपा प्रत्याशी हरीश यादव भी पहुंच गए और जमकर बवाल हो गया।

अधेड़ का शव मिला

ललितपुर। उत्तर प्रदेश में ललितपुर के सदर कोतवाली थानाक्षेत्र में सोमवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव क्षत विक्षत अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने बताया कि सदर कोतवाली अंतर्गत कैलगुवां चौराहे के निकट शहजाद नदी के पास राजमार्ग-44 पर लोगों को सड़क किनारे झाडियों से बदबू आ रही थी, जिसके बाद उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो वहां पर एक अधेड़ का शव सड़ी गली अवस्था में पड़ा था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कार्रवाई शुरू कर दी। शहर कोतवाल ने आशंका जतायी कि शव तीन से चार दिन पुराना है और पीड़ित की उम्र 50 वर्ष के लगभग है, शव के शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।

कानपुर में अस्पतालों की बड़ी लापरवाही

जिंदा मरीजों को बता दिया मुर्दा; नोटिस जारी

एजेंसी

कानपुर। कानपुर में तीन अस्पतालों ने लापरवाही की इंतहा कर डाली। पांच जिंदा मरीजों को ही मुर्दा साबित कर दिया। डीएम के आदेश पर सीएमओ ने जांच कर रिपोर्ट भेजी तो इसका खुलासा हुआ। सबसे ज्यादा तीन मामले जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों के हैं। अब तीनों अस्पतालों से जवाब तलब किया गया है।

शासन के निर्देश पर कोविड से मृत लोगों के परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जानी है। जब शासन से भेजी गई मृतकों की सूची का सत्यापन राजस्व विभाग ने कराया तो होश उड़ गए। लेखपालों ने घर जाकर पता किया तो लिस्ट में दर्ज पांच मृतक जिन्दा निकले। इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को दी तो एक बार फिर सीएमओ से जांच कराई गई। इसमें साफ हो गया कि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज ने तीन, नारायणा मेडिकल कॉलेज और एमकेसीएच अस्पताल ने एक-एक जिंदा को कागजों पर मृत घोषित कर दिया था। डीएम ने पांचों मामले में सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। सीएमओ ने सभी अस्पतालों से जवाब मांगा है।

शार्ट न्यूज

रूचि सोया एफपीओ की तारीख घोषित, आवेदन मूल्य 615-650 रुपए

मुंबई। योगगुरू बाबा रामदेव के पतंजलि समूह द्वारा अधिकृत रूचि सोया का अनुवृति शेयर निर्गम में शेयर खरीद के लिए 24-28 मार्च के बीच बोलियां लगायी जा सकती हैं। कंपनी ने इसके लिए आवेदन मूल्य का दायरा 615-650 रुपए प्रति शेयर तय किया है। शेयर का अंकित मूल्य दो रुपए है और इस निर्गम से कंपनी ने 4300 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने एक बयान में कहा, इस निर्गम के माध्यम से कंपनी ने 4300 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा है, जिसकी अंकित मूल्य दो रुपए प्रति शेयर है। इस निर्गम में कंपनी के पात्र कर्मचारियों के लिए 10,000 शेयर तक प्रति कर्मचारी आरक्षित किए गए हैं। यदि कर्मचारियों के लिए आरक्षित सभी शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हो जाते हैं तो अनुवर्ती निर्गम का आकार कम हो जाएगा। शेयर बाजार में सोमवार को कंपनी का शेयर 17.27 प्रतिशत टूटकर 831 रुपए रुपए पर खुला, जिसकी कीमत शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय 1004.45 रुपए प्रति शेयर पर थी। रूचि सोया मुख्य रूप से तिलहन के प्रसंस्करण, खाना पकाने के तेल, सोया उत्पादों के निर्माण और मूल्यवर्धित उत्पादों के व्यवसाय में काम करती है। कंपनी पाम और सोया तेल कारोबार से जुड़ी है। यह मूल्यवर्धन श्रृंखला में किसानों से लेकर उपभोक्ताओं तक की कड़ियों का परिचालन करती है। इसके उत्पादों के मुख्य ब्रांड में महाकोश, सनरिच, रूचि गोल्ड और न्यूट्रेला है।

यूक्रेन से 22,500 भारतीय लौटे, सरकार ने वहन किया किराया

नयी दिल्ली। ऑपरेशन गंगा के तहत एक फरवरी से 11 मार्च तक करीब 22,500 भारतीय नागरिकों को यूक्रेन से लाया गया है। इस अभियान में भारतीय वायु सेना की 14 उड़ानें समेत 90 उड़ानों का संचालन किया गया। ऑपरेशन गंगा में संचालित की गई सभी उड़ानों के किराए का वहन केन्द्र सरकार ने किया है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस दोनों ने मिलकर अभियान में 23 निकासी उड़ानें संचालित की हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि सरकार ने यूक्रेन और उससे सटे देशों रोमानिया, हंगरी, पोलैंड और स्लोवाकिया से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा के तहत छह निजी एयरलाइनों- एयर एशिया, एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, गो फर्स्ट, इंडिगो और स्पाइसजेट के साथ तालमेल किया है।

सोना 332 और चांदी 651 रुपये चमकी

मुंबई। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग आने से आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 332 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 651 रुपये प्रति किलोग्राम चमकी गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 1921.16 डॉलर प्रति औंस पर सपाट रहा। वहीं, सोना मिनी 0.17 प्रतिशत गिरकर 1925 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इस दौरान चांदी 0.36 प्रतिशत बढ़कर 25.04 डॉलर प्रति औंस पर रही। देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 332 रुपये चढ़कर 51779 रुपये प्रति दस ग्राम पर और सोना मिनी 287 रुपये बढ़कर 51673 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। इस दौरान चांदी 651 रुपये की बढ़त के साथ 68527 रुपये प्रति किलोग्राम पर और चांदी मिनी 587 रुपये की तेजी के साथ 68668 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

रुपया 34 पैसे लुढ़का

मुंबई। आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 34 पैसे लुढ़ककर 76.18 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 37 पैसे चमककर 75.84 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 24 पैसे गिरकर 76.08 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और लिवाली के दबाव में 76.18 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। बिकवाली के बल पर यह 76.03 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले दिवस के 75.84 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले 34 पैसे टूटकर 76.18 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया।

हुंडई की 8 नई इलेक्ट्रिक कारें: कंपनी ने 2030 तक लग्जरी ईवी लॉन्च करने का प्लान बनाया, इंटरनल कम्बशन इंजन पर लगाएगी ब्रेक

नई दिल्ली। सभी ऑटोमोबाइल कंपनियां ईवी सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती हैं। इसके लिए कुछ कंपनियां इलेक्ट्रिक व्हीकल लॉन्च कर चुकी हैं। तो कुछ आने वाले दिनों में लॉन्च करने की तैयारी में हैं। हुंडई मोटर्स की कोना ईवी पहले से मार्केट में आ रही है, लेकिन वो अपने ईवी सेगमेंट को मजबूत बनाने के लिए 2030 तक 8 नई ईवी लॉन्च करेगी। ये सभी लग्जरी ईवी होंगी। कंपनी ने ये भी कहा है कि अब उसका फोकस इलेक्ट्रिक कारों पर ही रहेगी। हुंडई 2025 में अपनी आखिरी इंटरनल कम्बशन इंजन कार लॉन्च करेगी। इसी साल कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करेगी। 2030 तक कंपनी 17 नए मॉडल लॉन्च करेगी जिसमें से 8 पूरी तरह लग्जरी इलेक्ट्रिक कारें होंगी। इन कारों को एक कॉमन प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जाएगा। जेनेसिस की मूल कंपनी हुंडई मोटर्स अपनी Ioniq इलेक्ट्रिक कारों को कॉमन मॉडुलर प्लेटफॉर्म पर डेवलप कर रही है, जिसका उपयोग Ioniq 5 और Ioniq 6 जैसी इलेक्ट्रिक कारों में किया गया है। जेनेसिस भी इसी तरह के एक नए प्लेटफॉर्म को डेवलप करेगी जो कंपनी की सभी कारों में समान होगा। आने वाली 17 कारों में 11 हुंडई बैज की इलेक्ट्रिक कारें होंगी और 6 जेनेसिस ब्रांड के तहत डेवलप की गई कारें होंगी। इस साल के आखिर में हुंडई Ioniq 6 को ग्लोबल मार्केट में बिक्री के लिए उपलब्ध कर दिया जाएगा, जबकि Ioniq 7 का लॉन्च 2024 में निर्धारित किया गया है। हुंडई और जेनेसिस का अपनी इलेक्ट्रिक कारों को भारत में लॉन्च करने की कोई योजना नहीं है।

वित्त वर्ष खत्म होने से पहले हेल्थ इंश्योरेंस रिव्यू जरूरी

नई दिल्ली। कोरोना महामारी के बाद से हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर लोगों में जागरुकता पहले से काफी बढ़ गई है। बीते 2 सालों में हेल्थ इंश्योरेंस लेने वाले लोगों की संख्या में भी खासा इजाफा हुआ है। हालांकि, इतनी जागरूकता के बावजूद ज्यादातर लोग हेल्थ इंश्योरेंस लेने से पहले अपनी जरूरतों की समीक्षा नहीं करते और न ही इंश्योरेंस लेने के बाद पॉलिसी रिन्यू कराते समय अपनी पॉलिसी और जरूरतों की समीक्षा करते हैं। आपकी और आपके परिवार की हेल्थ इंश्योरेंस जरूरतों में समय के हिसाब से बदलाव हो सकता है और उसी के मुताबिक आपको अपनी पॉलिसी में भी बदलाव करते रहना चाहिए। वित्त वर्ष समाप्त होने को है और यह सबसे अच्छा समय है कि आप अपनी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी की अच्छे से समीक्षा कर लें और उसमें जरूरत मुताबिक बदलाव कर लें। पॉलिसी बाजार डॉट कॉम के हेड-हेल्थ इंश्योरेंस अमित छाबड़ा आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं जो कारगर साबित हो सकते हैं। एनसीएईआर-इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की एक समीक्षा के मुताबिक भारत में इलाज और अस्पताल के खर्चों से संबंधित महंगाई में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए आपकी स्वास्थ्य संबंधी कवरेज और सम-अश्योर्ड की राशि भी बढ़नी चाहिए। यदि आपने पहले कम कवरेज लिया था, तो कवरेज बढ़वा सकते हैं। इस समय एक सामान्य परिवार के लिए 10 से 15 लाख रुपए का हेल्थ कवर पर्याप्त हो सकता है। अपने परिवार के सदस्यों और किसी मौजूदा बीमारी के आधार पर अपना सम-अश्योर्ड का चुनाव करें। अकसर लोग हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी को रिन्यू करवाते समय प्रीमियम बचाने के लिए पूर्व-घोषित बीमारियों को ही बताते हैं, नई बीमारी की जानकारी नहीं देते। जबकि अधिकांश इंश्योरेंस कंपनियों की शर्तों के मुताबिक पुरानी के अलावा नई बीमारियों की घोषणा करना भी जरूरी है। अन्यथा क्लेम सेटलमेंट में दिक्कत आ सकती है। इसके अलावा पॉलिसी पोर्ट करते समय भी नए सिरे से वेटिंग पीरियड का सामना करना पड़ेगा। कवरेज रिन्यू करते समय हमेशा एड ऑन की जांच करें। इससे आपको अतिरिक्त लाभ मिलते हैं।

शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक

मुंबई। वैश्विक बाजार के सकारात्मक संकेत के बावजूद स्थानीय स्तर पर एसबीआई, एलटी, एचडीएफसी, रिलायंस, आईटीसी और टाटा स्टील जैसी दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से कारोबारी सप्ताह के पहले दिन सोमवार को शेयर बाजार की पिछले दो दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 571.44 अंक का गोता लगाकर 57292.49 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 169.45 अंक टूटकर 17117.60 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली कंपनियों में बिकवाली हुई लेकिन छोटी कंपनियों के प्रति निवेशकों की निवेश धारण मजबूत रही। इस दौरान मिडकैप 162.82 अंक उतरकर 23,661.79 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 104.74 अंक चढ़कर 27,811.06 अंक पर रहा।

बिकवाली के दबाव में बीएसई के 16 समूह के शेयर गिर गये। इस दौरान सीडीजीएस 0.87, एफएमसीजी 1.46, वित्त 1.13, इंडस्ट्रियल्स 0.64, आईटी 0.58, दूरसंचार 0.58, यूटिलिटीज 1.89, ऑटो 0.99, बैंकिंग 1.30, कैपिटल गुड्स 1.12, तेल एवं गैस 0.88, रियल्टी 0.68, टेक 0.77 और पावर समूह के शेयर 1.81 प्रतिशत उतर गये।

वैश्विक बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.71, जर्मनी का डैक्स 0.05, जापान का निक्केई 0.65 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.08 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग के हैंगसैंग में 0.89 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 166 अंक की तेजी के साथ 58,030.41 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली से थोड़ी देर बाद ही 58,127.95 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद शुरू हुई बिकवाली से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 57,229.08 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 57,863.93 अंक की तुलना में 0.99 फीसदी गिरकर 57,292.49 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3670 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2025 में गिरावट जबकि 1502 में तेजी रही वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

निफ्टी की शुरुआत भी मजबूत रही और यह 42 अंक बढ़कर 17,329.50 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 17,353.35 अंक के उच्चतम जबकि 17,096.40 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,287.05 अंक के मुकाबले 0.98 प्रतिशत टूटकर 17,117.60 अंक पर रहा। एनएसई में 40 कंपनियों के शेयर बिकवाली के दबाव में रहे जबकि 10 में बढ़त दर्ज की गई।

इस दौरान पावर ग्रिड ने सबसे अधिक 3.12 प्रतिशत का नुकसान उठाया जबकि शेष 24 कंपनियों के शेयर 0.08 से 2.85 प्रतिशत तक की गिरावट पर रहे। वहीं, सन फार्मा 0.41, एचडीएफसी बैंक 0.39, मारुति 0.15, टाइटन 0.09 और एनटीपीसी के शेयरों ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

संसदीय समिति का उर्वरक विभाग के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन का सुझाव

नयी दिल्ली। संसद की एक समिति ने वित्त वर्ष 2022-23 में उर्वरक विभाग के लिए अपर्याप्त बजट आवंटन पर चिंता जताई है। समिति ने वित्त मंत्रालय से आवंटित कोष का समय पर महत्तम इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए बजट में ही पर्याप्त धन आवंटित करने को कहा है।

रसायन और उर्वरक पर संसद की स्थायी समिति ने %अनुदान मांग% पर अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि उर्वरक विभाग की विभिन्न योजनाएं और नीतियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के मकसद से वर्ष 2022-23 में 1.76 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित मांग के मुकाबले 1.09 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ''...बजटीय आवंटन में 67,518.36 करोड़ रुपये की कटौती की गई है। यह राशि विभाग की अनुमानित जरूरतों का 38 प्रतिशत है।'' विभाग के अनुसार, आवंटित राशि वर्ष 2022-23 के लिए सब्सिडी कोष की अनुमानित जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है और अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता का पुनर्मूल्यांकन संशोधित अनुमान/अनुपूरक मांग के समय कच्चे माल और उर्वरकों की कीमतों के आधार पर किया जाएगा। हालांकि, संशोधित अनुमान (आरई) के चरण से पहले का खर्च बजटीय आवंटन के आधार पर ही किया जाता है। संशोधित अनुमान को ज्यादातर हर साल दिसंबर तक अंतिम रूप दिया जाता है और इसे अनुदान के लिए पूरक मांगों की दूसरी किस्त के माध्यम से विनियमित किया जाता है। इसलिए आरई चरण में स्वीकृत धनराशि ज्यादातर वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के दौरान ही विभाग तक पहुंचती है। वर्ष 2021-22 के दौरान बजट अनुमान स्तर पर कुल 84,041.39 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जिसे बढ़ाकर संशोधित अनुमान (आरई) चरण में 1.49 लाख करोड़ रुपये किया गया। यह बजट अनुमान की तुलना में लगभग 78 प्रतिशत की वृद्धि थी।

भारतीय स्टार्टअप दुनिया में काम करने के तरीकों में ला रहे बदलाव : आमिताभ कांत

नयी दिल्ली। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने सोमवार को कहा कि भारतीय स्टार्टअप दुनिया में काम करने के तरीकों में व्यापक बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अधिक समानता वाले समाज के लिये महिला उद्यमिता एक प्रमुख माध्यम है।

उद्योग मंडल फिक्की के महिला संगठन (एफएलओ) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांत ने कहा कि भारत में इस समय 61,000 से अधिक स्टार्टअप हैं और 81 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) हैं।

उन्होंने कहा, ''भारतीय स्टार्टअप खासकर स्वास्थ्य के नये उभरते क्षेत्रों, पोषण और कृषि जैसे क्षेत्रों में दुनिया में काम करने के तरीकों में व्यापक बदलाव ला रहे हैं।''

कांत के अनुसार, महिलाओं के स्वामित्व वाले कारोबार और उद्यम समाज में एक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं और जल्द ही भारतीय स्टार्टअप परिवेश के भीतर व्यापक बदलाव का कारण बनेंगे।

उन्होंने कहा, ''महिला-आधारित उद्यमिता अधिक समानता वाले समाज को साकार करने के लिये महत्वपूर्ण माध्यमों में से एक है। जितनी ज्यादा महिलाएं उद्यमिता को अपनाएंगी...उतना ही सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिये यह उत्प्रेरक बन सकेगा।'' नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि फिलहाल उद्यम पूंजी और निजी इक्विटी कंपनियां महिला स्टार्टअप का समर्थन कर रही हैं।

पेट्रोल, डीजल के दाम 137 वें दिन भी स्थिर

देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे

महानगर	पेट्रोल	डीजल (रुपए प्रति लीटर)
दिल्ली	95.41	86.67
कोलकाता	104.67	89.79
मुंबई	109.98	94.14
चेन्नई	101.40	91.43

नयी दिल्ली। रूस यूक्रेन के बीच जारी जंग के कारण कच्चे तेल की कीमतों में हो रहे उतार चढ़ाव के बीच देश में आज लगातार 137 वें दिन पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत करीब 100 डॉलर प्रति बैरल की कीमत से ऊपर चल रही है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में रविवार के मुकाबले आज आंकड़ो में उछाल आया है।

लंदन ब्रेंट क्रूड 3.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 111.37 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 3.44 प्रतिशत चढ़कर 108.30 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमश: पांच और 10 रुपये घटाने की घोषणा के बाद 04 नवंबर 2021 को ईंधन की कीमतों में तेजी से कमी आई थी।

इसके बाद राज्य सरकार के मूल्य वर्धित कर (वैट) कम करने के फैसले के बाद राजधानी दिल्ली में भी वैट को कम करने का निर्णय लिया गया।

इसके बाद राजधानी में 02 दिसंबर 2021 को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था। डीजल की भी कीमतें हालांकि जस की तस बनी रहीं।

केंद्र द्वारा उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद अधिकांश राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भी पेट्रोल और डीजल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) कम कर दिया था, जिससे आम आदमी को काफी राहत मिली थी।

हालांकि पांच राज्यों मे हुये विधानसभा चुनावों के बाद इन दोनों प्रमुख ईंधन की कीमतों में बढोतरी की उम्मीद की जा रही है लेकिन अब होली के बाद इनकी कीमतों में बढोतरी की संभावना है। यूरोप और अमेरिका द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाये जाने के बीच देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कार्पोरेशन ने हाल ही में रूस से कच्चे तेल की खरीद की है। रूस अभी अन्य तेल उत्पादक देशों की तुलना में कम कीमत पर कच्चे तेल की बिक्री कर रहा है।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

खाद्य तेलों मे मिलाजुला रुख

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल के साथ ही अन्य जिंसों में भी मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 132 रिंगिट चढ़कर 6248 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.44 सेंट की तेजी के साथ 73.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया

स्थानीय स्तर वनस्पति तेल 220 रुपए और पाम ऑयल 146 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सूरजमुखी तेल में 147 रुपए की तेजी रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और सोया रिफाइंड के भाव पिछले कारोबार दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 40 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 50 रुपए, चना दाल 50 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भी मिलाजुला रुख रहा।

इस दौरान गेहूं 60 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता जबकि चावल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे -

दाल-दलहन : चना 4750-4850, दाल चना 5850-5950, मसूर काली 8800-8900, मूंग दाल 8750-8850, उड़द दाल 9400-9500, अरहर दाल 8100-8200 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2290-2390 रुपये और चावल = 2600-2700 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3680-3780, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 3100-3200 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 19780 रुपये, मूंगफली तेल 20366 रुपये, सूरजमुखी तेल 18901 रुपये, सोया रिफाइंड 17948 रुपये, पाम ऑयल 16703 रुपये और वनस्पति तेल 17948 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

एक्सिस बैंक ने एफडी की दरों में किया बदलाव, ग्राहकों को मिलेगा ज्यादा रिटर्न

नई दिल्ली। फिक्सड डिपॉजिट एक सुरक्षित निवेश है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में लोग इस योजना में निवेश करते रहते हैं। वहीं, ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए बैंक भी समय-समय पर एफडी की दरों में बदलाव करते रहते हैं। होली से पहले कई बैंकों ने एफडी की दरों में बदलाव किया किया था। अब एक्सिस बैंक की तरफ से बड़ी अपडेट आई है। बैंक ने एफडी की दर में बदलाव किया है। बता दें, नई दरें 21 मार्च से प्रभावी रहेंगी।

इन ग्राहकों को होगा फायदा

एक्सिस बैंक की तरफ से साझा की गई जानकारी के अनुसार 1 साल 11 दिन या उससे अधिक और 1 साल 25 दिन से कम की फिक्सड डिपॉजिट पर अब ग्राहकों को 5.30 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। बैंक की तरफ से 5 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया गया है। पहले इतने समय के एफडी पर 5.25 प्रतिशत ब्याज मिलता था। इसके अलावा अन्य सभी की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बैंक की तरफ से सबसे अधिक ब्याज 5 साल से 10 साल के एफडी पर दिया जाता है। बैंक इतने समय के लिए एफडी करवाने वाले ग्राहकों को 5.75 प्रतिशत ब्याज दे रहा है।

वरिष्ठ नागरिकों को एफडी पर मिल रहा है 6.50 प्रतिशत तक ब्याज

एक्सिस बैंक की तरफ से सीनियर सिटीजन ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए उन्हें सामान्य ग्राहकों से अधिक ब्याज दिया जा रहा है। 7 दिन से 10 साल तक के एफडी पर बैंक 2.5 प्रतिशत से 6.5 प्रतिशत तक ब्याज दे रहा है। बता दें, बैंक ने 17 मार्च को भी एफडी की दरों में बदलाव किया था। तब लेकिन 2 करोड़ रुपये या उससे अधिक निवेश करने वाले ग्राहकों को ही फायदा हुआ था।

एक शेयर पर 490 रुपये तक का डिविडेंड, कंपनियां बांट रहीं तगड़ा मुनाफा

नई दिल्ली। शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियां अपने कमाए मुनाफे का एक हिस्सा डिविडेंड के रूप में शेयरधारकों को देती हैं। कई कंपनियां अपने शेयरधारकों को तगड़ा डिविडेंड देने की तैयारी में हैं। हम आपको 4 ऐसी लिस्टेड कंपनियों के बारे में जो कि आने वाले दिनों में अपने शेयरधारकों को 490 रुपये तक का डिविडेंड देंगी। कुछ कंपनियां चालू वित्त वर्ष के अपने डिविडेंड भुगतान में फाइनल डिविडेंड के साथ स्पेशल डिविडेंड भी दे रही हैं।

490 रुपये का टोटल डिविडेंड दे रही यह कंपनी

फार्मा कंपनी सनोफी इंडिया ने एक शेयर पर 181 रुपये का फाइनल डिविडेंड और 309 रुपये का स्पेशल डिविडेंड रिकमंड किया है। यानी, वित्त वर्ष 2021 के लिए कंपनी 1 शेयर पर 490 रुपये का डिविडेंड देने की तैयारी में है। अगर 26 अप्रैल 2022 को होने वाली एनुअल जनरल मीटिंग में शेयरहोल्डर्स मंजूरी देते हैं तो डिविडेंट का भुगतान 4 मई 2022 को कंपनी कर देगी। BSE पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, 181 रुपये के फाइनल डिविडेंड और 309 रुपये के स्पेशल डिविडेंड की एक्स डेट 12 अप्रैल 2022 है।

1 शेयर पर टोटल 22 रुपये का डिविडेंड

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने भी फाइनल डिविडेंड के साथ स्पेशल डिविडेंड अनाउंस किया है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 1 शेयर पर 15 रुपये का फाइनल डिविडेंड और 7 रुपये का स्पेशल डिविडेंड रिकमंड किया है। यानी, कंपनी 22 रुपये का डिविडेंड देने की तैयारी में है। फाइनल और स्पेशल डिविडेंड की एक्स-डेट 30 मार्च 2022 है। इससे पहले कंपनी 2021 में 3 अंतरिम डिविडेंड के रूप में 24 रुपये का पेमेंट कर चुकी है।

1 शेयर पर ढाई रुपये का डिविडेंड, अभी 99.65 रुपये का है एक शेयर

सरकारी कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने शेयरधारकों को जबर्दस्त डिविडेंड देने की तैयारी में है। स्टील कंपनी सेल ने मौजूदा वित्त वर्ष 2021-22 के लिए प्रत्येक शेयर पर 2.50 रुपये के अंतरिम डिविडेंड देने की मंजूरी दी है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 16 मार्च 2022 को बोर्ड मीटिंग में फाइनेंशियल ईयर 2021-22 के लिए हर शेयर पर 2.5 रुपये के अंतरिम डिविडेंड के पेमेंट को मंजूरी दी है। यह वित्त वर्ष 2021-22 के लिए दूसरा अंतरिम डिविडेंड है। कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सोमवार को 99.65 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं।

1 शेयर पर 1.58 रुपये का अंतरिम डिविडेंड

रेल विकास निगम लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 2021-22 के लिए हर शेयर पर 1.58 रुपये का अंतरिम डिविडेंड देने की घोषणा की है। सरकारी कंपनी रेल विकास निगम के शेयर सोमवार (21 मार्च 2022) को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 2.60 फीसदी की तेजी के साथ 35.45 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। अंतरिम डिविडेंड के लिए 25 मार्च 2022 रिकॉर्ड डेट है। कंपनी ने कहा है कि अंतरिम डिविडेंड का पेमेंट 14 अप्रैल 2022 को या उससे पहले कर लिया जाएगा।

पेट्रोलियम कंपनियों के नुकसान की भरपाई-डीजल की थोक खरीदी पर 28 रुपए तक ज्यादा कीमत चुकानी होगी, रिटेल ग्राहकों पर असर नहीं

नई दिल्ली। तेल कंपनियों ने थोक में डीजल की खरीदी पर 28 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। यह कदम पेट्रोल-डीजल पर हो रहे घाटे को कम करने के लिए उठाया गया है। सूत्र के अनुसार ये बढ़ोतरी सिर्फ थोक खरीदारों जैसे बस ऑपरेटरों और मॉल आदि में उपयोग के लिए खरीदे जाने वाले डीजल पर की गई है। रिटेल प्राइज में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

तेल कंपनियों के अनुसार लगातार पांचवें महीने पेट्रोल पंपों पर बिक्री बढ़ गई है। इसकी वजह यह है कि सस्ते डीजल के लिए बस ऑपरेटरों और मॉल जैसे थोक खरीदार भी पेट्रोलियम कंपनियों से सीधे टैंकर बुक करने की बजाय पंप (फ्यूल डीलर) से डीजल खरीद रहे हैं। इससे पेट्रोलियम कंपनियों का नुकसान और बढ़ा है। इस नुकसान से निपटने के लिए कंपनियां अपने स्तर पर प्रयास कर रही हैं।

मुंबई में 94 रुपए का डीजल 122 में

मुंबई में थोक खरीदारों के लिए डीजल की कीमत बढ़कर 122.05 रुपए प्रति लीटर हो गई है। यहां पेट्रोल पंपों पर डीजल 94.14 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। ऐसे में थोक खरीदारों को डीजल के लिए प्रति लीटर 28 रुपए ज्यादा चुकाने पड़ रहे हैं। वहीं दिल्ली में पेट्रोल पपों पर डीजल 86.67 रुपए प्रति लीटर है, जबकि थोक या औद्योगिक ग्राहकों के लिए इसकी कीमत 115 रुपए प्रति लीटर है।

सबसे ज्यादा नुकसान नायरा एनर्जी, जियो-बीपी और शेल को

सबसे ज्यादा नुकसान नायरा एनर्जी, जियो-बीपी और शेल जैसे निजी रिटेल डिस्ट्रिब्यूटर्स को हुआ है। 2008 में सार्वजनिक क्षेत्र रिटेल डीलर्स को कम कीमत पर पेट्रोल और डीजल बेचने के लिए सरकार ने सब्सिडी दी थी, लेकिन प्राइवेट रिटेल डीलर्स को ऐसी योजना से बाहर रखा गया था।

इस बार पीएस रिटेल डीलर्स को इन्वेंट्री में हुए फायदे और हाई रिफाइनिंग मार्जिन से अपने नुकसान की भरपाई करने को कहा गया है जो वे अभी कमा रहे हैं। लेकिन प्राइवेट रिटेल डीलर्स जैसे नायरा एनर्जी, जियो-बीपी और शेल जैसी कंपनियों के पास खुदरा घाटे की भरपाई के लिए रिफाइनरियां नहीं हैं। इसी के चलते उन्हें ज्यादा नुकसान हो रहा। ऐसे में पंप बंद करना ही इसके पास आखिरी ऑप्शन रह जाता है।

शार्ट न्यूज

मोदी और खेल दिग्गजों ने लक्ष्य को रजत पदक जीतने पर दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई खेल दिग्गजों और मुख्यमंत्रियों ने दुनिया के सबसे पुराने बैडमिंटन टूर्नामेंट ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के लिए भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को बधाई दी है। मोदी ने सोमवार को ट्वीट में कहा, आप पर गर्व है लक्ष्य सेन। आपने उल्लेखनीय धैर्य और तप दिखाया है। आपने एक उत्साही लड़ाई लड़ी। भविष्य के लिए आपको शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि आप सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे। भारतीय क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट में कहा, जीवन में कोई असफलता नहीं है। आप या तो जीतते हैं या आप सीखते हैं। मुझे यकीन है कि आपने इस अद्भुत अनुभव से बहुत कुछ सीखा है। लक्ष्य, आपको आगामी टूर्नामेंटों के लिए शुभकामनाएं। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, लक्ष्य आप पर गर्व है। मजबूत होते रहो। यात्रा लंबी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने ट्वीट में कहा, लक्ष्य सेन ने इतनी कम उम्र में ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 में जो हासिल किया है, उस पर हमें बहुत गर्व है। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पांचवें भारतीय बनकर, वह इतिहास रचने के बहुत करीब थे। मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बस्वराज एस बोम्मई ने कहा, क्या शानदार प्रदर्शन है। लक्ष्य आप पर गर्व है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, आप किसी से पीछे नहीं हैं, लक्ष्य। आपने करोड़ों दिल जीते हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी युवा बैडमिंटन खिलाड़ी की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि 20 वर्षीय लक्ष्य बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में इतिहास रचने के बहुत करीब थे, लेकिन रविवार को पुरुष एकल फाइनल में उन्हें विश्व के नंबर एक एवं ओलंपिक चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से हार कर उप विजेता के साथ अभियान समाप्त करना पड़ा।

होण्डा ने इंटरनेशनल रेसिंग चैम्पियनशिप्स के लिए टीम घोषित की

गुरूग्राम। दो साल बाद इंटरनेशनल रेसिंग चैम्पियनशिप का 2022 सीज़न फिर से शुरू होने जा रहा है, इसी के मद्देनज़र होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज 2022 सीज़न के लिए अपनी इंटरनेशनल रेसिंग टीम की घोषणा की है। 2022 सीज़न में नए जोश और नई एनर्जी के साथ, होण्डा रेसिंग इंडिया टीम से चार सर्वश्रेष्ठ भारतीय राइडर 2022 एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) और थाईलैण्ड टैलेंट कप (टीटीसी) में इंटरनेशनल रेस ट्रैक पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। होण्डा की रेसिंग यात्रा पर आत्सुशी ओगाता, एमडी, प्रेज़ीडेन्ट एवं सीईओ-होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ''मुझे खुशी है कि दो साल के अंतर के बाद भारत और एशिया क्षेत्र में मोटरस्पोर्ट एक्टिविटीज़ फिर से शुरू हो रही है। मेरा सपना है कि मैं आइकोनिक भारतीय राइडर को इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में भारत का नाम रौशन करते देखना चाहता हूं। इस सपने को साकार करने के लिए हमने 360-डिग्री योजना बनाई है, जिसके तहत पूर्व मोटोजीपी राइडर तादायुकी ओकादा के सक्षम मार्गदर्शन में भारतीय राइडरों को कौशल प्रदान किया जाएगा। इस साल भारत से दो राइडर एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में एपी250 क्लास में एशिया के सर्वश्रेष्ठ राइडरों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसके अलावा हम 2 नेक्स्ट जनरेशन राइडरों के विकास पर भी ध्यान देंगे, जो थाईलैण्ड टैलेंट कप में हिस्सा लेंगे। हमारा लक्ष्य है कि हमारे राइडर शीर्ष पायदान के ग्रुप में शामिल हों और अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रौशन करें। मैं हमारे सभी राइडरों और टीम को 2022 रेसिंग सीज़न में सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं।''

लोकेश राहुल मेरे पसंदीदा कप्तान हैं : अय्यर

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के नए कप्तान श्रेयस अय्यर ने राष्ट्रीय टीम के अपने साथी लोकेश राहुल की कप्तानी के क़सीदे गढ़े हैं। उन्होंने कहा कि राहुल का शांत स्वभाव और आत्मविश्वास के साथ फ़ैसले लेने की क्षमता उन्हें पसंदीदा कप्तान बनाती है। श्रेयस ने साउथ अफ़्रीका दौरे पर वनडे सीरीज़ के दौरान राहुल की कप्तानी में खेला था, और तभी से वह उनकी कप्तानी के क़ायल हो गए हैं। उन्होंने कहा,उनकी कप्तानी में खेलना बहुत अच्छा था। एक तो वह शानदार खिलाड़ी हैं, साथ ही टीम मीटिंग और मैदान पर जिस आत्मविश्वास के साथ राहुल जाते हैं वह क़ाबिल-ए-तारीफ़ है। साथी खिलाड़ियों को भी राहुल बहुत ही प्रोत्साहित करते हैं। मैदान पर उनका शांत स्वभाव और आत्मविश्वास के साथ फ़ैसले लेने की क्षमता उन्हें दूसरों से अलग बनाती है, मैं उनकी कप्तानी में काफ़ी अच्छा महसूस करता हूं। राहुल ने दक्षिण अफ़्रीका दौरे पर तीसरे वनडे मैच में श्रेयस को गेंदबाज़ी करने का भी मौक़ा दिया था, और तब श्रेयस ने तीन ओवर में 21 रन दिए थ। श्रेयस ने आगे कहा, %राहुल ने मुझे गेंदबाज़ी करने का मौक़ा भी दिया, उनसे पहले किसी भी कप्तान ने मुझे गेंद नहीं दी थी। तो हां मैं ये कहूंगा कि वह मेरे पसंदीदा कप्तान हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2020 और 2021 सीज़न में राहुल पंजाब किंग्स के कप्तान थे, और अब इस सीज़न में लखनऊ सुपर जायंट्स की ज़िम्मेदारी उनके ही कंधों पर होगी। आईपीएल 2022 की शरुआत 26 मार्च से मुंबई में होने जा रही है।

शाजी फिर चुने गए फुटबाल दिल्ली के अध्यक्ष

नयी दिल्ली। डॉ शाजी प्रभाकरण फिर से फुटबाल दिल्ली के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी अनुज गुप्ता को हराकर शीर्ष पद पर बने रहने का वैधानिक हक हासिल कर लिया है। शाजी को 55, अनुज गुप्ता को 21 और अनादि बरुआ को मात्र 7 वोट पड़े। शाजी प्रभाकरण चार साल पहले तक अनजान नाम था लेकिन पिछले चुनाओं में अध्यक्ष चुने जाने के बाद से शाजी एक ऐसा नाम बन गया जिसे न सिर्फ दिल्ली बल्कि देश की फुटबाल में जाना पहचाना चेहरा माना जाता है। शायद इसी पहचान के चलते शाजी को कामयाबी मिली और वह दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए। विजेता पैनल के भगवान सिंह नेगी, एनके भाटिया, रिजवान उल हक, शराफतुल्लाह, जगदीश मल्होत्रा, एसके सिंह उपाध्यक्ष चुने गए जबकि लियाकत अली ने राजीव गुप्ता को हरा कर कोषाध्यक्ष पद पाया, आनंद डबास, हर गोपाल और डॉक्टर आभा जैन कन्वीनर चुने गए।

तस्कीन को आईपीएल 2022 के लिए नहीं मिलेगी एनओसी : बीसीबी

ढाका। बंगलादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को आगामी आईपीएल 2022 सीजन में खेलने के लिए एनओसी नहीं मिलेगी। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश टीम फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। इस बीच आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजायंट्स ने मार्क वुड के चोटिल होने के चलते आईपीएल 2022 से बाहर होने के बाद तस्कीन को टीम में शामिल करने के लिए बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से संपर्क किया था, लेकिन बीसीबी ने तस्कीन को एनओसी देने से मना कर दिया है। बीसीबी के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल युनूस ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, चूंकि हमारे पास दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा दौरे और भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला जैसी दो महत्वपूर्ण श्रृंखलाएं हैं, इसलिए हमें लगता है कि तस्कीन के लिए आईपीएल में हिस्सा लेना सही नहीं होगा। हमने तस्कीन से बात की है और उन्होंने पूरी स्थिति को समझा है। उन्होंने फ्रेंचाइजी को सूचित किया है कि वह आईपीएल नहीं खेल रहे हैं और पूरे दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए उपलब्ध रहेंगे और बाद में स्वदेश लौटेंगे। इस बीच बीसीबी अधिकारियों ने कहा कि वे दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा दौरे के दौरान स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की उपलब्धता को लेकर उनके फैसले का इंतजार कर रहे हैं, यह देखते हुए कि उन्हें उनके पारिवारिक सदस्यों के बीमार होने के कारण तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के बीच स्वदेश लौटना पड़ सकता है।

आईपीएल आपको प्रयोग करने का मौक़ा देता है : अश्विन

मुंबई। आईपीएल 2022 में नई टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने की तैयारी कर रहे भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हमेशा ही इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए उत्सुक रहते हैं। उनका मानना है कि इस टूर्नामेंट में उन्हें प्रयोग करने में मदद मिलती है।

तमिलनाडु के स्पिनर ने कहा, आईपीएल एक मुश्किल टूर्नामेंट है, जहां पर हर सत्र में बहुत कुछ होता है और जिसका प्रभाव पड़ता है। ओस, पिचें, विरोधी टीमें, ये सभी अलग अलग तरीक़ों में खेल पर प्रभाव छोड़ती हैं। जो इन चीज़ों के लिए पहले से तैयारी करना एक चुनौती बना देता है और आपको हर समय तैयार रहना होता है।

उन्होंने कहा, हालांकि मेरे लिए निजी तौर पर आईपीएल में जाना हमेशा से उत्साह भरने वाला होता है। आईपीएल आपको प्रयोग करने का मौक़ा देता है, ऐसा कुछ जिसने मुझे एक बेहतर क्रिकेटर के रूप में सामने आने में सक्षम बनाया है, परिणाम चाहे जो भी हो, मैं हर बार इसका हिस्सा रहा हूं।

रॉयल्स 35 वर्षीय अश्विन की पांचवीं आईपीएल टीम है और उन्होंने नीलामी में उनको ख़रीदने पर भी अपने विचार रखे, जितनी जल्दी मैंने देखा कि रॉयल्स ने मेरे लिए बोली लगाई है, मैं जान गया था कि वह मुझे लेने जा रहे हैं। मैं इस फ़्रेंचाइज़ी के काफ़ी लोगों को लंबे समय से जानता हूं, ऐसे लोग जिनसे मैं क्रिकेट पर बहुत चर्चा करता हूं, तो हां यहां एक कनेक्शन तो है।

अश्विन ने कहा,रॉयल्स मेरे लिए एक ऐसी टीम है जो तुरंत एक्शन लेती है। मेरे लिए यह एक जुदा टीम है, जो हमेशा अपनी रणनीति और दृष्टिकोण में हमेशा आगे रहती है। क्रिकेट के नज़रिये में वे बहुत साहसी और प्रयोगात्मक हैं, ऐसा ही कुछ मैं अपने गेम में भी देखता हूं, इसीलिए यह एक अच्छा तालमेल होना चाहिए और मैं इसके लिए तैयार हूं।

अश्विन दो बार चेन्नई सुपर किंग्स के साथ आईपीएल ख़िताब जीत चुके हैं। जबकि पंजाब के लिए उन्हें आईपीएल में कप्तानी करने का भी अनुभव है। पिछले दो वर्षों से वह दिल्ली कैपिल्टस के साथ थे लेकिन इस बार रॉयल्स उन्हें पांच करोड़ देकर ख़रीदने में क़ामयाब रही। अपनी नई टीम के कप्तान संजू सैमसन के बारे में भी उन्होंने विचार रखे और कहा, मुझे लगता है कि संजू के पास एक अद्भुत रवैया है। वह हमेशा चर्चा के लिए तैयार रहते हैं, खेल के बारे में अपनी राय रखने के लिए तैयार रहते हैं, ऐसे में यह एक अच्छा गुण है। मेरा मानना है कि एक विकेटकीपर के रूप में संजू के पास क़ाबिलियत है कि वह मैच के सभी हिस्सों, पिच और अन्य चीज़ें को लेकर मैच को आंक सकते हैं। उनके पास उम्र भी है, और निश्चित रूप से वह आगे और बेहतर होंगे।

हाल ही में श्रीलंका के ख़िलाफ़ ख़त्म हुई टेस्ट सीरीज़ में अश्विन ने 15.08 की औसत से 12 विकेट लिए और उन्होंने भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने के मामले में कपिल देव को पछाड़कर दूसरा स्थान भी हासिल कर लिया। टेस्ट क्रिकेट में अब उनके नाम 442 विकेट हैं और टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने के मामले में वह आठवें पायदान पर आ गए हैं। इस क़ामयाबी को हासिल करने पर अश्विन ने कहा, नंबर अच्छे हैं, और यह देखना वास्तव में अच्छा है कि नंबरों के मामले में मैं क्या करने में सक्षम हूं। जितना अधिक मैंने खेला है, उतना ही यह महसूस होता है कि नंबर मंज़िल के बजाय यात्रा का एक हिस्सा हैं। पिछले 2-3 वर्षों में विशेष रूप से मेरी भावना बहुत अच्छी रही है, ऑस्ट्रेलिया में सीरीज़ जीते, टी20 टीम में वापसी की, मैंने ऐसा महसूस किया जैसा पहली बार टीम में प्रवेश करते हुए किया था, जिसमें मेरे लिए बहुत कुछ हुआ है।

हैदराबाद ने पहले झटके में जीता हीरो आईएसएल खिताब

फातोरदा। हैदराबाद ने पहले ही झटके में हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का खिताब जीत लिया है। हैदराबाद एफसी ने हीरो आईएसएल 2021-22 में पेनल्टी शूटआउट तक खिंचे फाइनल में केरला ब्लास्टर्स एफसी को 3-1 (4-2) से हरा दिया। रविवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 11,500 दर्शकों की सांसे पूरे मुकाबले में थमी रही। गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टिमनी पेनाल्टी शूटआउट में चार में से तीन शानदार बचाव करके निर्णायक मैच में विजेता बनकर उभरे और अपनी टीम हैदराबाद को पहले ही फाइनल में चैम्पियन बना दिया। उनके जबर्दस्त प्रदर्शन की वजह से 2014 और 2016 के उप-विजेता केरला ब्लास्टर्स अपने तीसरे फाइनल में भी चैम्पियन बनने से महरूम रह गए। 120 मिनट के खेल के बाद भी दोनों टीमों के बीच गतिरोध नहीं टूटा, क्योंकि स्कोर 1-1 से बराबर था। लिहाजा, पेनल्टी शूटआउट में दोनों टीमों को जाना पड़ा। पहला प्रयास क्रोएशियाई सेंटर-बैक मार्को लेस्कोविच ने किया, जिसे गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टीमनी ने अपने दाहिनी तरफ डाइव लगाकर शानदार बचाव किया। कप्तान जाओ विक्टर ने करारे राइट फुटर शॉट से दाहिने टॉप कॉर्नर को चुनकर हैदराबाद को 1-0 से आगे कर दिया। लेकिन केरला के निशु कुमार के प्रयास को भी कट्टीमनी ने रोक दिया। उनके बाद हैदराबाद के हावी सिवेरियो भी चूक गए। लेकिन आयुष अधिकारी ने गोल करके केरला को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद खासा कमारा ने गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। लेकिन उनके बाद जीकसन सिंह के प्रयास को भी कट्टीमनी ने रोक दिया। हालिचरण नाजरी ने गोल करके हैदराबाद के पक्ष में स्कोर 3-1 करके अपने समर्थकों को जश्न मनाने को मौका दे दिया। दो साल बाद स्टैंड पर भारी तदाद में मौजूद अपने समर्थकों को दोनों टीमों ने अपनी ताकत दिखाकर बार-बार रोमांचित किया। निर्धारित समय में स्कोर 1-1 रहने के कारण यह मुकाबला 30 मिनट के एक्स्ट्रा टाइम के खेल में चला गया।

खिलाड़ियों की उपलब्धता बढ़ा सकती है दिल्ली कैपिटल्स के लिए सिर दर्द

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स ने वर्ष 2021 के लीग दौर में 14 मैचों में 10 में जीत दर्ज की थी, लेकिन वह दोनों क्वालीफ़ायर्स नहीं जीत पाए थे और फ़ाइनल में जगह बनाने से चूक गए थे। काग़ज़ पर तो कैपिटल्स की अच्छी अंतिम एकादश दिखती है, लेकिन खिलाड़ियों की उपलब्धता उनका सिर का दर्द बढ़ा सकती है। डेविड वॉर्नर पहले दो मैचों में अनुपलब्ध रहेंगे, जबकि मिचेल मार्श पहले तीन मैचों में उपलब्ध नहीं रहेंगे। लुंगी एनगिडी और मुस्तफ ?ज़ुर रहमान दक्षिण अफ़्रीका और बांग्लादेश के बीच चल रही वनडे सीरीज़ का हिस्सा हैं और वह पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे।

कैपिटल्स के लिए सबसे बड़ी चिंता एनरिक नोर्त्जे की फ ?टिनेस है। उनके इस सीज़न में खेलने की बहुत कम संभावना थी, लेकिन वह रविवार को कैपिटल्स के साथ जुड़ गए हैं। यह समझा जाता है कि नोर्त्जे पहले कुछ मैचों में बाहर रहेंगे, लेकिन फ़्रेंचाइज़ी के लिए समायोजन बैठाना भी एक अलग सिर दर्द होगा।

एक बार जब वॉर्नर और मार्श उपलब्ध होंगे तो कैपिटल्स के पास मज़बूत शीर्ष चार बल्लेबाज़ होंगे, जिसमें पृथ्वी शॉ और ऋषभ पंत तीसरे और चौथे नंबर के बल्लेबाज़ होंगे, लेकिन तब तक उन्हें बैकअप पर निर्भर रहना होगा। वॉर्नर की जगह सीधे तौर पर टिम सीफर्ट लेंगे, जबकि मार्श की जगह कोई भारतीय बल्लेबाज़ लेगा। दिक्क़त यह है कि उनके पास अधिक अच्छे विकल्प नहीं हैं। एक विकल्प है कि वह अपने बल्लेबाज़ी क्रम में बदलाव करें और ललित यादव को खिलाएं जो ऑफ़ स्पिन भी कर सकते हैं। इसके अलावा वह मंदीप सिंह, केएस भरत या यश ढुल में से से किसी एक को खिलाएं।

लेकिन सभी की उपलब्धता के बावजूद पंत के अलावा नीचे आक्रमण करने वाले खिलाड़ियों की कमी है, ऐसे में यह निर्भर करता है कि रोवमन पॉवेल कैसे फ़ीनिशर का रोल निभाते हैं।

नोर्त्जे कैपिटल्स के लिए पिछले सीज़न में ज़बरदस्त गेंदबाज़ रहे थे और उन्हें 2022 नीलामी में रिटेन किया गया था, लेकिन हो सकता है कि वह शुरुआत से उपलब्ध ना हों।

मुस्तफ ?ज़ुर और एनगिडी भी पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ होने वाले उनके पहले मुक़ाबले में सात विदेशी खिलाड़ियों में से केवल दो ही उपलब्ध रहेंगे।अगर नोर्त्जे टूर्नामेंट के बड़े हिस्से में नहीं खेलते हैं तो एनगिडी या मुस्तफ ?ज़ुर उनकी जगह लेंगे। एनगिडी के पास अतिरिक्त गति है जबकि मुस्तफ ?ज़ुर डेथ ओवर में अच्छी गेंदबाज़ी करते हैं।

शार्दुल ठाकुर निचले बल्लेबाज़ी क्रम में हिटिंग कर सकते हैं, जिससे वह भारतीय तेज़ गेंदबाज़ों में खेलने के लिए सबसे आगे हैं, जिससे चेतन सकारिया और ख़लील अहमद में तीसरे तेज़ गेंदबाज़ के लिए प्रतिस्पर्धा होगी। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव स्पिन आक्रमण की कमान संभालेंगे।

युवा खिलाड़ियों की बात करें तो दिल्ली के यश ढुल ने 2022 अंडर 19 विश्व कप में भारत का नेतृत्व करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने कोविड 19 पॉज़िटिव होने से पहले दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ 82 रन बनाए थे। वापसी के बाद उनके दूसरे मुक़ाबले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ सेमीफ़ाइनल में शानदार शतक लगाया।

इमरान खान ने की भारत की विदेश नीति की तारीफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में सरकार के खिलाफ एकजुट हुए विपक्ष से जूझ रहे प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत की विदेश नीति की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। उन्होंने कहा कि चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) का हिस्सा होने के बावजूद भारत ने ऐसी विदेश नीति अपनायी जो देश और आमजन के हित में है।

संसद में अविश्वास प्रस्ताव दर्ज होने से पहले रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए इमरान खान ने कहा कि देश की विदेश नीति लोगों के बेहतरी के लिए होनी चाहिए, लेकिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) जैसे दल सत्ता में थे तो ऐसा कुछ नहीं था।

उन्होंने कहा मेरे देश की विदेश नीति मेरे देश की जनता के बेहतरी के लिए होनी चाहिए। इस मामले में मैं अपने पड़ोसी देश भारत की एक स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करने के लिए तारीफ करता हूं। आज भारत क्वाड का सदस्य है और अमेरिका के साथ गठजोड़ है लेकिन वह स्वयं को तटस्त कहता है।

प्रतिबंधों के बावजूद भारत रूस से तेल आयात कर रहा है क्योंकि भारत की विदेश नीति लोगों के बेहतरी के लिए है।%

उन्होंने कहा कि दोनों इस दौरान दोनों विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि इन पार्टियों ने कभी भी देशहित का अनुसरण नहीं किया और विदेशी में पैसा जमा किया और केवल धन की पूजा की। उन्होंने लोगों को अगाह करते हुए कहा कि इन दलों के शासन में पाकिस्तान कभी मुक्त नहीं रहेगा।

गौरतलब है कि पाकिस्तान की संसद में शुक्रवार को विपक्षी दल इमरान खान सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने जा रहे हैं और ऐसे कदम से देश की राजनीतिक उठापटक होने का खतरा है।

इस महीने में पहले विपक्षी पार्टियों ने इमरान खान के खिलाफ यह कहते हुए प्रस्ताव पेश किया था कि पीटीआई के एक दर्जन से अधिक प्रमुख नेताओं के अलग होने से उन्होंने संसद में विश्वास खो दिया है।

पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली के निचले सदन में संयुक्त विपक्ष के पास 163 सीट हैं लेकिन बहुमत तब हो सकता है जब अधिकांश असंतुष्ट नेता फिर से पार्टी में शामिल हों जाएं। गठबंधन साथियों और निचले सदन में 155 सीट वाली पीटीआई के असंतुष्टों के बिना, सत्ता में बने रहने के लिए जरूरी 172 सीटे जुटाना मुश्किल है।

संयुक्त विपक्ष के पास 163 सीटें हैं लेकिन इनका बहुमत तभी तो सकता है जब अविश्वास प्रस्ताव के समय पीटीआई के असंतुष्ट वोट भी इन्हें हासिल हो जाएं। विपक्ष ने इमरान खान पर अर्थव्यवस्था और विदेश नीति के कुप्रबंधन का आरोप लगाया। रविवार को रैली के दौरान इमरान ने असंतुष्टों से सत्ताधारी पार्टी में वापस लौटने की अपील की थी।

खैबर पख्तूनख्वां प्रांत के मलाखंड शहर में उन्होंने कहा %वापस लौटें मैं आपको इस गलती के लिए ठीक वैसे ही माफ कर दूंगा जैसे एक पिता अपने बच्चों की गलतियों को माफ कर देता है। इमरान ने इस दौरान विपक्ष पर असंतुष्टों और दूसरे साथियों को प्रलोभन देकर सरकार गिराने को प्रयास करने का आरोप लगाया।

इस हफ्ते पोलैंड की यात्रा करेंगे बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इस सप्ताह पोलैंड की यात्रा करेंगे। इस दौरान वह यूक्रेन का समर्थन करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों और रूस पर और प्रतिबंधों पर चर्चा करेंगे। रविवार को व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा, इस सप्ताह राष्ट्रपति बाइडेन बेल्जियम में हमारे नाटो सहयोगियों, जी 7 नेताओं और यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ यूक्रेन का समर्थन करने और रूस पर और प्रतिबंध लागू करने की चर्चा के लिए पोलैंड की यात्रा करेंगे। 25 मार्च को बाइडेन पोलैंड के वारसॉ की यात्रा करेंगे, जहां वह राष्ट्रपति आंद्रेजेज डूडा के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। साकी ने कहा, वह चर्चा करेंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका अपने सहयोगियों और भागीदारों के साथ यूक्रेन पर रूसी आक्रमण से पैदा हुए मानवीय और मानवाधिकार संकट का जवाब कैसे दे रहा है। सीएनएन के अनुसार बाइडेन 24 मार्च को नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्रसेल्स की यात्रा करेंगे और यूरोपीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे।

रूस को हथियार नहीं भेज रहा बीजिंग : चीनी दूत

वाशिंगटन। अमेरिका में चीन के राजदूत किन गैंग ने इस बात को खारिज कर दिया है कि बीजिंग ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस को सैन्य सहायता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि बीजिंग ने युद्धविराम का आह्वान करके, शांति वार्ता को बढ़ावा देकर और मानवीय सहायता भेजकर युद्ध का जवाब दिया।

सीबीएस न्यूज ने किन के हवाले से कहा, शुक्रवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग और राष्ट्रपति बाइडेन के बीच एक वीडियो कॉल पर बातचीत हुई थी। इस दौरान राष्ट्रपति शी ने चीन की स्थिति को बहुत स्पष्ट किया, यानी चीन शांति के लिए खड़ा है और युद्ध का विरोध करता है।

चीन द्वारा रविवार को रूस को सैन्य सहायता भेजने के आरोपों का खंडन करते हुए उन्होंने कहा, चीन द्वारा रूस को सैन्य सहायता प्रदान करने की सूचना गलत है। हम इसे अस्वीकार करते हैं। चीन भोजन, दवा, स्लीपिंग बैग और बेबी फॉर्मूला भेज रहा है।

उन्होंने आगे कहा, यूक्रेन की स्थिति को इस तरह से देखने से हमें नफरत है और हम तत्काल युद्धविराम का आह्वान करते हैं, और हम शांति वार्ता को बढ़ावा दे रहे हैं, और हम मानवीय सहायता भेज रहे हैं।

शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शी जिनपिंग को यूक्रेन के शहरों और नागरिकों पर हमलों के बीच रूस को सहायता प्रदान करने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी।

जवाब में, शी ने कहा, सभी पक्षों को रूस और यूक्रेन को संयुक्त रूप से बातचीत का समर्थन करने की आवश्यकता है।

बातचीत ही परिणाम देगा और शांति की ओर ले जाएगी। चीन एक शांतिप्रिय देश है।

ईरान परमाणु समझौते को लेकर विवादों में फंसे बाइडेन

वाशिंगटन। अमेरिका की रिपब्लिक पार्टी के सांसद जिम बैंक्स ने ईरान परमाणु समझौते पर अमेरिका की वापसी को लेकर बाइडेन प्रशासन को फटकार लगाते हुए कहा है कि ऐसा होने से अमेरिका 'आतंकवाद' को धन देने वाला विश्व का सबसे बड़ा देश बन जायेगा। उन्होंने 'फॉक्स' न्यूज को दिए गए साक्षात्कार में रविवार को कहा,यह असंगत है कि बाइडेन प्रशासन एक ऐसे समझौते पर वापस जाएगा जो बराक ओबामा के समय में विनाशकारी था। प्रशासन समझौते पर फिर से बातचीत करने के लिए तैयार है जो ईरान को उसके बुरे व्यवहार के लिए पुरस्कृत करने जैसा होगा। उन्होंने कहा,%मैं अनुमान लगा सकता हूं कि बाइडेन प्रशासन तेल के मुद्दे पर इतना उतावला है कि वह तेल के लिए आत्मनिर्भर बनने के लिए ऊर्जा श्रमिकों के साथ काम करने की बजाय आतंकवादियों के साथ बातचीत करना पसंद करेगा। यह प्रशासन इसी तरह का काम करने में माहिर है। बैंक्स ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति इस समझौते पर मुहर लगाते हैं तो देश से आतंकवादी समूह को अरबों डॉलर जायेगा। ऐसा होने पर जो बाइडेन आतंकवाद को धन मुहैया करने वाले दुनिया के सबसे बड़ी शख्सियत बन जायेंगे और अमेरिकी करदाता इसके लिए भुगतान करेंगे।

बंगलादेश को मिला सबसे बड़ा बिजली संयंत्र

ढाका। बंगलादेश के प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को 1,320 मेगा वाट क्षमता वाले पियरा थर्मल बिजली संयंत्र का उद्घाटन किया। देश का यह सबसे बड़ा संयंत्र पटुआखाली के कालापारा में स्थित है। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रधानमंत्री हसीना ने देश में सौ फीसदी विद्युतीकरण करने की घोषणा की। बंगलादेश उत्तर पश्चिम ऊर्जा कंपनी तथा चाइना नेशनल मशीनरी इंपोर्ट एवं एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन(सीएमसी) के साथ 2014 में 1320 मेगा वाट की दो ईकाईयों के निर्माण का समझौता हुआ था। प्रधानमंत्री हसीना ने अक्टूबर 2016 में इसकी नींव रखी थीं। संयंत्र का निर्माण कार्य कुछ दिन पहले ही पूरा हुआ है।

यूक्रेन के सूमी में अमोनिया का रिसाव

कीव। यूक्रेन के सूमी शहर में एक रासायनिक संयंत्र में अमोनिया का रिसाव हुआ है। क्षेत्रीय गवर्नर दिमित्रो ज्यवित्स्की ने सोमवार को यह जानकारी दी। रिसाव स्थानीय समयानुसारसुबह 4:30 बजे हुआ। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार एक टेलीग्राम पोस्ट में उन्होंने सुमीखिंप्रोम संयंत्र के पांच किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को चेतावनी दी कि वे क्षेत्र छोड़ दें क्योंकि यह गैस खतरनाक है। उन्होंने कहा ,अमोनिया हवा से हल्का है, इसलिए आश्रयों, बेसमेंट और निचली मंजिलों को सुरक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। हालांकि उन्होंने लीक होने का कारण नहीं बताया। द गार्जियन ने ज़िवित्स्की को यह कहते हुए उद्धृत किया कि आपातकालीन दल घटनास्थल पर मौजूद थे। यह घटना उस समय हुई है, जब रूसी सरकार ने यूक्रेन पर तात्कालिक रासायनिक हथियारों का उपयोग करने की तैयारी करने का आरोप लगाया।

अफगानिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री बने उबर चालक

वाशिंगटन। अफगानिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री खालिद पयेंडा अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए अमेरिका में उबर कार चला रहे हैं। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, श्री पयेंडा ने अफगानिस्तान में तालिबान शासन आने के एक सप्ताह पहले अपने पद से इस्तीफा दिया था। तत्कालीन राष्ट्रपति अशरफ गनी एक जनसभा के दौरान उनपर जमकर बरसे थे। गनी ने एक लेबनानी कंपनी को अपेक्षाकृत कम भुगतान करने में मंत्रालय की असफलता के लिए उन्हें निजी तौर पर भी फटकार लगाई थी। पूर्व वित्त मंत्री को वाशिंगटन पहुंचने के बाद जीविका के साधन के लिए उबर कंपनी में चालक का काम करना पड़ रहा है जिसकी शायद उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। उन्होंने कहा,अभी मेरा कोई स्थान नहीं है। न तो मैं यहां का हूं और न ही वहां का। यहां काफी एकाकीपन महसूस होता है। जो भी है उससे संतुष्ट हूं, मुझे निराश नहीं होना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी वि

रीमेक फिल्में नहीं देखना चाहती है अनन्या पांडे

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि वह रीमेक फिल्में नहीं देखना चाहती है। बॉलीवुड में रीमेक फिल्मों का चलन जोरो पर है। अनन्या ने एक रीमेक फिल्म पति, पत्नी और वो में काम किया है। अनन्या पांडे को उम्मीद है कि इंडस्ट्री में रीमेक का चलन खत्म हो जाएगा। अनन्या ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम कोई और रीमेक नहीं बनाएंगे। मैं वास्तव में इससे बहुत खुश हूं। यह समय है जहां हम ओरिजिनल, ब्रेवर और कॉम्प्लेक्स स्टोरी करें। इसलिए, मैं उस फेस में हूं जहां मैं वास्तव में और रीमेक नहीं देखना चाहती हूं। अनन्या इन दिनो पुरी जगन्नाथ की फिल्म लाइगर में काम कर रही हैं, जिसमें उनके साथ विजय देवरकोंडा लीड रोल में हैं। अनन्या लाइगर के अलावा जोया अख्तर की फिल्म खो गए हम कहां की शूटिंग भी कर रही हैं, जिसमें उनके को-स्टार्स सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव हैं।

रितेश देशमुख- जेनेलिया देशमुख ने मिस्टर मम्मी की शूटिंग शुरू की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख- जेनेलिया देशमुख ने अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर मम्मी की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म मिस्टर मम्मी में रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख की मुख्य भूमिका है।रितेश और जेनेलिया ने इंग्लैंड में आज से फिल्म शूटिंग शुरू कर दी है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ फ़िल्म्स और हैक्टिक सिनेमा प्राइवेट लिमिटेड प्रोडक्शन की फिल्म मिस्टर मम्मी का निर्देशन शाद अली करेंगे।इस फिल्म की कहानी एक ऐसे जोड़े के इर्द गिर्द घूमती है, जिनकी विचारधारा - जब बच्चे की बात आती है - तो एक दूसरे से बिलकुल अलग हो जाती है।

44 वर्ष की हुयी रानी मुखर्जी

मुंबई। बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने वाली रानी मुखर्जी आज 44 वर्ष की हो गयी।

21 मार्च 1978 को जन्मीं रानी मुखर्जी ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म राजा की आयेगी बारात से की।फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी लेकिन रानी मुखर्जी ने अपने संजीदा किरदार के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।वर्ष 1998 रानी मुखर्जी के करियर के लिये महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ।इस वर्ष उन्हें आमिर खान के साथ गुलाम और शाहरूख खान के साथ कुछ कुछ होता है में काम करने का अवसर मिला।दोनो हीं फिल्में टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी।कुछ कुछ होता है के लिये रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का फिल्म फेयर पुरस्कार भी दिया गया।

वर्ष 1999 से लेकर वर्ष 2002 तक का वर्ष रानी मुखर्जी के करियर के लिये बुरा वक्त साबित हुआ।इस दौरान रानी मुखर्जी की हैलो ब्रदर,बादल,हर दिल जो प्यार करेगा,हद कर दी आपने,बिच्छू,कहीं प्यार ना हो जाये,चोरी चोरी चुपके चुपके,बस इतना सा ख्वाब है,प्यार दीवाना होता है,मुझसे दोस्ती करोगे जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी लेकिन इन फिल्मों को टिकट खिड़की पर अपेक्षित सफलता नही मिल सकी।वर्ष 2002 में प्रदर्शित यश राज बैनर तले बनी फिल्म साथियां रानी मुखर्जी के करियर की हिट फिल्म साबित हुयी।इस फिल्म में रानी मुखर्जी की जोड़ी विवेक ओबेराय के साथ काफी पसंद की गयी।वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म चलते चलते में रानी मुखर्जी को एक बार फिर से किंग खान शाहरूख खान के साथ काम करने का अवसर मिला।यह फिल्म भी सुपरहिट साबित हुयी।

वर्ष 2004 रानी मुखर्जी के करियर के लिये महत्पूर्ण वर्ष साबित हुआ।इस वर्ष उनकी युवा,हमतुम और वीर जारा जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी।इन सभी फिल्मों में रानी मुखर्जी ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया और अपने निभाये किरदारों के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म ब्लैक रानी मुखर्जी के करियर की सर्वाधिक महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है।संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रानी मुखर्जी को सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का अवसर मिला।रानी मुखर्जी ने अपने सधे हुये अभिनय से न सिर्फ दर्शकों का बल्कि समीक्षकों का भी दिल जीत लिया।

वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म बंटी और बबली रानी मुखर्जी के करियर की एक और सुपरहिट साबित हुयी।यश राज बैनर तले बनी इस फिल्म के जरिये रानी मुखर्जी और अभिषेक बच्चन की जोड़ी ने दर्शको को अपने कारनामों के जरिये हंसाते हंसाते लोटपोट कर दिया।वर्ष 2006 में रानी मुखर्जी को एक बार फिर से अमिताभ बच्चन के साथ बाबुल में काम करने का अवसर मिला।रवि चोपड़ा निर्देशित यह फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन रानी मुखर्जी के अभिनय को दर्शकों ने अवश्य पसंद किया।इसी वर्ष रानी मुखर्जी की करण जौहर निर्देशित फिल्म कल हो ना हो प्रदर्शित हुयी जो टिकट खिड़की पर हिट साबित हुयी। वर्ष 2007से वर्ष 2010 तक का वक्त एक बार फिर से रानी मुखर्जी के करियर के लिये बुरा वक्त साबित हुआ।इस दौरान उनकी तारा रम पम,लागा चुनरी में दाग,थोड़ा प्यार थोड़ा मैजिक,सांवरिया.लक बाई चांस,दिल बोले हड़िप्पा प्रदर्शित हुयी लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ढ़ेर हो गयी।रानी मुखर्जी को विभिन्न श्रेणियों में सात बार फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।रानी मुखर्जी बॉलीवुड की उन गिनी चुनी अभिनेत्रियों में शामिल है जिन्होंने खान त्रिमूर्ति .आमिर खान.सलमान खान और शाहरूख खान के साथ काम किया है।रानी मुखर्जी की जोड़ी बॉलीवुड के छोटे नवाब सैफ अली खान.अभिषेक बच्चनबॉबी देओल के साथ भी पसंद की गयी।

वर्ष 2011 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म नो वन किल्ड जेसिका के जरिये रानी मुखर्जी ने एक बार फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया।वर्ष 2012 में रानी मुखर्जी को एक बार फिर से आमिर खान के साथ तलाश में काम करने का अवसर मिला।रानी मुखर्जी ने वर्ष 2014 में जानेमाने फिल्मकार आदित्य चोपड़ा से शादी कर ली।इसी वर्ष रानी की फिल्म मर्दानी प्रदर्शित हुयी जिसमें उनहोंने अपने दमदार अभिनय से दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कॉमेडी किंग राजू ने नए कलाकारों के साथ मनायी होली

नयी दिल्ली। कॉमेडी किंग राजू श्रीवास्तव ने होली के अवसर पर लोगों के साथ शेयरचैट के वर्चुअल मंच पर जश्न मनाया। इसमें करीब एक लाख 30 हजार लोग शामिल हुए थे। जिनमें से कुछ नए कलाकार भी थे, जिन्होंने अपनी कविता से लोगों का खूब मनोरंजन किया। श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम में होली मिलन शीर्षक के साथ ऑडियो चैट में शामिल होने के दौरान कहा कि ऑनलाइन होने के बावजूद नये जमाने के युवा कलाकारों के साथ यह मंच अनुभव साझा करने का बेहतरीन माध्यम है। ऑनलाइन होने के बावजूद नये जमाने के युवा कलाकारों के साथ यह मंच साझा करने का अनुभव बेहतरीन था।

हुमा कुरैशी ने 'महारानी' सीजन 2 की शूटिंग पूरी की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने वेबसीरीज महारानी सीजन 2 की शूटिंग पूरी कर ली है।

हुमा कुरैशी अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी आने फिल्मों से जुड़े अपडेट शेयर करती रहती हैं। हुमा कुरैशी ने वेब सीरीज महारानी के दूसरे सीजन की शूटिंग को पूरा कर लिया है। वेब सीरीज की शूटिंग को भोपाल, होशंगाबाद और जम्मू-कश्मीर में फिल्माया गया है।

हुमा कुरैशी ने कहा, जम्मू-कश्मीर में फिल्म का काफी छोटा शेड्यूल शूट किया गया है। वहां महत्वपूर्ण कहानी को फिल्माया गया है। सीजन 2 बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न से भरा हुआ है। करण शर्मा द्वारा निर्देशित इस राजनीतिक थ्रिलर वेब सीरीज को सुभाष कपूर ने लिखा है। महारानी के पहले सीजन में हुमा कुरैशी ने राजनेता रानी भारती का मुख्य किरदार निभाया है। महारानी वेब सीरीज की कहानी 1990 के दशक में बिहार में हुई राजनीतिक घटनाओं से प्रेरित है।

शंघाई डिजनी रिजॉर्ट बंद

शंघाई। कोविड -19 पुनरुत्थान के बीच शंघाई डिजनी रिजॉर्ट सोमवार से अगली सूचना तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा। मनोरंजन कंपनी के एक बयान में इसकी घोषणा की है। रविवार को जारी बयान में कंपनी ने कहा, मौजूदा महामारी की स्थिति के कारण शंघाई डिजनीलैंड, डिजनीटाउन और विशिंग स्टार पार्क सहित शंघाई डिजनी रिज़ॉर्ट सोमवार 21 मार्च 2022 से अस्थायी रूप से बंद रहेगा। कंपनी ने कहा,हम महामारी की स्थिति की निगरानी करना जारी रखेंगे और स्थानीय अधिकारियों से परामर्श करेंगे। संचालन शुरू होते ही लोगों को सूचित किया जायेगा। 2020 में वुहान कोरोना के प्रकोप को रोकने में कामयाब होने के बाद चीन स्थानीय रूप से प्रसारित संक्रमण मामलों की सबसे बड़ी लहर का सामना कर रहा है। शंघाई के स्कूल बंद हैं और गहन परीक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। कई आवासीय सोसायटियों को कम से कम दो दिनों के लिए सील कर दिया गया है। गौरतलब है चीन में कल स्थानीय रूप से प्रसारित कोरोना ने 1656 नये मामले दर्ज किये गये।

चेहरे पर लगाने के बजाय खाएं ये 5 चीज़ें, मिलेगी खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा

प्रिया मिश्रा

त्वचा को खूबसूरत बनाए रखने के लिए घरेलू नुस्खों और ब्यूटी प्रोडक्ट्स के साथ-साथ हेल्दी डाइट लेना भी बहुत जरूरी है। खाने की ऐसी बहुत सी चीज़ें हैं जिनका इस्तेमाल हम चेहरे पर लगाने के लिए करते हैं। अगर इन्हें चेहरे पर लगाने से इतना फायदा होता है तो इनका सेवन हमारी त्वचा के लिए कितना फायदेमंद होगा।

खूबसूरत और चमकदार त्वचा पाना हर किसी की ख्वाहिश होती है। ग्लोइंग स्किन पाने के लिए लड़कियां तरह-तरह की क्रीमों और ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। इसके अलावा हम अपनी त्वचा को सुंदर बनाने के लिए घरेलू नुस्खों और फेस पैक और मास्क का भी इस्तेमाल करते हैं। दमकती त्वचा के लिए हम चेहरे पर कभी नींबू तो कभी एलोवेरा जेल, ना जाने क्या क्या लगाते हैं। लेकिन त्वचा को खूबसूरत बनाए रखने के लिए घरेलू नुस्खों और ब्यूटी प्रोडक्ट्स के साथ-साथ हेल्दी डाइट लेना भी बहुत जरूरी है। खाने की ऐसी बहुत सी चीज़ें हैं जिनका इस्तेमाल हम चेहरे पर लगाने के लिए करते हैं। ज़रा सोचिए कि अगर इन्हें चेहरे पर लगाने से इतना फायदा होता है तो इनका सेवन हमारी त्वचा के लिए कितना फायदेमंद होगा। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि ग्लोइंग स्किन के लिए आपको किन चीज़ों को अपने चेहरे पर लगाने के बजाय खाना चाहिए -

नींबू

चेहरे का कालापन और टैनिंग दूर करने के लिए नींबू का इस्तेमाल आपने फेसपैक में जरूर किया होगा। चेहरे पर नींबू नेचुरल ब्लीच की तरह काम करता है और चेहरे पर जमा डेड स्किन सेल्स को हटा कर चेहरे को साफ और ग्लोइंग बनाता है। लेकिन अगर आप अपनी त्वचा को अंदर से भी स्वस्थ बनाना चाहते हैं तो नींबू को चेहरे पर लगाने के साथ-साथ इसका सेवन भी जरूर करें। नींबू में विटामिन सी, विटामिन बी और फास्फोरस की भरपूर मात्रा होती है। नींबू शरीर में जमा टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है जिससे हमारी त्वचा अंदर से स्वस्थ और चमकदार बनती है। आप रोजाना खाली पेट सुबह गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पी सकते हैं। आप चाहें तो इसमें थोड़ा सा शहद भी मिला सकते हैं।

एलोवेरा

एलोवेरा को हम जेल के तौर पर अपने चेहरे पर लगाते हैं। यह कील-मुहाँसे, झुर्रियों और सनबर्न जैसी स्किन की तमाम परेशानियों में बहुत फायदेमंद होता है। चेहरे पर एलोवेरा लगाने से भी ज़्यादा फायदेमंद होता है एलोवेरा जूस का सेवन करना। एलोवेरा में विटामिन ए, बी, सी और ई और फोलिक एसिड होता है जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। नियमित रूप से एलोवेरा जूस का सेवन करने से स्किन नेचुरली ग्लोइंग बनती है।

खीरा

गर्मियों के मौसम में हम अक्सर अपने चेहरे पर खीरा घिसकर लगाते हैं या आँखों के ऊपर खीरा काट कर सकते हैं। इससे हमारी त्वचा को तुरंत ठंडक मिलती है और चेहरा फ्रेश और ग्लोइंग नज़र आता है।

अगर आप चाहते हैं कि आपकी त्वचा नेचुरली खूबसूरत और ग्लोइंग बनी रहे तो अपनी डाइट में खीरा अवश्य शामिल करें। खीरे में बहुत से विटामिन और मिनरल मौजूद होते हैं जो हमारी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसके साथ ही खीरे में भरपूर मात्रा में पानी मौजूद होता है जो हमारे त्वचा को हाइड्रेटेड रखता है। जब हमारी त्वचा अच्छी तरह हाइड्रेटेड होती है तो चेहरे पर ग्लो अपने आप ही आ जाता है।

एवाकैडो

एवाकैडो में मॉइस्चराइजिंग गुण मौजूद होते हैं जिसकी वजह से इसका इस्तेमाल बहुत से ब्यूटी प्रोडक्ट्स और क्रीम में होता है। खूबसूरत और ग्लोइंग स्किन पाने के लिए एवाकैडो का इस्तेमाल आपने फेस मास्क के तौर पर भी किया होगा। चेहरे पर एवाकैडो लगाने के साथ-साथ इसका सेवन भी हमारी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें ल्यूटीन और बीटा कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं जो त्वचा को मुलायम और ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं। इसलिए आप अपनी डाइट में एवाकैडो को जरूर शामिल करें।

जैतून

यह तो आप जानते ही होंगे कि जैतून का तेल हमारे बालों और त्वचा के लिए कितना फायदेमंद है। चेहरे पर जैतून के इस्तेमाल से त्वचा खूबसूरत और चमकदार बनती है। फेस पर जैतून का तेल लगाने के साथ-साथ इसका सेवन भी हमारी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें भारी मात्रा में विटामिन ई और विटामिन ए पाया जाता है। इसके साथ ही जैतून में ओलेइक एसिड पाया जाता है जो त्वचा को मुलायम और ग्लोइंग बनाने में मदद करता है।

श्रद्धा कपूर के यह लुक्स वेडिंग फंक्शन के लिए हैं एकदम परफेक्ट

मिताली जैन

अगर आप वेडिंग फंक्शन में सबसे अलग और बेहद ब्यूटीफुल नजर आना चाहती हैं, जो श्रद्धा कपूर के इस लुक को रिक्रिएट कर सकती हैं। इस लुक में श्रद्धा ने लाइट ग्रीन कलर का लहंगा पहना है, जिसे पिंक व लैवेंडर कलर के फूलों से डिजाइन किया गया है।

आशिकी 2 से अपनी मासूमियत से दर्शकों के दिल में एक खास जगह बनाने वाली श्रद्धा कपूर ने एक विलेन, बागी 3, छिछोरे, स्त्री जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में अभिनय किया है। लोग श्रद्धा की सिर्फ एक्टिंग को ही पसंद नहीं करते हैं, बल्कि उनका स्टाइल भी काफी इंस्पिरेशनल हैं। वह इंडियन से लेकर वेस्टर्न वियर में खुद को एक अलग तरह से स्टाइल करना पसंद करती हैं, जिसके कारण उनका हर लुक काफी यूनिक होता है। खासतौर से, एथनिक आउटफिट्स में तो उनका लुक बस देखते ही बनता है। अगर आप भी किसी पार्टी या मैरिज फंक्शन साड़ी या लहंगा पहनने का मन बना रही हैं तो श्रद्धा कपूर के इन लुक्स से आइडियाज ले सकती हैं-

लाइट ग्रीन लहंगा लुक

अगर आप वेडिंग फंक्शन में सबसे अलग और बेहद ब्यूटीफुल नजर आना चाहती हैं, जो श्रद्धा कपूर के इस लुक को रिक्रिएट कर सकती हैं। इस लुक में श्रद्धा ने लाइट ग्रीन कलर का लहंगा पहना है, जिसे पिंक व लैवेंडर कलर के फूलों से डिजाइन किया गया है। यह लहंगा श्रद्धा को बेहद ही सॉफ्ट टच दे रहा है। ऑफ शोल्डर ब्लाउज के साथ श्रद्धा ने अपने लहंगे को स्टाइल किया है। वहीं लाइट मेकअप, लॉन्ग इयररिंग्स और ओपन हेयर में उनका लुक बस देखते ही बन रहा है।

प्रिंटेड साड़ी लुक

सिंपल प्रिंटेड साड़ी को भी एक स्टाइलिश अंदाज में कैसे कैरी किया जाए, यह कोई श्रद्धा से सीखें। श्रद्धा ने इस लुक में ग्रीन कलर की प्रिंटेड साड़ी को स्टाइल किया है, जिसे एक मॉडर्न टच देने बॉर्डर पर रफल्स लुक को शामिल किया गया है। श्रद्धा ने साड़ी के साथ स्लीवलेस स्वीटहार्ट नेकलाइन ब्लाउज को स्टाइल किया है। जहां उन्होंने मेकअप को मिनिमल रखा है, वहीं एक्सेसरीज को हैवी लुक दिया है। उन्होंने ऑक्सीडाइज्ड हैवी नेकपीस, बैंगल्स, मांगटीका व इयररिंग्स पहनकर अपने लुक को फाइनल टच दिया है।

आइवरी लहंगा लुक

व्हाइट के डिफरेंट शेड्स समर के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। श्रद्धा ने भी इस लुक में आइवरी कलर के लहंगे का ऑप्शन सलेक्ट किया है, जिस पर व्हाइट थ्रेड से खूबसूरत एंब्रायडरी की गई है। श्रद्धा ने लहंगे के ब्लाउज को डीप वी कट में स्टिच करवाया है। लाइट मेकअप, हैवी इयररिंग्स और पोनीटेल हेयरस्टाइल से श्रद्धा ने अपने लुक को कंप्लीट किया है। हालांकि, अगर आपको हैवी इयररिंग्स पहनने से कान में दर्द होता है, तो आप इस लुक में चोकर भी पहन सकती है।

डायबिटीज को मैनेज करने में मदद करते हैं यह घरेलू नुस्खे

मिताली जैन

आम के पत्तों के सेवन से भी मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसके सेवन के लिए आपको बस इतना करना है कि आम के कुछ ताजे पत्तों को एक गिलास पानी में उबाल लें और रात भर ठंडा होने के लिए छोड़ दें। अगली सुबह खाली पेट पानी पिएं।

आज के समय में घर-घर में मधुमेह की बीमारी ने अपनी पैठ बना ली है। यह एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या है, जिसमें व्यक्ति के ब्लड में शुगर लेवल हाई रहता है। रक्त में बहुत अधिक ग्लूकोज होने से व्यक्ति को कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं?। हालांकि, भोजन से प्राप्त होने वाला ग्लूकोज ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है, जो इंसुलिन नामक हार्मोन की मदद से कोशिकाओं में प्रवेश करता है और यह शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप में चलाने में मददगार है।

वहीं, जब कोई व्यक्ति मधुमेह से पीड़ित होता है तो शरीर ठीक तरह से इंसुलिन नहीं बनाता है और इस प्रकार ग्लूकोज शरीर की कोशिकाओं में प्रवेश करने में विफल रहता है और रक्त में रहता है। जिसके कारण ब्लड में शुगर की बढ़ी हुई मात्रा के कारण आंखों की क्षति, गुर्दे की क्षति, हृदय रोग आदि जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मधुमेह को नियंत्रित करने के कुछ आसान घरेलू उपायों के बारे में बता रहे हैं-

आम के पत्ते आएंगे काम

आम के पत्तों के सेवन से भी मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसके सेवन के लिए आपको बस इतना करना है कि आम के कुछ ताजे पत्तों को एक गिलास पानी में उबाल लें और रात भर ठंडा होने के लिए छोड़ दें। अगली सुबह खाली पेट पानी पिएं।

करेले का करें सेवन

करेला स्वाद में भले ही कड़वा हो, लेकिन यह मधुमेह रोगियों के लिए रामबाण की तरह काम करता है। दरअसल, इसमें चारैटिन और मोमोर्डिसिन नामक कंपाउंड पाए जाते हैं, जो व्यक्ति के ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करने में मददगार होते हैं। आप करेले का जूस हर दिन सुबह के समय पी सकते हैं।

आंवला से होगा फायदा

आंवला को विटामिन सी के सबसे समृद्ध स्रोतों में से एक माना जाता है। यह आपके पैनक्रियाज को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है ताकि आपके रक्त शर्करा का स्तर संतुलित रहे। आप आंवला के जूस से लेकर उसे अपने आहार में कई तरीकों से शामिल कर सकते हैं।

मेथी है लाभकारी

मेथी के छोटे-छोटे दाने बड़ी-बड़ी स्वास्थ्य समस्या को हल करने का माद्दा रखते हैं।

अगर मधुमेह के रोगी इनका नियमित सेवन करते हैं तो उन्हें इंसुलिन रेसिस्टेंस को कम करने में मदद मिलती है, जिससे रक्त शर्करा का स्तर कम होता है। आप ना केवल इसे सब्जी में इस्तेमाल कर सकते हैं। बल्कि रात को सोने से पहले मेथी के दानों को पानी में भिगो दें और अगली सुबह पानी व मेथी का सेवन करें।